सूर्योदय 7:09 सूर्यास्त 5:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.6 न्यू | 2.5 अधि |
| धर्मशाला | 18.0 न्यू | 5.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78041.59 |
| निफ्टी | 23587.50 |
| सोना 74,970 | चांदी 90,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 21 दिसंबर 2024 | 7 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 3, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



निशानेबाजी: मनु भाकर की ओलंपिक सफलता 2024 में निर्णायक लम्हा

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### सीएम नीतीश कुमार की तबीयत खराब



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत खराब हो गई है, इसकी वजह से उनके शुक्रवार के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि ठंड और बदलते मौसम के कारण मुख्यमंत्री को वायरल बुखार हुआ है, इसकी वजह से आज डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है।

### जिम्बाब्वे में 4.9 तीव्रता का भूकंप




**जिम्बाब्वे।** दुनियाभर में हर दिन भूकंप के कई मामले सामने आ रहे हैं। कहीं न कहीं रोज ही एक से ज्यादा भूकंप आ रहे हैं। शुक्रवार, 20 दिसंबर को आए भूकंपों में जिम्बाब्वे में आया भूकंप भी शामिल है, जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.9 रही। यह भूकंप करीबा से 22 किलोमीटर साउथर्न साउथईस्ट में आया।

### स्पीडबोट पलटने से आठ लोगों की मौत



**एथेंस।** प्रवासियों को ले जा रही एक स्पीडबोट शुक्रवार को सुबह पूर्वी द्वीप रोड्स के निकट पलट गई, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई और 18 को बचा लिया गया। यूनान के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तट रक्षक बल ने कहा कि यह घटना उस समय हुई जब स्पीडबोट गश्ती जहाज से बचने का प्रयास कर रही थी। इसने बताया कि इस घटना के कारण प्रवासी समुद्र में गिर गए। अधिकारियों ने बताया कि तट रक्षक जहाजों और एक हेलिकॉप्टर की मदद से बचाव अभियान जारी है।

### भोपाल के जंगल में कार में 52 किलो सोना और 10 करोड़ कैश बरामद



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयकर विभाग की कार्रवाई के बीच मंडोरी के जंगल से एक कार बरामद हुई है। इसमें 52 किलो सोना और 10 करोड़ रुपए नकदी बरामद हुई है। आयकर विभाग की कार्रवाई के बीच जंगल से कार बरामदगी के बाद शहर में हड़कंप मचा हुआ है। वीरवार-शुक्रवार की दरमियानी रात 30 गाड़ियों में पहुंची आयकर विभाग और पुलिस की टीम ने छापामारी की कार्रवाई की है। बरामद किए गए सोने का मालिक कौन हैं, इस बारे में अभी तक स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ पाई है।

अनंत ज्ञान
अनुभवी स्टाफ चाहिए
'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।
संपादकीय विभाग
उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।
मार्केटिंग विभाग
मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।
मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- पर्यटकों की सुविधा के लिए रिज़र्व्ड हॉलीडे स्पेशल ट्रेन शुरू — पेज 2
- बैजनाथ में 5 मेगावाट की निजी विद्युत परियोजना निर्माणाधीन — पेज 4
- ऊना ब्रांड के नाम से बिकेंगे जिले के खाद्य उत्पाद — पेज 10
- बर्फ के दीदार को कोकसर पहुंचे पर्यटक, बर्फ न होने से हुए निराश — पेज 11
- पाकिस्तानी मिसाइल प्रोग्राम हमारे लिए खतरा: अमेरिका — पेज 13

## हिमाचल विधानसभा में लैंड सीलिंग एक्ट संशोधन बिल पास

# राधा स्वामी सत्संग ब्यास को राहत, 30 एकड़ जमीन ट्रांसफर कर पाएगी संस्था

**विक्रम ढटवालिया, तपोवन (धर्मशाला)**

धर्मशाला के तपोवन में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन शुक्रवार को सुक्खू सरकार ने लैंड सीलिंग एक्ट में संशोधन कर छूट देकर राधा स्वामी सत्संग ब्यास ट्रस्ट को राहत प्रदान की है। भूमि हस्तांतरण के संबंध में संशोधन विधेयक पारित हो गया, इसमें धर्मार्थ कार्य करने वाली संस्थाओं को भूमि हस्तांतरण के लिए एक बार छूट देने का प्रावधान किया गया है। छूट का लाभ लेने के बाद धर्मार्थ कार्य न करने वाली संस्थाओं की जमीन सरकार को वापस होगी। एकमुश्त छूट सिर्फ 30 एकड़ भूमि तक ही मिलेगी। यह भी इस बिल में सुनिश्चित किया गया है।



लैंड सीलिंग एक्ट संशोधन बिल को लेकर अपनी बात रखते सीएम सुक्खू।

दरअसल, राधा स्वामी सत्संग ब्यास द्वारा भोटा में संचालित चैरिटेबल अस्पताल के मामले को लेकर यह बिल लाया गया था, जिस पर भाजपा सदस्यों का सदन में साइलेंट विरोध भी देखा गया और इस पर सत्ता पक्ष ने विपक्ष को घेरने में कोई कमी नहीं छोड़ी। भाजपा के सदस्य इस मामले को लेकर अपनी सफाई भी बार-बार देते रहे, लेकिन मुख्यमंत्री ने उन्हें इस पर जिस अंदाज में लपेटे में लिया, उससे इस मामले में विपक्ष की पोल भी खुल गई। बिल के पारित होने के दौरान मूकदर्शक बने रहे भाजपा विधायक दल ने मौखिक तौर पर संशोधन विधेयक का समर्थन नहीं किया। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा ने बिल का किया साइलेंट विरोध

**मुख्यमंत्री** ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इससे विपक्ष की दोमुंही बातें जगजाहिर हो गई हैं। भाजपा ने विधेयक का मौखिक समर्थन न कर इसका साइलेंट विरोध ही किया है, जो निंदनीय है। डेरा सत्संग ब्यास प्रदेश सहित पूरे देश में जनता की निस्वार्थ सेवा करता है, यह सराहनीय है। अब इस बिल के पारित हो जाने के बाद भोटा में चैरिटेबल हॉस्पिटल के मामले को लेकर कुछ समय पहले इसे बंद कर देने का जो माहौल तैयार हो गया था, उस पर पूर्ण रूप से विराम लग जाएगा। सरकार के आश्वासन के बाद ही अस्पताल प्रशासन ने फरमान जारी किया था। शिमला में इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री के साथ भी अस्पताल प्रशासन के प्रतिनिधियों की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई थी। इसमें फैसला लिया गया था कि धर्मशाला में शीतकालीन सत्र के दौरान बिल लाया जाएगा और इस चैरिटेबल अस्पताल के जमीन हस्तांतरण मामले को हल करवा लिया जाएगा।

## पांच लाख नौकरियों के मुद्दे पर विपक्ष का सदन के बाहर धरना

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**




सुक्खू सरकार के खिलाफ सदन के बाहर धरने पर बैठा विपक्ष।

हिमाचल प्रदेश में युवाओं को नौकरियां देने की मांग को लेकर भाजपा विधायक दल ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में तपोवन विधानसभा परिसर में सुक्खू सरकार के खिलाफ मार्च निकाला और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा विधायक दल ने इसके बाद विधानसभा के गेट संख्या-एक के सामने धरना दिया। विधानसभा सत्र के तीसरे दिन सदन के बाहर विपक्ष ने रोजगार, गेस्ट टीचर पॉलिसी, करुणामूलक आधार पर नौकरियां, पांच लाख नौकरियां का प्रबंध, निकाले गए आउटसोर्स कर्मियों को बहाल करने समेत अन्य मुद्दों को लेकर नारेबाजी की।

भाजपा विधायकों ने इस दौरान हाथ में पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। युवाओं को 5 लाख नौकरियां देने, गेस्ट टीचर पॉलिसी को वापस लेने, निकाले गए आउटसोर्स कर्मचारी को दोबारा नियुक्ति देने और करुणामूलक आधार पर नौकरियों का प्रबंध करने जैसी मांगों को लेकर भाजपा विधायकों ने हाथों में तख्तियां लेकर विरोध-प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने पर पहली कैबिनेट की बैठक में बेरोजगारों को नौकरियां देने का ऐलान किया था। कांग्रेस सरकार ने जहां 5 लाख नौकरियां देने का वादा किया था। उल्टा सरकार ने सत्ता में आते ही आउटसोर्स कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया। प्रदेश में खाली पड़े करीब डेढ़ लाख पदों को निरस्त कर दिया। ऐसा कर सरकार ने हिमाचल के बेरोजगार युवकों के साथ भद्दा मजाक किया है। इतना ही नहीं सरकार ने अब गेस्ट टीचर भर्ती करने का ऐलान कर भी युवाओं के साथ छल किया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि युवाओं की आवाज बनकर भाजपा ने अपना विरोध प्रदर्शन किया है। (अनंत ज्ञान)

## जीएसटी और एक्साइज विभाग की शक्तियां पुनर्गठित, विधेयक पारित

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को जीएसटी और एक्साइज विभाग की शक्तियां पुनर्गठित करने वाले तीन संशोधित विधेयक पारित हो गए है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने वीरवार को सदन में हिमाचल प्रदेश में यात्रियों और सामान पर कर लगाने का संशोधन विधेयक 2024, कराधान संशोधन विधेयक 2024 और मूल्य परिवर्धित कर संशोधन विधेयक 2024 पेश किया था। शुक्रवार को सदन में तीनों विधेयक पारित किए गए। इन विधेयकों के तहत जीएसटी और एक्साइज विभाग के अधिकारियों की शक्तियों का उल्लेख किया गया है। पहले जीएसटी और एक्साइज एक ही विभाग था। कुछ समय पूर्व सरकार ने इन्हें दो विंग में बांट दिया है। जीएसटी विंग जोन और सर्किल के तहत काम करेगा।

एक्साइज विभाग जिला, जोन और सर्किल के तहत काम करेगा। प्रदेश सरकार ने इन दोनों विंग की शक्तियां केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार ही आवंटित की हैं।

## अनुबंध कर्मियों को ज्वाइनिंग की तिथि से नहीं मिलेंगे वरिष्ठता व वित्तीय लाभ

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

सरकारी कर्मचारियों के अनुबंध सेवाकाल को पदोन्नति और वित्तीय लाभ देने के लिए रेगुलर के बराबर नहीं समझे जाने के विधेयक को पारित करने से पहले सदन में की गई चर्चा के बाद विपक्ष के विरोध के बीच हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी भर्ती एवं सेवा की शर्तें विधेयक ध्वनिमत से पारित हुईं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि 31 मार्च को ही दो वर्ष का अनुबंध कार्यकाल पूरा करने वाले नियमित होंगे।

### 31 मार्च को ही नियमित होंगे दो वर्ष वाले अनुबंधित कर्मचारी

इससे पहले चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि कर्मचारियों के भर्ती नियमों पर संशोधन लेकर आए हैं, जो भी 12 दिसंबर 2003 के बाद अनुबंध पर लगे हैं, उनके बारे में यह विधेयक लाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट तक में हारने के बाद इस विधेयक को लाया गया है। यह संशोधन पिछली तिथि से लागू हो रहा है। उनकी पदोन्नति का क्या होगा, अनुबंध कर्मचारी इससे परेशान होंगे।



सरकार अगर इसे अगली तिथि से लागू करने की बात करती है तो भी इस पर विचार किया जा सकता है। हालांकि, उस बारे में भी विपक्ष विचार रखेगा। इस तरह का संशोधन सही नहीं है, इसे वापस लिया जाए। भोजनावकाश के बाद विधेयक पर चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों की प्रदेश के विकास में अहम भूमिका होती है। इस तरह के संवेदनशील मुद्दों पर सरकार विचार करे। कोर्ट में पक्ष रखने में भी ऐसे मामलों में कोई देरी नहीं लगती है। संवैधानिक बैंच का निर्णय माना जाना चाहिए। चुनाव के दौरान वर्तमान सरकार के प्रतिनिधियों ने भी बहुत-सी घोषनाएं की थीं। इस संबंध में बाद की तिथि से ही व्यवस्था की जाए।

विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि अनुबंध कर्मचारी भी आयोग की ओर से ली गई परीक्षा के माध्यम से ही नियुक्त किए जाते हैं। यह कर्मचारी विरोधी निर्णय है।

## प्रधानमंत्री मोदी का कुवैत दौरा आज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21-22 दिसंबर को कुवैत दौरे पर जाएंगे। यहां पीएम मोदी का सेरेमोनियल स्वागत होगा। पीएम मोदी का यह दौरा भारतीय पीएम की ओर से 43 साल बाद हो रहा है।



कुवैत के क्राउन प्रिंस से सितंबर में पीएम की मुलाकात हुई थी। विदेश मंत्रालय में सचिव (सीपीवी और ओओआईए) अरुण कुमार चटर्जी ने इस दौरे को लेकर कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी कुवैत के अमीर, महामहिम शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर कुवैत की यात्रा करेंगे।

## लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

'एक देश-एक चुनाव' संबंधी विधेयक पेश किए जाने और कई विषयों को लेकर भारी हंगामे के साक्षी बने संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। कई मुद्दों पर गतिरोध के बावजूद कामकाज की उत्पादकता 57.87 प्रतिशत रही।



सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे आरंभ होने के बाद कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को संसद की संयुक्त समिति के विचार के लिए भेजे जाने का प्रस्ताव रखा। सदन ने ध्वनिमत से इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वीरवार को संसद परिसर में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच हुई कथित धक्का-मुक्की की घटना का हवाला देते हुए कहा कि संसद की मर्यादा और गरिमा सुनिश्चित करना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संसद के किसी भी द्वार और परिसर के भीतर धरना-प्रदर्शन नहीं करना है और यदि ऐसा होता है तो उचित कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद बिरला ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की धुन बजाने के लिए कहा। 'वंदे मातरम' की धुन के पश्चात उन्होंने सदन की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। सत्र के दौरान लोकसभा की 20 बैठकें हुईं, जो 62 घंटे तक चलीं और उत्पादकता 57.87 प्रतिशत रही।

### पांच सरकारी विधेयक पुन: किए स्थापित

**सत्र** के दौरान लोकसभा में पांच सरकारी विधेयक पुनः स्थापित किए गए और चार विधेयक पारित किए गए। शून्यकाल के दौरान अविलंबनीय लोक महत्व के 182 मामले और नियम 377 के अंतर्गत 397 मामले उठाए गए। कांग्रेस सांसदों, प्रियंका गांधी और रवींद्र चव्हाण ने इस सत्र के दौरान शपथ ली।

## एक देश, एक चुनाव के लिए 39 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति गठित

**नई दिल्ली।** देश में संसदीय और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयक पर विचार के लिए संसद ने शुक्रवार को 39 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति का गठन कर दिया, जिसकी अध्यक्षता की जिम्मेदारी पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा के सांसद पीपी चौधरी को मिल सकती है। इससे पहले, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने निचले सदन में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को संसद की संयुक्त समिति के विचार के लिए भेजे जाने का प्रस्ताव रखा था, जिसे ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई। इन विधेयकों पर विचार के लिए बनी संयुक्त समिति में लोकसभा से 27 सदस्यों को नामित किया गया है। इसके बाद, उच्च सदन में मेघवाल ने राज्यसभा के 12 सदस्यों को इस समिति में शामिल करने का प्रस्ताव रखा। समिति के 39 सदस्यों में भाजपा के 16, कांग्रेस के पांच, सपा, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक के दो-दो तथा शिवसेना, तेदेपा, जदयू, रालोद, लोजपा (रामविलास), जन सेना पार्टी, शिवसेना-यूबीटी, राकांपा-(सपा), माकपा, आप, बीजद और वाईएसआरसीपी के एक-एक सदस्य शामिल हैं।

## बजट सत्र में धनखड़ के खिलाफ फिर दे सकते हैं नोटिस : रमेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को कहा कि संसद के बजट सत्र में राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ 'अविश्वास प्रस्ताव' लाने के लिए नोटिस फिर से दिया जा सकता है तथा इस शीतकालीन सत्र में दिया गया वह नोटिस एक 'ट्रेलर' था जिसे उपसभापति हरिवंश ने खारिज किया।

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने वीरवार को विपक्ष का वह नोटिस खारिज कर दिया जिसमें पक्षपातपूर्ण तरीके से उच्च सदन के संचालन का आरोप लगाते हुए सभापति जगदीप धनखड़ को पद से हटाने की मांग की गई थी। इस विषय पर रमेश ने कहा, ''सभापति के खिलाफ हमारा अविश्वास प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया गया है। संविधान में इसकी सीमा नहीं लगाई गई कि कितनी बार अविश्वास प्रस्ताव ला सकते हैं, बजट सत्र में देखा जाएगा।''

## जयपुर : टैंकर में ब्लास्ट, 11 लोगों की मौत

**एजेंसी, जयपुर**




अजमेर रोड पर भांकरोटा इलाके में शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ है। गैस से भरे एक टैंकर को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इसके बाद टैंकर में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट के कारण अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। एक मरीज की मौत जयपुरिया अस्पताल में हुई है। हादसा इतना भयावह है कि मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

एसएमएस अस्पताल में सुबह से अब तक 45 से ज्यादा मरीजों को लाया जा चुका है। इनमें से 20 से ज्यादा मरीज 50 फीसदी से ज्यादा झुलसे हुए है, जिनकी हालत सीरियस है। इन गंभीर मरीजों के इलाज को लेकर डॉक्टर अलर्ट मोड पर काम कर रहे हैं। चिकित्सा मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक लगातार इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। घटना के बाद मौके पर कई गाड़ियां बुरी तरह जल गई हैं, उनमें बैठे लोगों को बाहर तक निकलने का मौका नहीं मिला। मौके पर गई रेस्क्यू टीम को इन वाहनों में हड्डियां दिख रही हैं। अब यह हड्डियां किन लोगों की हैं। इनके बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं है। मरने वालों का आंकड़ा ज्यादा है। गाड़ियों में जिस तरह से कंकाल मिल रहे है, ऐसे में मरने वालों की संख्या बढ़ेगी।

## छत्तीसगढ़ : नक्सलियों के आईईडी धमाके में दो जवान घायल

**एजेंसी, नारायणपुर**



छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शुक्रवार को नक्सलियों के 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) धमाके में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के दो जवान घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे कोहकामेटा थाना क्षेत्र के कच्चापाल गांव के पास उस वक्त हुई, जब डीआरजी और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एक संयुक्त टीम तलाश अभियान पर निकली। अभियान कच्चापाल पुलिस शिविर से शुरू किया गया। जब गश्ती दल कच्चापाल के पास एक वन क्षेत्र की घेराबंदी कर रहा था, तभी नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर दिया, जिससे डीआरजी के कांस्टेबल जनक पटेल और घासीराम मांझी घायल हो गए हैं।

## हरियाणा के पूर्व सीएम ओम प्रकाश चौटाला का निधन

**चंडीगढ़/गुरुग्राम।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के अध्यक्ष एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का शुक्रवार को गुरुग्राम में निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। पार्टी प्रवक्ता ने बताया कि पांच बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे और पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल के बेटे चौटाला को गुरुग्राम में उनके घर में दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्होंने मेदांता अस्पताल में दोपहर करीब 12 बजे अंतिम सांस ली। प्रधानमंत्री मोदी, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी सहित कई नेताओं ने चौटाला के निधन पर शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''चौटाला के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। प्रदेश की राजनीति में वह वर्षों तक सक्रिय रहे। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।''




## अव्यवस्था — सरकारी नियम और प्रक्रिया ही कार्रवाई को कर रही प्रभावित

# सहकारी सभाओं में वसूली को लेकर रास्ता नहीं आसान

**राजेश शर्मा, ऊना**

शायद सरकारें और विभाग ही नहीं चाहता कि सहकारी सभाओं की स्थिति में सुधार हो सके। खानापूर्ति नियमों और प्रावधानों के आगे व्यवस्था बौनी हो रही है। लाखों-करोड़ों डकार बैठे लोग मजे से सभाओं के प्रबंधन की मजबूरी पर खिल्ली उड़ा रहे हैं। सभाओं के प्रबंधक अब सभाओं की पूरी कमाई को उन पर लुटाएं या लंगड़ी व्यवस्था के सहारे कार्रवाई कराएं।

लोगों के पैसे से ग्रामीण स्तर पर सहकारी सभाएं चल रही हैं। कई सभाओं ने अच्छी-खासी संपत्ति भी बना ली है, लेकिन उस संपत्ति पर कुछ गिद्धों की नजर पड़ चुकी है। कई राजनीतिक पहुंच रखने वाले लोगों ने अपनी सुविधा के लिए सहकारी सभाओं में लोन लेने की सीमा बढ़ा ली। सुविधा के अनुसार लोन हासिल कर लिया। ऐसे लोगों ने चालाकी से अपने और रिश्तेदारों के नाम से करोड़ों ले लिए, लेकिन लौटने के नाम पर ठेंगा दिखाने लगे हैं। अगर सहकारी सभा प्रबंधन कार्रवाई करता है तो भी कई तकनीकी कारणों से जल्द समाधान की आस नहीं है। ऐसे कई सभाओं में चल रहा है। राजनीति प्रभाव के कारण वसूली के मामले लटकाए जा रहे हैं। करोड़ों की राशि लोगों की फंसी है। सहकारी सभा अगर माफ करती है तो अब तक कमाई हुई संपत्ति ऐसे गिद्धों में बांटने के सिवाय चारा नहीं है। सरकार महज सलाहकार की भूमिका में है और डिफॉल्टर लोगों की बढ़ती तादाद के कारण वोट बैंक देखकर ढुलमुल रवैया अपनाए हुए है। मजे उनके हैं, जिन्होंने दशकों पहले लोन लिया था और अब जिस भूमि के दम पर लोन उठाया है उस भूमि को खुर्द-बुर्द करने लगे हैं। उदाहरण के तौर पर दस साल पहले पांच लाख का लोन दो कनाल भूमि के आधार पर तीन साल अवधि के लिए लिया था। अब दस साल में लोन दोगुना से भी अधिक हो चुका है जो उस भूमि की कीमत से भी अधिक हो चुका है। ऐसे में कैसे वसूली संभव हो पाएगी। यह सभाओं लोगों के पैसे से चलती हैं और ऐसी स्थिति में उनका डूबना तय है।




देखने में आया है कि बहुचर्चित नंगल सलांगडी सहकारी सभा के जमाकर्ता अब एक नई समस्या से दो-चार हो रहे हैं। सरकारें बदल गईं, लेकिन व्यवस्था नहीं बदली। जमाकर्ताओं ने चार साल पहले भी अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया था और यह संघर्ष लगातार जारी है।

चार साल पहले गठित संघर्ष कमेटी अब प्रबंधक कमेटी बन चुकी है, जो संघर्ष कमेटी विभाग के विरुद्ध धरने दे रही थी, वह अब विभाग का सहयोग कर रही है। लेकिन 'हाय रे व्यवस्था'। अब एक अन्य विभाग जमाकर्ताओं के सब्र का इम्तिहान लेने पर अड़ा बैठा है। छह महीने से आर्बिट्रेशन केस के निर्णय के बावजूद रेवेन्यू विभाग इंतकाल दर्ज करने में आनाकानी कर रहा है।

सहकारी सभा के जमाकर्ता पवन ठाकुर, चरण दास, शारदा आदि के अनुसार वह लगभग दस बार तहसीलदार ऊना एवं तीन बार नायब तहसीलदार ऊना से मिल चुके हैं, लेकिन दोनों के टालमटोल भरे रवैये से इंतकाल लटक चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### पहले तहसीलदार ऊना ने इस संबंधित रखा इंतकाल

पहले तहसीलदार ऊना सुश्री शिखा राणा ने इस संबंधित इंतकाल रखा। सभी पक्षों के हाजिर होने के बाबजूद यह कहकर इसे खारिज कर दिया गया कि मुझे द्वितीय प्रभार के बारे में जानकारी नहीं है। फिर प्रबंधक कमेटी ने सहकारी सभा इस पुर के द्वितीय प्रभार बारे कागजात पेश किए। फिर तहसीलदार ऊना छुट्टी पर चले गए। और निर्देश दिया कि अब इंतकाल नायब तहसीलदार सतपाल जी करेंगे। उन्होंने तारीख तय की लेकिन फाइल पढ़ने के नाम पर फिर तारीख तय करने को कहा और वह भी छुट्टी चले गए। प्रबंधक कमेटी की अगुवाई में जमाकर्ता फिर तहसीलदार ऊना से मिले। लेकिन उन्होंने यह कहकर मना कर दिया कि यह इंतकाल नायब तहसीलदार ही करेंगे। नायब तहसीलदार की पंद्रह दिन की छुट्टी के बाद फिर सहकारी सभा का प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला लेकिन इंतकाल बारे कोई भी आश्वासन नहीं मिला। अब जमाकर्ता राजस्व विभाग के विरुद्ध धरने की योजना बना रहे हैं। और शीघ्र ही इसे अमलीजामा पहनाने पर विचार कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पीरन स्कूल ने मनाया वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह



**जुन्गा (शिमला)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीरन ने अपना वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह वीरवार को सादे एवं आकर्षक रूप से मनाया गया। एसएमसी अध्यक्ष नीरज ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिकरत की । उन्होंने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया और साथ ही छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। प्रधानाचार्य महेश शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के दौरान शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

### धामी कॉलेज में जाना सड़क सुरक्षा नियम



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में रोड सेफ्टी क्लब और एनएसएस यूनिट के तत्वावधान से व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों से अवगत करना रहा।

कार्यक्रम में पुलिस विभाग से डीएसपी अमित ठाकुर ने बतौर मुख्य वक्ता अपनी भूमिका निभाई। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार और रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. गौरव शर्मा ने मुख्यतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डीएसपी अमित ठाकुर ने अपने व्याख्यान में कहा कि अधिकतर दुर्घटनाएं चालक की अपनी गलती से होती है।

### सरस्वती नगर कॉलेज में एनएसएस शिविर का शुभारंभ



**दशमी रावत, जुब्बल।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय सरस्वती नगर में एनएसएस यूनिट 1 व 2 के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पवन कुमार व प्रो. प्रीति पांटा की अध्यक्षता में सात दिवसीय शिविर की शुरुआत की गई। यह शिविर 20 से 26 दिसंबर तक चलेगा। इस वर्ष इस शिविर की थीम है यूथ फॉर माय भारत और डिजिटल इंडिय'। इस शिविर के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्यातिथि एसडीएम जब्बल गुरमीत सिंह नेगी मौजूद रहे। प्रो. पवन कुमार कार्यक्रम अधिकारी यूनिट 1 ने अपने स्वागत भाषण से कार्यक्रम की शुरुआत की ।(अनंत ज्ञान)

### बच्चों को मोबाइल व नशे से दूर रहने की दी सलाह



**अनंत ज्ञान, सुन्नी ।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी में वार्षिक परितोषिक वितरण समरोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि अध्यक्षा स्कूल प्रबधन समिति रंजना शर्मा रही। इस कार्यक्रम मे स्कूल प्रबधन समिति की कार्यकारणी व अध्यापक भी मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपन रघुवंशी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी । प्रधानाचार्य ने बच्चों को मोबाइल व नशे से दूर रहने की सलाह दी। शैक्षणिक में कक्षा छटी में आरुषि प्रथम, कक्षा सातवीं में मृदुल शर्मा, कक्षा आठवीं में गीतिका, कक्षा नोवीं में पायल, कक्षा दसवीं में रुपेश शर्मा, 11वीं मे यशवंत, 12वीं में रवि कुमार प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया। खेल प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान रवि, कैलेश व इशांत को राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी मे चयन होने पर सम्मानित किया गया।

### बीसीए के विद्यार्थी व्यावसायिक भ्रमण पर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में (एचईआईएस) हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट सोसाइटी में बीसीए के विद्यार्थी वार्षिक शैक्षिक, औद्योगिक और व्यावसायिक भ्रमण पर रवाना हुए। विद्यार्थियों को भ्रमण पर जाने से पूर्व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि वे अनुशासित होकर अधिक से अधिक सीखने प्रयास करें। इस अवसर पर एचईआईएस के सचिव डॉ. सुरेश शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए अनेक अवसरों को सृजित करता है। उन्होंने कहा कि इस दल में 49 विद्यार्थी सीएस साफ्ट सॉल्यूशन मोहाली, पीसाफ्ट इन्फरमेटिक्स तथा सनफोकस साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड का दौरा करेंगे। इस शैक्षिक भ्रमण में विभाग के डॉ. अमर पाल सिंह, प्रो. प्रियंका तथा प्रो. रोहित कुमार विद्यार्थियों के साथ रहेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. बच्चन सिंह, विभाग के समन्वयक डॉ. सूर्य कांत धीमान विशेष रूप से उपस्थित थे।

### रजत पदक विजेता टीम का किया स्वागत



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** 68वीं बालिका वर्ग की स्कूल हैंडबॉल प्रतियोगिता गत दिन संपन्न हुई। यह प्रतियोगिता पंजाब के लुधियाना में संपन्न हुई, जिसमें हिमाचल की टीम ने रजत पदक हासिल किया। मोरसिंघी स्कूल में टीम की महिला खिलाड़ियों का पहुंचने प्रणाम भव्य स्वागत किया गया। मोरसिंघी स्कूल की प्रधानाचार्य अनीता कुमारी ने जानकारी देते हुई बताया कि मोरसिंघी स्कूल की बालिकाओं ने इससे पहले भी हैंडबॉल में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। उन्होंने इसका श्रेय हैंडबॉल कोच स्नेहलता को दिया है। मोरसिंघी स्कूल की छात्राएं हैंडबॉल खेल में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल कर स्कूल का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मोरसिंघी के बच्छड़ी गांव में स्नेहलता ने हैंडबॉल की अकेडमी खोली है, जिसमें बच्चे हैंडबॉल की बारीकियां सीखते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनीता कुमारी, स्नेहलता ठाकुर, संजीव कुमार, शिव राम, नीलम कुमारी, राकेश चौहान, पंकज कुमारी, राजेश कुमारी, वीणा देवी, तुलसी राम, प्रशांत, राकेश, श्वेता, कंगना कुमारी, राज कपूर, विजय, ज्ञान चंद, दिनेश, सरिता, श्यामा उपस्थित रहे।

### असिस्टेंट प्रो. तेज सिंह ने पीएचडी की सबमिट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर तेज सिंह ने अपनी पीएचडी सबमिट की है, जिससे कि विद्यार्थियों को और उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त होगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पी एस कटवाल ने बताया कि महाविद्यालय में कंप्यूटर साइंस कोर्स सेल्फ फाइनेंस के अंतर्गत सन 2006 से चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत बीसीए और पीजीडीसीए के लगभग 200 विद्यार्थी हर साल यहां शिक्षा ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि आज कंप्यूटर शिक्षा अति महत्वपूर्ण है और यहां पर हमारे पास कुशल शिक्षक है, जिससे कि विद्यार्थियों को बहुत अच्छी शिक्षा प्राप्त होती है। उन्होंने तेज सिंह को बधाइयां व शुभकामनाएं दीं।

# शिमला में बर्फबारी से निपटने के लिए क्यूआरटी रहेगी तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने शिमला शहर में बर्फबारी से निपटने के लिए गठित त्वरित प्रतिक्रिया दल के सदस्यों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने कहा कि दल के सदस्यों की तैनाती होम गॉर्ड की तीसरी बटालियन से की गई है।

यह दल शिमला शहर में बर्फबारी के दौरान आपदा से निपटने के लिए 28 फरवरी, 2024 तक तैनात रहेगा। उन्होंने दल के सदस्यों से बर्फ़बारी के दौरान किसी भी आपदा से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा ताकि आमजन को इस दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सदस्यों के साथ बर्फबारी से निपटने को लेकर विस्तृत चर्चा भी की।

उपायुक्त ने कहा कि आपदा से निपटने के लिए सभी प्रकार के औजारों की अत्यंत आवश्यकता रहती है। दल को जल्द ही सभी



अधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त।

**28 फरवरी तक शिमला शहर में मुस्तैद रहेगा दल**

औजार भी उपलब्ध किए जाएंगे। बता दे कि हाल ही में जिला शिमला में बर्फबारी से निपटने के लिए आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि शिमला शहर में बर्फ़बारी से निपटने लिए एक त्वरित प्रक्रिया दल का गठन किया जाए। जिसके फलस्वरूप त्वरित प्रतिक्रिया दल का गठन किया गया। दल के सभी सदस्यों ने आज उपायुक्त से भेंट की।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा भी उपस्थित रहे।

## स्कूल की सड़क छुट्टियां समाप्त होने से पहले होंगी पक्की

**उपायुक्त** शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग के विद्यालय प्रबंधन समिति की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग से स्कूल तक की सड़क को पक्का करने के लिए पैसों का प्रावधान किया जा चुका है तथा सड़क को स्कूल की छुट्टियां समाप्त होने से पहले पक्का किया जाएगा ताकि स्कूल में आने वाले अभिभावकों एवं अन्य लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्कूल के शैक्षणिक ब्लॉक में आरओ लगाया जाएगा ।

## मेहली में घर को लगी आग



**शिमला।** शिमला के उपनगर मेहली में एक मकान में भयंकर भड़क गई। इस मकान में एक साउंड कंपनी का स्टोर था, जिसमें आग लगने से वहां रखा साउंड सिस्टम से जुड़ा समान जलकर राख हो गया है, इसके अलावा इमारत के एक अन्य फ्लोर में बने जिम के समान व मकान को भी काफी नुकसान हुआ है। स्थानीय व्यक्ति दीपक ने बताया कि आग लगने की घटना करीब 12 बजे हुई है।

उन्होंने बताया यहां पर बेल्डिंग का काम चल रहा था और शुरुआती जानकारी में यही कहा जा रहा है कि बेल्डिंग मशीन से निकली चिंगारी से मकान में आग भड़की है । उन्होंने बताया कि इस बिल्डिंग के टॉप फ्लोर में न्यू लाइट एंड साउंड का स्टोर था और एक हिस्से में जिम थी। इस घटना में न्यू लाइट एंड साउंड का समान जलकर राख हो गया है। जिम के समान को भी नुकसान पहुंचा है।

## कर्मचारी नियुक्ति बिल के विरोध में प्राध्यापकों ने लगाए काले बिल्ले



काले बिल्ले लगाकर रोष जताते हुए प्राध्यापक।

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ ( एचजीसीटीए) के आह्वान पर राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी की स्थानीय यूनिट ने हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा लाए गए 'हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी नियुक्ति तथा सेवा शर्तें बिल 2024' के विरोध में काले बिल्ले लगाकर और गेट मीटिंग कर कर विरोध जताया। इकाई के अध्यक्ष डॉ. अजय क्वाथ ने बताया कि प्रदेश सरकार ने कर्मचारी विरोधी बिल इस वर्ग के साथ घोर अन्याय किया है। ईकाई के सचिव डॉ. अमृत मेहता एवं कोषाध्यक्ष इंदर नेगी ने कहा कि यदि यह बिल वापस नहीं लिया गया तो कॉलेज प्राध्यापक संघ प्रदेश के अन्य कर्मचारी संगठनों से मिलकर संघर्ष का रास्ता अपने अपनाने को मजबूर होगा ।

## 2.31 क्विंटल गली-सड़ी फल सब्जियां जब्त

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग चौपाल द्वारा नेरवा बाजार में फल और सब्जी की दुकानों का औचक निरिक्षण कर नेरवा थाना से लेकर डुंडी मंदिर तक कुल चौदह दुकानों से दो क्विंटल 31 किलो सड़े गले फल एवं सब्जियां जब्त की गई।

फूड इंस्पेक्टर आतिश ठाकुर ने दुकानदारों को चेतावनी जारी कर साफ-सुथरे एवं ताजे फल सब्जियां ग्राहकों को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। निरिक्षण के दौरान उन्हों ने दुकानदारों की मूल्य सूचियों की भी जांच की।

जब्त किए गए फल एवं सब्जियों का बाजार मूल्य बारह हजार अस्सी रुपए आंका गया है। दोषी दुकानदारों के चालान काट कर आगामी कार्रवाई हेतु उप मंडलाधिकारी चौपाल को प्रेषित कर दिए गए है।

# स्मार्ट क्लासरूम जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे स्कूल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए केंद्र सरकार ने पीएम श्री स्कूल योजना लांच की है।

हिमाचल में इस योजना के तहत 180 स्कूलों का चयन किया गया है। कार्यान्वयन करने में पीएम श्री स्कूल प्रमुखों की भी अहम जिम्मेदारी रहेगी। तीन दिवसीय यह कार्यशाला हिपा, शिमला में शुरू हो गई है। इस कार्यशाला में, शिमला, सोलन सिरमौर और किन्नौर जिलों के पीएम श्री स्कूलों के प्रमुखों के अलावा जिला परियोजना अधिकारी व जिला नोडल ऑफिसर भी भाग ले रहे है। तीन दिवसीय इस कार्यशाला का शुभारंभ हिपा के प्रशिक्षण प्रभारी संदीप शर्मा ने किया। इस अवसर पर डीपीओ शिमला डॉ. अनीता शर्मा ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर अपने विचार व्यक्त किए। पीएम श्री के स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ. सुरेश ठाकुर ने पीएम श्री स्कूल व इसके महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और आखिरी सत्र में प्रिंसिपल डाइट शिमला जयदेव नेगी बतौर रिसोर्स पर्सन रहे मौजूद रहे। जयदेव नेगी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा पर विस्तार से बताया।

हिमाचल में एक साथ 180 स्कूलों का चयन पीएम श्री स्कूलों के लिए किया गया है। इन स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं के साथ साथ स्मार्ट क्लासरूम, साइंस लैब, लाइब्रेरी, खेल मैदान जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

## विद्युत बोर्ड में फील्ड एवं तकनीकी कर्मचारियों की कमी

**दशमी रावत, रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण कपटा ने कहा कि विद्युत बोर्ड में फील्ड एवं तकनीकी कर्मचारियों की भारी कमी चल रही है। परिणामस्वरूप मानसिक दबाव के चलते कर्मचारी आए दिन घातक/अघातक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

उन्होंने प्रबंधन से मांग की है कि फील्ड एवं तकनीकी कर्मचारियों की आज तक जितनी रिक्तियां हैं उसके अनुसार भर्ती प्रक्रिया अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत बोर्ड के सेवानिवृत कर्मचारियों को लगभग आठ माह से सेवानिवृत्ति लाभ जैसे कि ग्रेच्युटी और लीव एन कैशमेंट से महरूम रखा गया है जिसे जल्द से जल्द जारी किया जाए।

# पर्यटकों की सुविधा के लिए रिर्ज्वड हॉलीडे स्पेशल ट्रेन शुरू

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पर्यटकों को अब हिमाचल की राजधानी शिमला घूमने आने और वापस जाने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। शुक्रवार को शिमला को कालका से जोड़ने वाले वर्ल्ड हैरिटेज रेवले ट्रैक पर शुक्रवार से रिर्ज्वड हॉलीडे स्पेशल ट्रेन शुरू हो गई है।

रेलवे बोर्ड ने न्यू-ईयर पर शिमला आने वाले पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए इसे शुरू किया है, ताकि पर्यटकों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े। रेलवे प्रबंधन के मुताबिक ट्रेन नंबर 52443 सुबह 8:05 बजे कालका से शिमला को रवाना होगी, जो दोपहर 1.35 बजे शिमला पहुंचेगी। शिमला से रिर्ज्वड हॉलीडे



स्पेशल शाम 4.50 बजे वापस कालका को चलेगी और कालका में यह रात 9.45 बजे पहुंचेगी।

यह ट्रेन धर्मपुर, बड़ोग, सोलन, कंडाघाट, समरहिल स्टॉपेज पर रुकेगी। ध्यान रहे कि ट्रेन के जनरल डिब्बे में किराया 75 रुपए प्रति यात्री तय किया गया है, जबकि फर्स्ट क्लास एग्जीक्यूटिव विस्ताडम का किराया 945 रुपए और फर्स्ट क्लास चेयर का किराया 790 रुपए किराया निर्धारित किया गया है।

## नुक्कड़ नाटक से लोगों को बताईं सरकारी योजनाएं

**शिमला।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग, शिवरंजनी कला मंच के कलाकारों द्वारा ग्रात पंचायत पराला के सैंज व मौरी स्वर साधना कला मंच के कलाकारों द्वारा ढली व चमयाना, पूजा कला मंच शगीन के कलाकारों द्वारा ओखरू व हलोग हिम आधार कला मंच के कलाकारों द्वारा चलावग व सौल, जयदेव कूर्गण सामाजिक एंव सांस्कृतिक कला मंच के कलाकारों द्वारा मण्ढोडघाट व जूणी, सूरधानी केंद्र के कलाकारों द्वारा टूटु व बडैहरी, दि विगिनर्ज के कलाकारों द्वारा घणाहट्टी व 16मील, त्रिमुर्ति रंग मंच के कलाकारों द्वारा आनंदपुर और जलेल में लोगों को नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत के माध्यम से जागरूक किया गया। कलाकारों ने नशे के दुष्प्रभावों और इससे बचाव के बारे में भी जानकारी दी।

### हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी भर्ती तथा सेवा शर्तें बिल-2024 का किया विरोध

# प्राध्यापकों ने काले बिल्ले लगाकर जताया रोष

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ (एचजीसीटीए) के आह्वान पर राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के लोकल यूनिट ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा लाए गए हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी भर्ती तथा सेवा शर्तें बिल-2024 के विरोध में काले बिल्ले लगाकर और गेट मीटिंग कर कर विरोध जताया।

अनुबंध आधार पर नियुक्त कॉलेज प्राध्यापकों ने 2009 से लंबी लड़ाई लड़कर उच्च न्यायालय शिमला से न्याय प्राप्त किया। न्यायालय ने अपने फैसले में कर्मचारियों को वरिष्ठता सहित सभी लाभ प्रथम नियुक्ति से देने के फैसले दिए। कुछ प्राध्यापकों को यह लाभ मिल भी चुके हैं, परंतु अधिकतर प्राध्यापकों को अभी यह लाभ नहीं मिले। प्रदेश सरकार इसी बीच एक कर्मचारी विरोधी बिल जिसको 12 दिसंबर, 2003 से लागू माना जाएगा को लेकर आ गई, ताकि कर्मचारियों को अनुबंध कल को मिलाकर यह लाभ नियुक्ति तिथि से न देने पड़े और माननीय न्यायालय के फैसले को दरकिनार किया जा सके। जब प्रदेश सरकार ने पुरानी पेंशन स्कीम लागू की थी तो कॉलेज प्राध्यापक संघ ने इसका स्वागत किया था और लगा था कि यह सरकार कर्मचारियों के हितों को सुरक्षित रखेगी। लेकिन उसके बाद प्रदेश सरकार एक से एक बढ़कर एक कर्मचारी विरोधी फैसले कर्मचारी विरोधी बिल, स्टडी लीव पर जाने वाले प्रवक्ताओं को केवल 40 प्रतिशत वेतन तथा पीरियड आधार पर गेस्ट फैकेल्टी रखना आदि फैसले शिक्षक विरोधी हैं। अतः हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ (एचजीसीटीए) इस बिल को वापस लेने की मांग करता है। यदि यह बिल वापस नहीं लिया गया तो कॉलेज प्राध्यापक संघ प्रदेश के अन्य कर्मचारी संगठनों से मिलकर संघर्ष का रास्ता अपनाने को मजबूर होगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस गेट मीटिंग में एचजीसीटीए इकाई के प्रधान डॉ. नित्तम चंदेल ,सचिव प्रो. शक्ति सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. प्रीतम लाल, प्रो. बचन सिंह, पूर्व इकाई प्रधान डॉ .सुरेश शर्मा, प्रो. विक्रम कपिल, प्रो. अनिल जम्वाल, प्रो. विनोद शर्मा, प्रो. अवनीश कुमार, डॉ. अतुल गुप्ता, डॉ. पुष्पेंद्र ठाकुर, प्रो. विवेक कुमार, डॉ.जीवेश नड्डा, प्रो. ज्योत्सना, प्रोफ. हंसा, प्रोफ. पूनमा, डॉ.अंजू, प्रो. पूजा प्रो. ललित. प्रो. अनिल, प्रो. राकेश शर्मा, प्रो. राकेश कुमार, प्रो. अरुण और प्रो. प्रवीण आदि उपस्थित थे।

# पति-पत्नी 336 ग्राम चरस 70 हजार कैश संग गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं थाना पुलिस ने गस्त के दौरान नागराओं गांव के पास से पति-पत्नी को गिरफ्तार किया और उनके पास से 336 ग्राम चरस और नकदी बरामद की है। पुलिस ने कुल्लू निवासी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वीरवार देर शाम को पुलिस टीम ने बदाघाट से बड़डू सड़क पर गांव नागराओं के पास नाकाबंदी की हुई थी।



इस दौरान बदाघाट से बड़डू की तरफ से पैदल आ रहे पुरुष और महिला को पुलिस टीम ने रोका और पुरुष के बैग की तलाशी ली गई तो उनके बैग से 336 ग्राम चरस और 70 हजार रुपए की नकदी बरामद हुई। पुलिस टीम ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान 47 वर्षीय शेष राम और उनकी पत्नी निवासी गांव घोगरी डाकघर जौन तहसिल निरमंड जिला कुल्लू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों से पूछताछ करके तस्करी से जुड़े और लोगों का पता लगाया जाएगा।

वहीं, मामले की पुष्टि डीएसपी घुमारवीं चंद्र पाल सिंह बताया कि घुमारवीं पुलिस ने एक महिला और पुरुष से नाकेबंदी के दौरान 336 ग्राम चरस और 70 हजार रुपए की नकदी बरामद की है। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## घुमारवीं में 28 दिसंबर को होगा कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि यशस्वी ग्रुप द्वारा क्रॉम्पटन ग्रीव्स इलेक्ट्रिकल लिमिटेड बद्दी, मोरपेन लैबोरेट्रीज बद्दी, ग्राइंडवेल नॉर्टन बरोटीवाला तथा एम टी ऑटोक्राफ्ट बरोटीवाला के लिए डिप्लोमा इंजीनियर तथा आईटीआई ट्रेनीज के 100 पदों हेतु 28 दिसंबर को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं में 11 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। इसमें न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी ट्रेड में आई टी आई अथवा डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल या मैकेनिकल इंजीनियरिंग। 18 से 25 आयु वर्ग के पुरुष व महिला उम्मीदवार पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि मासिक मानदेय आईटीआई पास के लिए 14 हजार 5 सौ रुपए से लेकर 16 हजार रुपए तथा डिप्लोमा इंजीनियरिंग के लिए 15 हजार रुपए से लेकर 17 हजार रुपए होगा। उन्होंने कहा है कि इच्छुक योग्य उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 28 दिसंबर को उपरोजगार कार्यालय, घुमारवीं में पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

## सोशल मीडिया पर मिल रही जान से मारने की धमकी : बंबर ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने कहा कि उन्हें एक बार फिर से जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इंस्टग्राम के माध्यम से उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है। इसको लेकर उन्होंने बिलासपुर पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई है और इस मामले पर जांच की मांग उठाई है। शुक्रवार को बिलासपुर नगर के सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करते हुए बंबर ने



कहा कि विधानसभा में सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने उनके ऊपर संपत्ति का आरोप लगाया है, उनको वह सार्वजनिक करें। अगर त्रिलोक जम्वाल उनको सार्वजनिक नहीं करते हैं तो इससे साफ है कि वह हमेशा हवा में बातें करते आए हैं। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में अधिकतर पहाड़ियां अडानी ने खाली कर रखी है, क्योंकि बिलासपुर में एसीसी बरमाणा फैक्टरी अडानी द्वारा संचालित की जा रही है तो इससे साफ है कि पहाड़ियां कांग्रेस द्वारा साफ की जा रही है या फिर बीजेपी के चाहिते अडानी द्वारा। बंबर ठाकुर ने आरोप लगाया है कि उनके ऊपर विधायक त्रिलोक जम्वाल द्वारा हमला करवाया गया है और अब जो उनको धमकियां मिल रही हैं, वे भी इसी के आदमी हैं।

## वरिष्ठ नागरिक सभा की स्थायी समिति का कल होगा गठन

**बिलासपुर।** बिलासपुर के वरिष्ठ नागरिक सभागार समीप नगर परिषद में वरिष्ठ नागरिक सभा की स्थायी समिति का गठन होगा। इस संदर्भ में 22 दिसंबर को विशेष बैठक का आयोजन होगा। इसमें हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। वरिष्ठ नागरिक सभा के महासचिव मस्तराम वर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा को ध्यान में रखने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय समिति का अस्थायी रूप से गठन किया गया था। अब इसे स्थायी स्वरूप प्रदान करने के लिए यह बैठक बुलाई गई है।

**कार्यक्रम** राहण शिक्षा निकेतन स्कूल झंडूता में धूमधाम से मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

# रस्म सिंह चंदेल ने नवाजे स्कूल के मेधावी बच्चे

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के डिग्री कॉलेज के पास स्थित राहण शिक्षा निकेतन झंडूता में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य रूपलाल शर्मा ने की, वहीं कार्यक्रम में रस्म सिंह चंदेल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस दौरान मुख्यातिथि रस्म सिंह चंदेल ने स्कूल के मेधावी बच्चों को सम्मानित भी किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अग्निशमन विभाग के उप मण्डलीय







अधिकारी झंडूता राजेश कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाचार्य रूप लाल शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और योगा की प्रस्तुति ने खूब वाहवाही लूटी। बच्चों ने एक से बढकर एक बेहतर कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इससे पहले स्कूल पहुंचने पर मुख्य अतिथि का स्कूल स्टाफ सदस्यों की ओर से स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक स्कूल पहुंचे। कार्यक्रम में सागर दत्त शर्मा, विनित सिंह, कैप्टन रामकृष्ण ठाकुर, सूबेदार समशेर सिंह लगभग 200 लोग मौजूद रहे।

## खतरनाक साबित हो सकती है शीतलहर

**बिलासपुर।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आबिद हुसैन सादिक ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग शिमला द्वारा जिला बिलासपुर में भीषण शीत लहर का ओरेंज अलर्ट 18 से 23 दिसंबर तक जारी किया गया है। जिले में लगातार घटते तापमान को देखते हुए आगामी दिनों में ठंडी हवाएं एवं घना कोहरे का असर देखा जा सकता है। उन्होंने जिला के सभी नागरिकों और पर्यटकों से कहा है कि अपनी सेहत के प्रति सतर्क रहें। शीतलहर और धुंध खतरनाक साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसके प्रभाव को कम करने तथा रोकथाम के लिए सावधानियां बरतें।

# क्रिप्टो करंसी घोटाले के 12 व एनडीपीएस के अंतर्गत 3779 मामले दर्ज : मुख्यमंत्री

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खु ने सदन में कहा कि प्रदेश में गत दो वर्षों में क्रिप्टोकरंसी घोटाले के 12 मामले व एनडीपीएस के अंतर्गत 3779 मामले दर्ज किए गए है। इन मामलों में क्रिप्टोकरंसी घोटाले में 78 आरोपियों व एनडीपीएस के अंतर्गत 5717 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है।

मुख्यमंत्री शाहपुर से कांग्रेस विधायक केवल सिंह पठानिया द्वारा पूछे गए प्रश्न की गत दो वर्षों में दिनांक 30.11.2024 तक क्रिप्टोकरंसी घोटाले व एनडीपीएस के अन्तर्गत नशे के कितने मामले दर्ज हुए तथा उनमें संलिप्त कितने आरोपी गिरफ्तार हुए।

इन आरोपियों में कितने हिमाचली व कितने गैर–हिमाचली हैं तथा उनके विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई, और इन मामलों में कुल कितनी संपत्ति सीज की गई है के उत्तर में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि क्रिप्टोकरंसी घोटाले में गिरफ्तार किए गए 78 आरोपियों में से 74 हिमाचली व 4 गैर हिमाचली हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से 73 के विरुद्ध चालान तैयार करके माननीय न्यायालय में भेजे गए हैं जो कि न्यायालय में विचाराधीन हैं। (अनंत ज्ञान)



## स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए प्रयासरत सरकार

स्थगित प्रश्न संख्या तारांकित 1776 द्वारा दीप राज (करसोग) और सतपाल सिंह सत्ती (ऊना) द्वारा पूछे गए प्रश्न कि इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल (आईजीएमसी) शिमला में वर्तमान में कौन-कौन से टैस्ट निःशुल्क हैं तथा कौन-कौन से शुल्क आधार पर किए जा रहे है। पूर्व सरकार द्वारा जिन टैस्टों की निःशुल्क सुविधा शुरू की गई थी, उनमें से कितने टैस्टों की अब राशि चुकानी पड़ रही है। गत दस माह में इस हेतु कितनी मशीनें एवं उपकरण स्थापित किए गए हैं। कौन-कौन सी मशीनें कार्यशील हैं व कितनी मशीनें कब से खराब हैं। इस संस्थान में बीते दस महीनों में कितने ऐसे मरीजों की मृत्यु के मामले सामने आए हैं, जिनमें चिकित्सकों की लापरवाही हेतु तीमारदारों द्वारा विरोध प्रदर्शन और मामले दर्ज किए गए हैं, पर सीएम सुक्खू ने कहा कि आईजीएमसी में वर्तमान में 133 टैस्टों तथा इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के सहयोगी चिकित्सालय कमला नेहरु राज्य मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में जननी सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत 42 टैस्टों की सुविधा मरीजों को निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं जिनकी सूची अनुबन्ध-क पर संलग्न है। उन्होंने कहा इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल शिमला में पूर्व सरकार द्वारा 56 टैस्टों की सुविधा निःशुल्क शुरु की गई थी तथा वर्तमान सरकार द्वारा इन सभी 56 टैस्टों के साथ कुल 175 टैस्टों की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। चिकित्सकों की लापरवाही हेतु तीमारदारों द्वारा विरोध प्रदर्शन और मामला दर्ज हुआ है। उन्होंने कहा इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल शिमला में विशेषज्ञ चिकित्सको का ब्यौरा अनुबन्ध-घ पर है। रिक्त पदों को भर्ती एवं प्रोन्नती नियमों के अनुसार भरने हेतु विभाग निरन्तर प्रयासरत है। इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय सहित अन्य प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में बाह्यरोगी विभागों के बाहर रोगियों तथा उनके तीमारदारों को बैठने की उचित व्यवस्था उपलब्ध है जिसे आवश्यकतानुसार एवं स्थान की उपलब्धता के आधार पर विस्तारित किया जाता है। सरकार द्वारा इस सदर्भ में गत दस माह में इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल शिमला में कुल 14 मशीनें व उपकरण स्थापित किए गए हैं तथा सभी मशीने क्रियाशील है। उन्होंने कहा इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के सहयोगी चिकित्सालय कमला नेहरु राज्य मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में बीते दस महीने में एक मृत्यु का मामला सामने आया हैं जिस पर कारवाई की गई है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 81,928 आवास मंजूर

**ग्रामीण** विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि गत दो वर्षों 2023-24 व 2024-25 में दिनांक 30-11-2024 तक प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत कुल 81,928 आवासों की पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। उक्त आवासों के निर्माण हेतु मु.122892.00 लाख रुपए (केन्द्र और राज्य हिस्सेदारी) की धनराशी स्वीकृत की गई है तथा इन आवासों के निर्माण हेतु मु. 56723.38 लाख रुपए व्यय किए जा चुके हैं।



योजना के अन्तर्गत आवंटित / स्वीकृत हुए आवासों का ब्यौरा वर्षवार व जिलावार अनुबन्ध-क पर दिया गया है। उन्होंने कहा कांगड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत वित्त वर्ष 2023-24 व 2024-25 में दिनांक 30-11-2024 तक कुल 1,352 आवास ऑनलाइन सर्वे अनुसार प्रस्तावित थे, जिसमें से 904 आवास स्वीकृत किए जा चुके है।

अनिरुद्ध ने नाचन के भाजपा विधायक विनोद कुमार, जीत राम कटवाल व विधायक पवन काजल द्वारा पुछे गए प्रश्न पर उत्तर दिया।

### विधायक चंद्रशेखर के प्रश्न पर डिप्टी सीएम अग्निहोत्री का जवाब

# धर्मपुर डिपो में मानकों के अनुसार 238 पदों की आवश्यकता

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने सदन में कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम के धर्मपुर डिपो मे मानक के अनुसार 238 पदों की आवश्यकता हैं जबकि वर्तमान में केवल 174 पद ही भरे गए हैं तथा 64 पद रिक्त है। अग्निहोत्री धर्मपुर के कांग्रेस विधायक चंद्रशेखर द्वारा पूछे गए प्रश्न कि क्या यह सत्य है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम के धर्मपुर बस डिपो में कर्मचारियों व बसों की कमी है।


यदि हां, तो इस डिपो में कर्मचारियों व बसों की कमी को कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा। इस बस डिपो में कितनी बसें अपनी तय समय–सीमा व तय किए गए किलोमीटरों को पूर्ण कर चुकी हैं तथा जीरो बुक वैल्यू रखती हैं। सरकार इन बसों की एवज में कब तक इस डिपो में नई बसों को उपलब्ध करवाने का विचार रखती है पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा रिक्त पदों को चरणबद्ध तरीके से भरा जा रहा है। वर्तमान में धर्मपुर डिपो में 51 बसें है तथा 5 बसें स्वीकृत बेड़े से कम है। हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा 327 इलैक्ट्रिक बसों, 100 मिनी/मिडी 25 सीटर बसों व 250 साधारण बसें खरीदी जा रही है। इन बसों के प्राप्त होने पर धर्मपुर डिपो को नई बसें प्रदान करना संभव है। उन्होंने कहा धर्मपुर डिपों में 36 बसें अपनी तय समय सीमा व तय किलोमीटरों को पूर्ण कर चुकी हैं जिसमे से 13 बसें जीरो बुक वैल्यू व 23 बसें 9 वर्ष पुरानी 12 वर्तमान में हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा 327 इलैक्ट्रिक बसों, 100 मिनी/मिडी 25 सीटर बसों व 250 साधारण बसों की खरीद की जा रही है।



## मुख्यमंत्री सुक्खू ने राहुल गांधी पर दर्ज एफआईआर को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर दर्ज एफआईआर को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह राजनीतिक द्वेष से उठाया गया कदम है। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वह स्वयं एवं पूरी कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी की देश के प्रति निष्ठा एवं समर्पण व प्रतिबद्धता पर बल देते हुए कहा कि उन्होंने निःस्वार्थ भावना से कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों को देशभर में पुर्नस्थापित करने के साथ–साथ भाईचारे की भावना को बढ़ावा दिया जा सके।



### मुकेश अग्निहोत्री बोले– विपक्ष की आवाज को दबा रही केंद्र सरकार

**संसद** में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जाने से रोकने और कांग्रेस अध्यक्ष समेत अन्य नेताओं के साथ हुई धक्का-मुक्की पर अग्निहोत्री ने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा राहुल गांधी को संसद में जाने से रोकना न केवल लोकतंत्र का अपमान है, बल्कि यह दिखाता है कि केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है।

## शीतकालीन सत्र की झलकियां



शीतकालीन सत्र के लिए तपोवन विधानसभा सचिवालय पहुंचने पर गॉर्ड ऑफ ऑनर की सलामी लेते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

## चौटाला के निधन पर शोक व्यक्त किया

**धर्मशाला।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। चौटाला ने 89 वर्ष की आयु में आज गुरूग्राम स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। मुकेश अग्निहोत्री ने ओम प्रकाश चौटाला के निधन को भारतीय राजनीति के लिए क्षति बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की राजनीति के मजबूत स्तंभ होने के साथ-साथ हरियाणा के विकास में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। मुकेश अग्निहोत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## गगरेट में स्थापित होंगे दो विद्युत सबस्टेशन

**सन्नी पुरी, गगरेट।** विधानसभा क्षेत्र गगरेट में कम वोल्टेज समस्या से जूझ रहे विद्युत उपभोक्त ाओं को इस समस्या से शीघ्र निजात मिलेगी। विधानसभा क्षेत्र गगरेट के लोहारली व मुबारिकपुर में राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड 33 केवी विद्युत सब स्टेशन स्थापित करेगा। तपोवन में चल रहे विधानसभा के शीत कालीन सत्र में यह जानकारी विधायक राकेश कालिया द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में दी गई है। इन विद्युत सब स्टेशनों के निर्माण पर 1339.44 लाख रुपए का बजट खर्च होगा और इनका निर्माण कार्य मार्च 2026 तक पूरा कर लेने का लक्ष्य रखा गया है।



## अग्निशमन केंद्र खोलने का मुद्दा भी गूंजा

**विधायक** राकेश कालिया ने विधानसभा के शीत कालीन सत्र में गगरेट क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र खोलने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में हर साल गगरेट क्षेत्र में करोड़ों रुपए की संपत्ति स्वाहा हो रही है। बावजूद इसके अभी तक इस विधानसभा क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र नहीं खुल पाया है। उन्होंने विधानसभा में प्रश्न पूछा कि क्या प्रदेश सरकार की गगरेट क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र खोलने की कोई योजना है। विधायक राकेश कालिया के विधानसभा में यह सवाल पूछने के बाद गगरेट में अग्निशमन केंद्र खुलने की संभावना प्रबल हुई है। (अनंत ज्ञान)

# विधानसभा में लोकसभा की तर्ज पर शुरू हुआ शून्यकाल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

लोकसभा की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा में भी शून्यकाल शुरू हो गया है। शुक्रवार को सत्र के तीसरे दिन तपोवन विधानसभा में शून्यकाल के पहले दिन सात विधायकों ने जनहित से जुड़े मामले उठाए। शून्यकाल की समय अवधि आधे घंटे की रहेगी।

सदन की कार्यवाही शुरू होने से एक घंटा पहले विधानसभा सचिवालय को इसके तहत प्रस्ताव देने होंगे। हर विधायक को बोलने के लिए दो से तीन मिनट का अधिकतम समय दिया जाएगा। अधिक सवाल आने पर मामले की प्राथमिकता के आधार पर शून्यकाल में सवाल शामिल किए जाएंगे।

बीते एक साल के दौरान सदन में उठाए गए मामलों को शून्यकाल में नहीं उठाया जा सकेगा। सवालों की सार्थकता को जांचने के बाद ही विधानसभा सचिवालय शून्यकाल के लिए सवाल चयनित करेगा। शून्यकाल के दौरान उठाए जाने वालों मामलों को आगामी कार्यवाही के लिए संबंधित मंत्रियों और केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

संबंधित कैबिनेट मंत्री शून्यकाल में भी अपना पक्ष रख सकेंगे। उधर, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, नेता विपक्ष जयराम ठाकुर सहित मंत्रियों जगत सिंह नेगी और डॉ. धनीराम शांडिल ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को शून्य काल शुरू करने पर बधाई दी।

सभी ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने भी यह प्रयास किए, लेकिन कुलदीप सिंह पठानिया को इसमें सफलता मिली है।

बता दें कि हिमाचल विधानसभा में दो दिन तक स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा से गतिरोध बनने के चलते 18 दिसंबर से शून्य काल की शुरूआत नहीं हो सकी थी।

# जोरावर स्टेडियम में पैरा कर्मचारियों का प्रदर्शन

## सत्ता में आने से पहले किए गए वादों का वीडियो चलाकर करवाया याद







जोरावर स्टेडियम में मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते पैरा कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

जोरावर स्टेडियम में चंबा और प्रदेश के अन्य इलाकों से बड़ी संख्या में पहुंचे पैरा कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से सत्ता में आने से पहले किए गए वायदों को याद दिलाने के लिए वीडियो भी दिखाए। पैरा कर्मचारियों ने कहा कि उनकी मुख्य मांगें मासिक वेतन वृद्धि और नियमितीकरण हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा मासिक मानदेय इतना कम है कि गुजारा करना मुश्किल हो गया है। इसके बावजूद हमसे नियमित घंटों से ज्यादा काम लिया जाता है।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने आपदा जैसी स्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर काम किया, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। पैरा कर्मचारियों ने शिकायत की कि उन्होंने कई बार उपमुख्यमंत्री से मिलने की कोशिश की, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया।'पैरा कर्मचारियों ने कहा कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे अपना प्रदर्शन और तेज करेंगे।

उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा, 'जो भी नुकसान होगा, उसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी हमारा शोषण हो रहा है, और अब हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे इस प्रदर्शन के कारण सरकार पर दबाव बढ़ गया है अब यह देखना बाकी है कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पैरा कर्मचारियों की मांगों पर क्या प्रतिक्रि या देते हैं प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे अपनी लड़ाई को और तेज करने के लिए तैयार हैं।'



सदन की कार्यवाही आरंभ होने से पूर्व ससंदीय कार्य मंत्री हर्ष वर्धन चौहान, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरु द्व सिंह, विधानसभा सदस्य भुवनेश्वर गौड़, चंद्रशेखर, विवेक शर्मा, नीरज नैय्यर, अजय सोलंकी, मलेंद्र राजन तथा हरदीप सिंह बावा विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट करते हुए।



शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन की कार्यवाही का संचालन करने के लिए तपोवन विधानसभा सचिवालय पहुंचने पर उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया तथा अन्य विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते हुए।

**शीतकालीन सत्र**

### हमारी संसदीय प्रणाली संघीय ढांचे पर आधारित : कुलदीप पठानिया

# विधानसभा अध्यक्ष ने छात्रों को समझाई विधानसभा की कार्यप्रणाली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने तपोवन, धर्मशाला विधानसभा में चल रहे शीतकालीन सत्र की तीसरे दिन की कार्यवाही देखने आए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खरगट, टूण्डी तथा गरनोटा के छात्र–छात्राओं को विधान सभा की कार्यप्रणाली, क्रिया–क्लापों तथा राष्ट्रीय ई–विधान ऐप्लिकेशन (नेवा) की जानकारी दी।



छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि हमारी ससंदीय प्रणाली संघीय ढांचे पर आधारित है जहां केंद्र में राज्य सभा उपरी सदन, वहीं लोकसभा निम्न सदन है। उन्होंने कहा कि वैसे ही बड़े राज्यों में विधान परिषद उपरी तथा विधान सभा निम्न सदन है। छोटे राज्यों में केवल विधान सभा की ही व्यवस्था है। पठानिया ने कहा कि कानून बनाने का जिम्मा लोकसभा तथा विधान सभा के पास है। विधान पालिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका लोकतंत्र के मजबूत स्तम्भ हैं, वहीं मिडिया भी लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है।

इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने छात्र–छात्राओं से कुछ प्रश्न भी पूछे जिनके इन विद्यार्थियों ने बड़ी विनम्रता से जवाब दिए। विधान सभा अध्यक्ष ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र के लिए अच्छा सबब है कि बच्चे, विद्यार्थी तथा युवा सदन की कार्यवाही देखने में रूचि ले रहे है। पठानिया ने कहा कि उनका मकसद विधानसभा की कार्यवाही को समाज के अंतिम आदमी तक पहुंचाना है ताकि वह भी यह जान सकें कि उनके द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि उनके लिए क्या कर रहे हैं। पठानिया ने इस अवसर पर सभी छात्र– छात्राओं को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## तपोवन में गूंजा जिला परिषद कैडर कर्मचारियों का मुद्दा

**धर्मशाला :** तपोवन में चल रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में जिला परिषद कैडर कर्मचारियों का मुद्दा भी गूंजा है। विधायक राकेश कालिया ने जिला परिषद कैडर कर्मचारियों के जायज हकों पर विधानसभा में उनका पक्ष रखा है।

उन्होंने विधानसभा में प्रश्न पूछते हुए प्रदेश सरकार से यह जानने का प्रयास किया कि क्या प्रदेश सरकार जिला परिषद कैडर कर्मचारियों को छठे वेतन आयोग का लाभ प्रदान करेगी? क्या इस लाभ से वंचित रहे इन कर्मचारियों को यह लाभ मिलेगा?

यही नहीं बल्कि उन्होंने यह भी जानना चाहा कि क्या प्रदेश सरकार पंचायती राज संस्थाओं में कार्यरत जिला परिषद कैडर कर्मचारियों को पंचायती राज विभाग या ग्रामीण विकास विभाग में मर्ज करेगी?

# अतीत : विधानसभा भवन में लगती थी भूतों की कचहरी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश की दूसरी राजधानी धर्मशाला के तपोवन स्थित विधानसभा भवन के आसपास के क्षेत्र में शीतकालीन सत्र को लेकर रौनक का माहौल है। वहीं एक वो भी दौर था जब इस भवन में रात को भूतों की कचहरी लगती थी।

रात को भूतों की ऐसी दहशत कि नाइट ड्यूटी वाले कर्मचारी डरे से रहते थे। कहते हैं कि भूत परिसर में इधर से उधर घूमते रहते और भवन के दरवाजे–खिड़कियों के खटखटाने की आवाजें रात भर सुनाई देती थीं। स्थानीय लोग भी यहां भूत प्रेत का साया होने की बात कहते थे।

शीतकालीन सत्र के लिए सरकार और विपक्ष धर्मशाला पहुंचने वाला था और इस बीच विधानसभा में भूत होने की खबरें सुर्खियां बटोर चुकी हैं।

कर्मचारियों ने यह बात अधिकारियों को सुनाई। अधिकारियों से होती हुई बात तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष के पास पहुंची। परिसर में भूत भगाने के लिए शांति हवन किया।

उसके बाद फिर कभी इस परिसर में भूत होने की बात सामने नहीं आई। बताए चलें कि ये बात उस वक्त की है जब प्रदेश में प्रेम कुमार धूमल के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार सत्ता में थी और भरमौर के तत्कालीन विधायक दिवंगत तुलसी राम विधानसभा अध्यक्ष थे।

जब से विधानसभा भवन में शांति हवन किया गया है, उसके बाद से फिर कभी इस परिसर में भूत नहीं देखे गए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### खैरा स्कूल में जांचा बच्चों का स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा में 4 दिवसीय राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 16 से लेकर 19 दिसंबर तक स्कूल के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस बीच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवारना से डॉक्टर्स की टीम ने बच्चों का स्वास्थ्य जांचा। इस टीम में डॉ. आशा, उनके साथ अंकुर परमार और दीपिका शामिल थीं। उन्होंने बच्चों के दांतों की जांच, आंखों की जांच व एचबी टेस्ट किया। इसके साथ ही बच्चों को संतुलित आहार लेने के फायदे बताए व किशोरावस्था में अपने स्वास्थ्य का ध्यान कैसे रखें के बारे में बच्चों को बताया। इस दौरान खैरा स्कूल के प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवारना से आए डॉक्टर्स व उनकी पूरी टीम का धन्यवाद किया।

### आंगनबाड़ी केंद्र गरली में लगाया जागरूकता शिविर




**अनंत ज्ञान, गरली।** आंगनबाड़ी केंद्र गरली में वीएचएसएनसी की बैठक शुक्रवार को उपप्रधान सुशांत मोदगिल की अध्यक्षता में हुई। इसमें सचिव शशिलता सहित अन्य तमाम सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। शशिलता ने अपने लोगों को टीबी से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि सरकार 2025 में टीबी मुक्त हिमाचल करवाने के लिए हर पंचायत में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कैंप लगवा रही है, जिसमें एक डिजिटल एक्स-रे मशीन के द्वारा टेस्ट किए जाएंगे। अगर कोई सस्पेक्ट केस निकल आता है तो उसका नाट टेस्ट द्वारा बलगम टेस्ट लैब में करवाया जाएगा। इस बैठक में स्कूल अध्यापक अनुराधा, महिला मंडल प्रधान कमलेश कुमारी गर्भवती महिलाएं रीना देवी, धात्री महिला श्रुति शर्मा, सीमा राणा, सेल्फ हेल्प ग्रुप प्रधान मीना देवी,जल शक्ति विभाग से कर्मचारी रसपाल आंगनबाड़ी वर्कर अमराज कौर, सविता कुमारी, सरला देवी, रेणु, मुकेश कुमारी भी मौजूद रहीं।

### ढलियारा कॉलेज में करियर कार्यशाला आयोजित



**अनंत ज्ञान, देहरा।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में करियर परामर्श और मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभाग द्वारा आईसीआईसीआई बैंक के तत्वावधान में एक दिवसीय करियर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का समन्वय महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एवं प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. गुलशन धीमान ने किया। इस अवसर पर आईसीआईसीआई बैंक की तरफ से प्रबंधक पवन, मार्केटिंग प्रबंधक दीपक तथा लखनपाल ने छात्रों तथा शिक्षकों को इन्वेस्टमेंट तथा म्युचल फंड में करियर संभावनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई। उन्होंने छात्रों को बीमा क्षेत्र में भी रोजगार के अनुकूल अवसरों के बारे में गहन जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. सुशील भारद्वाज ने छात्रों से मार्केटिंग और म्यूचुअल फंड के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया तथा छात्रों को परंपरागत रोजगार क्षेत्र से हट कर इन क्षेत्रों में कैरियर बनाने को कहा।

# बैजनाथ में 5 मेगावाट की निजी विद्युत परियोजना निर्माणाधीन

## विधानसभा में विधायक किशोरी लाल के सवाल पर मंत्री ने दिया जवाब

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल नियम 67 के तहत विधानसभा से जानकारी हासिल की कि बैजनाथ के कुल कितने प्रोजेक्ट निर्माण अधीन हैं और कितने बेरोजगारों को रोजगार दिया गया है। इसके जवाब में संबंधित मंत्री ने जवाब दिया कि बैजनाथ में 5 मेगावाट क्षमता की एक निजी जल विद्युत परियोजना निर्माणाधीन है, जिसमें कुल 46 लोगों को रोजगार दिया गया है। इसी के साथ किशोरी लाल के अन्य प्रश्न संख्या 2280 के तहत पूछा गया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक और माध्यमिक कुल कितने विद्यालय बंद या फिर मर्ज किए गए हैं, इसके जवाब में मंत्री ने जवाब दिया कि प्रदेश में कुल 1094 विद्यालय मर्ज या फिर बंद किए गए हैं जिनमें जिला बिलासपुर के 48, चंबा के 67, हमीरपुर के 52, कांगड़ा के 184, किन्नौर के 42, कल्लू के 51, लाहौल+स्पीति के 79, मंडी के 194, शिमला के 276, सिरमौर के 45, सोलन के 36 और ऊना जिले के 20 शिक्षण संस्थान शामिल हैं। हालांकि बंद या मर्ज किए गए स्कूलों के भवनों और भूमि का स्वामित्व और कब्जा शिक्षा के विभाग के पास ही रहेगा। संबंधित मंत्री ने यह भी कहा कि प्राथमिक विद्यालयों के बंद पड़े भवनों की



देखरेख संबंधित प्राथमिक विद्यालय के केंद्रीय मुख्य शिक्षक और माध्यमिक विद्यालयों के भवनों की देखरेख संबंधित कंपलेक्स स्कूल के प्रधानाचार्य करते रहेंगे। हालांकि विशिष्ट परिस्थितियों में अभी तक कुल 352 और प्रयुक्त स्कूल भवनों को पंचायती राज या फिर अन्य विभागों को उपयोग हेतु दिया गया है।

अन्य प्रश्न में किशोरी लाल ने जानना चाहा कि विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ के तहत उतराला होली मार्ग का काम अति शीघ्र मुकम्मल होगा। इसके जवाब में संबंधित मंत्री ने कहा कि उतराला से लेकर होली तक सड़क निर्माण की डीपीआर नाबार्ड से मंजूर हो चुकी है तथा जीरो मोड़ से 13 किलोमीटर तक सड़क निर्माण के लिए 14 करोड़ की धनराशि कर की जा रही है जबकि दूसरे चरण में 13 से 19 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा इसके लिए भी 983 लाख रुपए की धनराशि खर्च की जानी है जबकि तीसरे चरण में जालासू तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। बड़ा भंगाल तक के सड़क निर्माण के लिए 28 करोड़ के टेंडर हो चुके हैं तथा चैना पास तक सड़क बन चुकी है आगे का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। सड़क मार्ग निर्माण में पांच-पांच करोड़ के दो पुल बनाए जाने प्रस्तावित हैं। (अनंत ज्ञान)

## बधाई संदेश



मैं अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र एवं टीवी चैनल की पूरी टीम को आपकी पहली वर्षगांठ के अवसर पर हार्दिक बधाई देती हूं। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि पत्रकारिता के क्षेत्र में आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत समर्पण और जुनून का प्रमाण है। समय पर सटीक और व्यावहारिक समाचार प्रदान करने के आपके निरंतर प्रयासों ने जन जागरूकता को आकार देने और महत्वपूर्ण मुद्दों को सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन मामलों को उजागर करके आपने न केवल समुदाय को सूचित किया है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि उन्हें प्रशासन और सरकार दोनों से आवश्यक ध्यान मिले। लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका अमूल्य है और आपकी ईमानदारी और सच्चाई के प्रति प्रतिबद्धता आपको इन लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में एक प्रमुख खिलाड़ी बनाती है। सामाजिक चिंताओं को संबोधित करने और लोगों की आवाज को बुलंद करने के लिए आपका अटूट समर्पण वास्तव में सराहनीय है। जैसा कि अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और टीवी चैनल इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर का जश्न मना रहा है, मैं आप और आपकी टीम के भविष्य के सभी प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना करती हूं। आपका असाधारण कार्य समुदाय की सेवा करना और सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करना जारी रखता है। एक बार फिर इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई। मैं समाज के लिए आपकी अनुकरणीय सेवा के कई और वर्षों के साक्षी बनने की आशा करती हूं। सधन्यवाद।

**वंदना योगी**
**प्रदेश अध्यक्ष**
**भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा (हि.प्र.)**

## समय पर जमा करवाएं बिजली के बिल

**डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिसंबर के बिजली के बिलों का भुगतान बिजली के बिलों पर दर्शाई गई तिथि या इससे पहले कर दें अन्यथा आपके बिजली के कनेक्शन दर्शाई गई तिथि के बाद बिना किसी पूर्व सूचना के अस्थायी तौर पर काट दिए जाएंगे। इस बारे में अलग से नोटिस नहीं दिया जाएगा। वहीं, जिन उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी करवाने को रह गई है, वे उपभोक्ता अपना बिजली का नया या पुराना बिल और आधार कार्ड लेकर 25 दिसंबर से पहले विद्युत उपमंडल ढलियारा में ई-केवाईसी करवाएं, जो कि अनिवार्य है। ई-केवाईसी न कराने पर बिजली बिलों में मिलने वाली सब्सिडी से वंचित रहना पड़ सकता है।

# दिल्ली से आई टीम ने किया कांगड़ा हवाई अड्डे के रनवे का निरीक्षण

## निरीक्षण टीम ने निर्धारित मापदंड के अनुसार पाया एयरपोर्ट का रनवे

**अनंत ज्ञान गगल**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के क्षेत्रीय मुख्यालय उत्तरी क्षेत्र नई दिल्ली से आई तकनीकी विभाग की तीन सदस्यीय टीम ने कांगड़ा हवाई अड्डे के रनवे की फ्रिक्सन टेस्ट की। जानकारी देते हुए एयरपोर्ट के वरिष्ठ प्रबंधक शैलेश कुमार सिंह ने बताया के इस जांच में कांगड़ा हवाई अड्डे का रनवे निर्धारित मापदंड के बीच पाया गया।

क्षेत्रीय मुख्यालय उत्तरी क्षेत्र से आयी टीम कांगड़ा हवाई अड्डे के तकनीकी विभाग के प्रभारी वाल्मीकि बांगर की देखरेख में इस जांच को अंजाम दिया। इस अवसर पर कांगड़ा हवाई अड्डे के कार्वाहक



दिल्ली से आए हुए अधिकारी व कांगड़ा एयरपोर्ट के अधिकारी संयुक्त चित्र में।

निर्देशक अमित सकलानी ने बताया कि हर साल रनवे का फ्रिक्शन टेस्ट एक विशेष मशीन द्वारा की जाता है।

यह फ्रिक्शन टेस्ट रनवे की सतह की हवाई जहाज की ऑपरेशन हेतु गुणवत्ता की जांच करता है। इस अवसर पर दिल्ली से आए अधिकारी सुभाष चंद्र वरिष्ठ अधीक्षक तकनीकी, रामनिवास अधीक्षक तकनीकी और अधीक्षक तकनीकी नरेश कुमार मौजूद रहे।

### भवारना में पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता कल : ध्रुव

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राज्य स्तरीय एक दिवसीय पावरलिफ्टिंग क्लासिक एवं बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन 22 दिसंबर को महर्षि दयानंद सामुदायिक भवन भवारना में होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता का



शुभारंभ रविवार सुबह 10 बजे खैरा बाजार के जाने-माने सोने के व्यापारी अजय कुमार के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में लगभग पूरे प्रदेश से 150 के करीब प्रतिभागी अपने शारीरिक और मानसिक कौशल का प्रदर्शन करेंगे। सभी खिलाड़ियों से अनुरोध है कि 22 दिसंबर रविवार सुबह 7 से लेकर 10 बजे तक बॉडी वेट की प्रक्रिया चलेगी। उसके तुरंत बाद प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। इस दौरान प्रतियोगिता का समापन समारोह इंटक के महासचिव संजय सिंह सैनी के द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी भवारना से हिमाचल प्रदेश स्ट्रैंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष ध्रुव चौधरी ने दी।

## डर रहे पत्रकार, न जाने कब हो जाए एफआईआर : चक्षु

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

पहली बार जनता का विधानसभा परिसर से दूरी बनाना यह दिखाता है कि अब जनता भी सुक्खू सरकार से उम्मीदें छोड़ चुकी है। यह तंज हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया सहप्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के झूठ बोलने और गलत फैसलों की बजह से कांग्रेस सरकार की लोकप्रियता का ग्राफ इतना नीचे गिर चुका है कि लोग उनसे मिलने के बजाए दूरी बना रहे हैं। तपोवन में अब नजर आ रहे हैं तो वे मात्र सुरक्षा कर्मी व सरकारी कर्मचारी ही हैं। जनता कहीं भी दिखाई नहीं दे रही है। यही नहीं पत्रकार भी खबरें लिखने से डर रहे हैं कि न जाने कब सरकार उनपर एफआईआर दर्ज कर दें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को समझ जाना चाहिए कि उनकी लोकप्रियता उनकी झूठी गारंटियों की बजह से धड़ाम हुई है और अब तो लोग इसका बदला लेना चाहते



हैं। चक्षु ने कहा कि पूर्व सरकार में जब जयराम ठाकुर मुख्यमंत्री थे तो देर रात तक जनता दरबार लगता था और जब समाधान होते थे तो दूसरे दिन ज्यादा लोग और कर्मचारी पहुंचते थे। अब तो हालत ऐसी है कि सरकार उल्टे कर्मचारियों के खिलाफ फैसले विधानसभा में ले रही है। अब कर्मचारी संगठनों ने ही इनसे दूरियां बना ली है जिससे साफ़ जाहिर है कि सरकार की लोकप्रियता रसातल में चली गई है और प्रदेश के मुख्यमंत्री की छवि पर बट्टा लगा है।

## प्राध्यापक संघ हिमाचल सरकारी कर्मचारी भर्ती और सेवा शर्तें विधेयक के खिलाफ

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ के आह्वान पर राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के लोकल यूनिट ने भी आज हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा लाए गए हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी नियुक्ति तथा सेवा शर्तें बिल-2024 के विरोध में काले बिल्ले लगाकर और गेट मीटिंग कर कर विरोध जताया।

अनुबंध आधार पर नियुक्त कॉलेज प्रवक्ताओं ने 2009 से लंबी लड़ाई लड़कर माननीय उच्च न्यायालय शिमला से न्याय प्राप्त किया द्य माननीय न्यायालय ने अपने फैसले में कर्मचारियों को वरिष्ठता सहित सभी लाभ प्रथम नियुक्ति से देने के फैसले दिए। कुछ प्रवक्ताओं को यह लाभ मिल भी चुके हैं परंतु अधिकतर प्रवक्ताओं को अभी यह लाभ नहीं मिले। प्रदेश सरकार इसी बीच एक कर्मचारी विरोधी बिल जिसको 12 दिसंबर 2003 से लागू माना जाएगा को लेकर आ गई ताकि कर्मचारियों को अनुबंध कॉल को मिलाकर यह लाभ नियुक्ति तिथि से न देने पड़े और न्यायालय के फैसले को दरकिनार किया जा सके। प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ बिल को वापस लेने की मांग करता है।

## बैजनाथ कॉलेज में करियर काउंसिलिंग पर सेमिनार



बैजनाथ। पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में करियर गाइडेंस और प्लेसमेंट सेल द्वारा एक दिवसीय करियर काउंसिलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल ने की। पहला सत्र कैप्टन चेत राम, पर्वतारोहण विभाग, श्री साई यूनिवर्सिटी द्वारा लिया गया। उन्होंने माउंटेनियरिंग के शॉर्ट और लॉन्ग कोर्स, करियर संभावनाओं और इसके लिए आवश्यक कौशल पर विस्तार से जानकारी दी। दूसरे सत्र में, डॉ. अतुल सोनी, रसायन विज्ञान विभाग, ने 'हर रोज की जिंदगी में विज्ञान की आवश्यकता' पर व्याख्यान दिया। तीसरे और अंतिम सत्र में, अदित्य राणा, इंजीनियरिंग विभाग, और शौकत अली, फार्मेसी विभाग, ने छात्रों को तकनीकी और फार्मेसी क्षेत्र में करियर निर्माण की संभावनाओं और योजनाओं पर मार्गदर्शन दिया।

## जमानाबाद स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जमानाबाद के प्रांगण में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता स्थानीय पाठशाला की प्रधानाचार्य एकता गौतम ने की। सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य ओम प्रकाश चौधरी मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया, पूरे




साल में जितनी भी पाठ्य सहगामी क्रियाएं हुईं, उनका विवरण कार्यक्रम में रखा गया बच्चों को हर क्षेत्र में भाग लेने के लिए पारितोषिक भी दिए गए। मुख्यातिथि ने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने नशे से दूर रहने के लिए एक लघु नाटिका का प्रदर्शन भी किया। बच्चों के अभिभावकों तथा आए हुए सभी मेहमानों को जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल रहने वाले बच्चों को पारितोषिक वितरित किए गए।

## हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी भर्ती और सेवा शर्तें विधेयक का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

राजकीय महाविद्यालय तकीपुर की स्थानीय एचजीसीटीए इकाई द्वारा शुक्रवार को कॉलेज के सामने दोपहर करीब 1 बजे एक गेट मीटिंग आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी भर्ती और सेवा शर्तें विधेयक- 2024 का विरोध करने के लिए प्रस्ताव पारित करना था, जिसे 12 दिसंबर, 2003 से पूर्वव्यापी रूप से लागू करने की योजना बनाई गई है।

इसमें इस विधेयक की तीव्र आलोचना की गई, इसे



असंवैधानिक, अवमाननापूर्ण और कर्मचारी विरोधी करार दिया गया। बैठक में इस बात पर चिंता व्यक्त की गई कि यह विधेयक उन अनुबंध आधारित कर्मचारियों की सेवाओं को नजरअंदाज करता है, जिन्हें हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा भर्ती किया गया था।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने इस विधेयक के विरोध में एकजुटता व्यक्त की और कर्मचारियों के अधिकारों और गरिमा की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## नैहरनपुखर बाजार में सार्वजनिक शौचालय न होने से लोग परेशान

**शुभम शर्मा, देहरा**

नैहरनपुखर बाजार में सुविधाओं का अभाव होने से लोग परेशान हैं। बाजार में 800 से ज्यादा दुकानदार अपनी दुकानदारी सजाकर बैठे हैं, लेकिन इतने बड़े बाजार में एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं होना तमाम सरकारी दावों की पोल खोल रहा है। दुकानदारों का कहना है कि यहां पर कोई सार्वजनिक शौचालय नहीं बना है।

इससे यहां के दुकानदारों को शौच आदि के लिए घर की दौड़ लगानी पड़ती है। ऐसे में यदि दुकान पर दो लोग होते हैं तो एक को दुकान पर बैठाकर चले जाते हैं। यदि दुकान

**दुकानदारों ने सरकार से की सार्वजनिक शौचालय बनाने की मांग**

पर अकेले हों तो दुकान बंद करनी पड़ती है, जिससे कारोबार पर भी प्रभाव पड़ता है।

दुनाकादारों का कहना है कि बाजार में खरीददारी के लिए महिलाएं काफी संख्या में आती हैं, लेकिन बाजार में महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालयों का अभाव है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि बाजार में मोबाइल टॉयलेट व पेयजल की सुविधा होनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## नाबालिगों को चलाने को न दें वाहन : पवन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

थाना प्रभारी फतेहपुर पवन गुप्ता ने पुलिस थाना फतेहपुर में थाना की टीम के साथ बैठक करने के उपरांत मीडिया के माध्यम से वाहन मालिकों से अपील की है कि वे नाबालिगों को वाहन चलाने को न दें, अन्यथा 25 हजार रुपए जुर्माना भरना पड़ सकता है। इस बारे में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी फतेहपुर ने कहा कि जब से फतेहपुर की सड़कों की स्थिति सुधरी है, तब से खासकर दोपहिया वाहन चालक तेज रफ्तारी के चलते दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर यातायात नियमों का पालन करवाने के लिए फतेहपुर पुलिस



**थाना प्रभारी फतेहपुर ने लोगों से की अपील**

**कहा, नाबालिग वाहन चलाते पकड़ा गया तो होगा 25 हजार रुपए जुर्माना**

निरंतर चेकिंग अभियान चलाए हुए है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से बिना हेलमेट वाहन न चलाने की अपील करते हुए अभिभावकों व वाहन मालिकों से भी अपील की है कि वे भी नाबालिगों को वाहन चलाने की अनुमति न दें अन्यथा पकड़े जाने पर कम से कम 25 हजार रुपए जुर्माना लगेगा। इसके अतिरिक्त एक्सीडेंट होने की सूरत में वाहन मालिक के खिलाफ कार्रवाई भी होगी।

### बिजली चोरी करने पर वसूला 48 हजार रुपए जुर्माना

**बैजनाथ।** विद्युत उपमंडल बैजनाथ के अंतर्गत सभी बिजली उपभोक्ताओं के मीटर व लोड को चेक किया जा रहा है। बिजली के मीटर के औपचारिक निरीक्षण के दौरान बिजली चोरी करते हुए हरेड गांव का उपभोक्ता पकड़ा गया है, जिससे मौके पर ही 48072 रुपए वसूले गए। विद्युत मंडल की निरीक्षण टीम में अंधिशाशी अभियंता ई. मनोज कुमार मिन्हास, सहायक अभियंता ई. दान सिंह वर्मा, जूनियर इंजिनियर ई. संजय भट्ट व फोरमेन हेम राज उपस्थित रहे।

### डाडासीबा पुलिस ने लापता व्यक्ति को किया पिता के हवाले

**डाडासीबा।** विक्रमजीत सिंह पुत्र हंसराज निवासी जंबल मई, 2024 से अपने घर से लापता चल रहा था। इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस चौकी डाडासीबा में सितंबर महीने में दर्ज हुई थी। डाडासीबा पुलिस चौकी प्रभारी रवि दत्त शर्मा ने बताया कि विक्रमजीत की तलाश कर उसे शुक्रवार को उसके पिता के हवाले कर दिया गया है।

**महादान** व्यापार मंडल डाडासीबा ने सिविल अस्पताल डाडासीबा में लगाया 5वां रक्तदान शिविर

# दो महिलाओं सहित 85 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

व्यापार मंडल डाडासीबा के सौजन्य से शुक्रवार 20 दिसंबर को 5वां रक्तदान शिविर स्थानीय नागरिक अस्पताल में आयोजित किया गया। डाडासीबा व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा की अध्यक्षता में आयोजित हुए रक्तादान के महाकुंभ में मेडिकल कॉलेज टांडा से आए डॉ. विकास नायर की टीम ने अपनी सराहनीय भूमिका निभाई। शिविर में ब्लड डोनेट करने पहुंचे स्थानीय दुकानदारों के अलावा क्षेत्रभर के लोगों ने खूब बढ़-चढ़कर भाग लिया। व्यापार मंडल डाडासीबा के इस नेक कार्य को देखते हुए उपमडंल भर के लोग भूरि-भूरि प्रसंशा करते नजर आए। व्यापार मंडल प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा ने बताया कि इस




सिविल अस्पताल डाडासीबा में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

रक्तदान शिविर में करीब 85 यूनिट ब्लड जमा किया गया है, शिविर में डाडासीबा पुलिस चौकी प्रभारी रवि दत्त शर्मा ने अपनी टीम सहित ब्लड डोनेट किया। वहीं, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सभी को मोमेंट देकर सम्मानित किया।

इस रक्तदान शिविर में दो महिलाओं पूजा शर्मा, बिज्मा ने भी ब्लड डोनेट किया।

इस दौरान व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा आदि पदाधिकारियों ने रक्तादान दानवीरों का तहेदिल से धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा दिया गया ब्लड डोनेट किसी को नई जिंदगी दे सकता है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन हर साल किया जा रहा है। इस मौके पर पंडित अक्षय शर्मा, उप प्रधान सूरज वर्मा, जनरल सेक्रेटरी रितेश शर्मा, कोषाध्यक्ष कृष्ण दत्त सरोच, पूर्व प्रधान धर्मचंद, उपप्रधान परमेश्वरी दास, मोहित शर्मा, गुरमीत सिंह प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार, रजत सूद, प्रवीण, मेहता, गुलशन चौहान, जितेंद्र कुमार, बिक लैब, रविंदर सोनी, लाल पैथ लैब, मनु शर्मा, राजकुमार व कोमल आदि मौजूद रहे।

### कृषि विकास कार्यालय डाडासीबा के भवन की हालत दयनीय

**डाडासीबा।** कृषि विकास कार्यालय डाडासीबा में पर्याप्त जगह न होने के कारण किसानों की जरूरतों को पूरा करने में नाकाफी साबित हो रहा है। क्षेत्र की करीब 25 पंचायतों की जरूरत पूरी करने वाले इस कार्यालय के भवन की स्थिति बड़ी ही दयनीय है। स्टाफ के बैठने व भंडारण सुविधा के लिए इस भवन में पर्याप्त स्थान की कमी है। किसान सभा रियासत डाडासीबा ने नए भवन के निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री को एक प्रस्ताव प्रेषित कर गुहार लगाई है। सभा के अध्यक्ष सुरजीत सपेहिया ने बताया है कि भवन की हालत निहायत खस्ता हो चुकी है। बरसात के दौरान बिल्डिंग से पानी टपकता है। भवन की खिड़कियां और दरवाजे भी टूटे फूटे हैं। ग्राम पंचायत डाडासीबा की प्रधान सुचिता कंवर ने बताया कि राजस्व विभाग में कृषि विभाग के नाम करीब 12 मरले जमीन सुरक्षित है। अगर सरकार भवन के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करती है तो नए कृषि भवन का निर्माण किया जा सकता है। वहीं, इस बारे कृषि वाद विशेषज्ञ रिशु धीमान ने बताया कि उन्होंने उच्चाधिकारियों को भवन की स्थिति के बारे में अवगत करवा दिया है।

## मुख्यमंत्री ने कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक का कैलेंडर किया जारी



धर्मशाला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को धर्मशाला में कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के वर्ष-2025 कैलेंडर को जारी किया। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही



धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने अपने गृह विधानसभा क्षेत्र से आए राजकीय महाविद्यालय रिडकुमार के छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। इसके बाद राजकीय रिडकुमार महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विधानसभा के तीसरे सत्र की कार्यवाही देखी।

## एचएमओए कांगड़ा ने मंत्री को सौंपा मांगपत्र



कांगड़ा। एचएमओए कांगड़ा का प्रतिनिधिमंडल डॉक्टर उदय की अध्यक्षता में विधानसभा में अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिला और उन्हें अपनी मांगों से भी अवगत करवाया। प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल्य, मुख्यमंत्री के आईटी सलाहकार गोकुल बुटेल, आरएस बाली और आशीष बुटेल सभी को मांगपत्र सौंपा और अपनी सभी मांगों से अवगत करवाया।

## न्यूज ब्रीफ

### अनुराग से मिला जसवां-परागपुर का प्रतिनिधिमंडल



**अनंत ज्ञान, परागपुर।** जसवां-परागपुर ब्लॉक भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को एक दल हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर से दिल्ली में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने जसवां-परागपुर के रीड़ी कुठेड़ा में मोदी सरकार द्वारा स्वीकृत करवाए गए केंद्रीय विद्यालय पर क्षेत्र की जनता की तरफ़ से उनका आभार जताया व सांसद अनुराग ठाकुर से अनुरोध किया कि जल्द से जल्द केंद्रीय विद्यालय का शिलान्यास करवाने का प्रयास करें। दल में पार्टी कार्यकर्ता मिंटू शर्मा, संजय ठाकुर, भूषण शर्मा व रणजीत सिंह शामिल रहे।

### स्थाना स्कूल में मनाया वार्षिक समारोह



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर के तहत पड़ते रावमापा स्थाना में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह प्रिंसिपल जोगिंदर सिंह की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। इसमें रिटायर्ड टीचर राम कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। समारोह कार्यक्रम दोरान जहां स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी, तो वहीं प्रिंसिपल जोगिंदर सिंह ने पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यतिथिने वार्षिक गतिविधियों में अव्वल रहे व समारोह कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर एसएमसी प्रधान चमन लाल, पंचायत स्थाना प्रधान मनोहर लाल,उपप्रधान राज डोगरा, पंचायत कुडल प्रधान सुरेश कुमार, पंचायत मच्छोट प्रधान हरपाल सिंह, पाठशाला प्रशासन, अभिभावक, बच्चे व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### राष्ट्रपति ने सराहे कुंवर विक्की के कार्य



**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** राष्ट्र की बलिवेदी पर प्राणों की आहुति देने वाले जांबाज सैनिकों की शहादत को शाश्वत रखने में जुटी पंजाब की एकमात्र गैर राजनीतिक संस्था शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद के महासचिव कुंवर रविंद्र सिंह विक्की, जो कि गत 28 वर्ष से शहीद सैनिकों और उनके परिवारों के मान-सम्मान की बहाली हेतु उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं, उनकी सराहनीय सेवाओं को देखते हुए सरकार द्वारा कई बार उन्हें राज्य व जिला स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। गत दिवस विजय दिवस पर दिल्ली में चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी के सरकारी आवास पर सेना द्वारा आयोजित एट होम कार्यक्रम में कुंवर रविंद्र विक्की को स्पेशल इन्वाइटी के रूप आमंत्रित किया गया। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बतौर मुख्य मेहमान शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद के महासचिव कुंवर रविंद्र सिंह की कार्यशैली के बारे में बताया तो उन्होंने कुंवर विक्की की पीठ थपथपा उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि दुख में किसी शहीद परिवार के साथ खड़ा होना भी एक राष्ट्रसेवा ही है। शहीद सैनिकों व उनके परिजनों के मान-सम्मान को बहाल रखने हेतु किए जा रहे उनके प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। (अनंत ज्ञान)

### 30 बुजुर्ग लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच



**अनंत ज्ञान, गनरोटा बगवां।** श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम मंदिर पंचायत घिरथोली शिव शक्ति मंदिर वार्ड 6 में मोबाइल हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से बुजुर्ग महिलाओं और अक्षम लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई। कैंप सुबह 11 से लेकर 3 बजे तक लगाया गया, जिसमें करीब 30 बुजुर्ग लोगों ने अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच करवाई। यह कैंप नगरोटा ब्लॉक की बीएमओ अधिकारी डॉक्टर रूबी भारद्वाज के द्वारा लगवाया गया। अगला कैंप 10 जनवरी और उसके बाद 24 जनवरी को लगाया जाएगा।

# धर्मशाला का विकास प्राथमिकता, तय समय में पूरे करें सभी काम : विक्रमादित्य

## लोक निर्माण मंत्री ने मौके पर जाकर किया सड़क और अन्य निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शुक्रवार को तपोवन विधानसभा परिसर में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए धर्मशाला में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान नगर निगम धर्मशाला की महापौर नीनू शर्मा, प्रमुख सचिव शहरी विकास देवेश कुमार, निदेशक शहरी विकास नीरज कुमार, उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा, आयुक्त नगर निगम जफर इकबाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। लोक निर्माण मंत्री ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से धर्मशाला में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का सिलसिलेवार ब्यौरा लिया।



सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

उन्होंने कहा कि धर्मशाला का विकास सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है और वे व्यक्तिगत तौर पर धर्मशाला के विकास से संबंधित प्रत्येक परियोजना पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने बैठक में स्मार्ट सिटी, नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत धर्मशाला में चल रहे प्रत्येक कार्य की समीक्षा कर इन्हें प्रभावी ढंग से पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि धर्मशाला स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को तय समय में पूरा करने के लिए लोक निर्माण विभाग और नगर निगम सहित सभी विभागों को बेहतर आपसी समन्वय से कार्य करने की आवश्यकता है।

उन्होंने स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत हो रहे स्ट्रीट लाइट, पार्किंग निर्माण, रास्तों के चैड़ीकरण और अन्य सभी विकास कार्यों को तय समय में पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इससे पूर्व उन्होंने फव्वारा चौक धर्मशाला का दौरा कर अधिकारियों को इसके सौंदर्यीकरण कार्य को तेज गति से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धर्मशाला के विकास को समर्पित विभिन्न परियोजनाओं के लिए किसी प्रकार से धन की कमी नहीं आने दी जाएगी और आवश्यकता अनुसार सरकार हर संभव सहयोग उपलब्ध करवाएगी।

विक्रमादित्य सिंह ने लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ धर्मशाला के थाथरी गांव पहुंचकर वहां पीएमजीएसवाई स्टेज थ्री के अन्तर्गत लगभग 3 करोड़ रूपये की लागत से बन रहे सांबर लाहड़ से थाथरी गांव के सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने नाबार्ड के तहत 6 करोड़ 47 लाख रूपये की लागत से बन रही भागसूनाग- टउ चैला- बनगोटू रोड और 4 करोड़ 34 लाख की लागत से निर्माणाधीन दाड़नू- इंद्रूनाग- चैल सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर इनकी प्रगति का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से धर्मशाला में यातायात की व्यवस्था सुगम होने के साथ शहर की सड़कों में भीड़-भाड़ से निजात मिलेगा। इसके अवाला यहां पर्यटन की नवीन संभावनाएं उत्पन्न होने से पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और तय समयावधि में इन्हें पूरा किया जाए।

## नई जोड़ी



परागपुर के सोनू भारद्वाज और सुजानपुर की रीना कुमारी को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## हैप्पी बर्थडे



लूणापानी के शिवांक चंदला को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# सीयू अब हिंदी में प्रकाशित करेगी विभिन्न विषयों की पुस्तकें : प्रो. बंसल



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि विश्वविद्यालय में हिंदी भाषा के विकास के लिए अकादमिक स्तर पर अनेक कार्य किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के प्रत्येक विभाग/केंद्र की ओर से अपने विषय की कम से कम एक-एक पुस्तक को हिंदी में विश्वविद्यालय के प्रकाशन ब्यूरो द्वारा प्रकाशित किया जाएगा। वह शुक्रवार को केंद्रीय विश्वविद्यालय के धौलाधार परिसर-1 के सेमिनार कक्ष में भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन और विश्वविद्यालय में राजभाषा हिंदी की प्रगति की समीक्षा आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों केंद्र निर्देशकों तथा विश्वविद्यालय के प्रत्येक कर्मचारी को मूल पत्राचार में हिंदी की शत प्रतिशतता का लक्ष्य हसिल करने पर बधाई दी और भविष्य में भी इस उपलब्धि को बरकरार रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की योजना है कि विश्वविद्यालय की ओर से 50 पुस्तकें अगले 6 माह में हिंदी में प्रकाशित की जाएंगी, जिससे विभिन्न विषयों में हिंदी माध्यम में स्तरीय पुस्तकों की उपलब्धता हो सके तथा शोधार्थियों/विद्यार्थियों को इन पुस्तकों का अपने अध्ययन और शोध में लाभ मिल सके। विश्वविद्यालय का यह प्रयास संपूर्ण राष्ट्र में भारतीय भाषाओं में अध्ययन-अध्यापन के प्रयासों को भी गति प्रदान करेगा। वहीं विश्वविद्यालय द्वारा पढ़ाए जा रहे पाठ्यक्रमों के पाठ्य-विवरणों की हिंदी में भी उपलब्धता का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है और कई विभागों/केंद्रों द्वारा पाठ्यक्रमों को हिंदी में उपलब्ध कराया जा चुका है।

## नदी-नालों में घटते जलस्तर से बढ़ी चिंता

**बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ के नदी नालों में घटना जलस्तर अब भारी चिंता का विषय बन गया है मौजूदा समय में हालात इस कदर खराब है चुके हैं कि किसानों की खेत सूखे हैं और घरों में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है तमाम पेयजल योजनाएं सूखने के कागर में पर है क्योंकि पिछले 100 सालों में यह तीसरा सबसे भयंकर सूखा माना जा रहा है। 3 महीने से भी ज्यादा समय से बारिश और बर्फबारी न होने की वजह से तमाम नदी नालों का जलस्तर या तो सूख चुका है या बहुत ही कम हो गया है ऐसी हालत में पन विद्युत परियोजनाओं पर भी गहरा असर पड़ा है क्षेत्र की पन विद्युत परियोजनाएं मात्रा उत्पादन क्षमता का तीसरे हिस्से से भी कम उत्पादन कर पा रही हैं। क्षेत्र के दो विद्युत प्रोजेक्ट पानी की कमी की वजह से बंद पड़े हैं बैजनाथ के विद्युत परियोजनाओं के कुल क्षमता 15 मेगावाट है, जबकि वर्तमान में केवल 4.75 मेगावाट ही विद्युत उत्पादन हो रहा है। आने वाले समय में अगर ड्राई स्पेल और लंबा चलता है तो लोगों को पेयजल के अलावा बिजली की भी भारी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

**कार्यालय आफिसर पंजीयक विवाह दी स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 एवम् उपमण्डल अधिकारी (ना0) इन्दौरा जिला काँगड़ा हि0प्र. ।**

क्रमाँक /रीडर/विवाह/24 दिनाँकः

1. श्री अंशु पुत्र श्री पवन कुमार निवासी गाँव व डा. भपू, तहसील इन्दौरा, जिला काँगड़ा हि.प्र.। 2. साक्षी कुमारी पुत्री श्री तिलक राज निवासी गाव व डा. भोग्रवां तहसील इन्दौरा जिला काँगड़ा हि.प्र. ।

**बनाम आम जनता**

**विषयः इश्तहार मुनादि बावत विवाह पंजीकृत बारे ।**

उपरोक्त निवेदकों ने हमारे सन्मुख आवेदन प्रस्तुत किया है कि आपस में विवाह कर लिया है, जिसे वह पंजीकृत करवाना चाहते हैं। अतः अंडर दी स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 की धारा 5 के अन्तर्गत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति/व्यक्तियों को उक्त विवाह पंजीकृत करने बारे कोई आपति / एतराज हो तो वे किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आकर या दिनाँक 20-01-2025 तक असालतन या वकालतन उपस्थित/हाजिर होकर अपना एतराज/आपत्ति दर्ज करवा सकता है, अन्यथा उक्त विवाह नियमानुसार पंजीकृत कर दिया जायेगा।

आज दिनाँक 16-12-2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर से जारी हुआ।

**उपमण्डल अधिकारी (ना.) एवम् आफिसर पंजीयक विवाह, इन्दौरा जिला काँगड़ा हि.प्र. ।**

# 400 मीटर दौड़ में अरमान व आरती ने पाया पहला स्थान



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में शुक्रवार को सत्र 2024-25 के लिए दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा बतौर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई। इस दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार की खेलें जैसे कि 400 मीटर, 200 व 100 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, हाइ जंप, डिस्कस थ्रो, जैवलिन, ताइक्कांडो, कबड्डी, वॉलीबॉल आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा। शुभारंभ पर 400 मी. दौड़ का आयोजन किया गया, जिनमें महिला व पुरुष वर्ग में चयनित छात्रों को सम्मानित किया गया। 400 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक अरमान कटोच, रजत पदक सुधीर व कांस्य पदक अक्षय ने झटका। वहीं, महिला वर्ग में स्वर्ण पदक आरती, रजत पदक कनिका धीमान व कांस्य पदक पलक ने हासिल किया। मेधावी छात्रों को मुख्यातिथि के द्वारा पदक देकर सम्मानित किया गया।

## डीएवी कॉलेज में व्याख्यान आयोजित

**कांगड़ा।** एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में हिंदी विभाग द्वारा शुक्रवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल के मार्गदर्शन में एक विशेष व्याख्यान साक्षात्कार का आयोजन किया गया । इसमें महाविद्यालय के 60 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। डॉ. सीमा देवी ने बताया कि साक्षात्कार दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच एक औपचारिक वार्तालाप है, जिसमें आम तौर पर एक व्यक्ति, साक्षात्कारकर्ता, जानकारी प्राप्त करने, योग्यता का आकलन करने, या नौकरी, प्रवेश, या अन्य उद्देश्यों के लिए उम्मीदवार की उपयुक्तता का मूल्यांकन करने के लिए प्रश्न पूछता है। इस विशेष व्याख्यान में प्रो. राकेश कुमार ने भी अपने विचार विद्यार्थियों के समक्ष रखे।

## मॉक ड्रिल

### फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में आग से बचाव के लिए करवाया अभ्यास

# अग्निशमन विभाग और अस्पताल की सिक्योरिटी टीम ने पाया आग पर काबू

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

आग की स्थिति से निपटने के लिए बचाव एवं राहत कार्यों की रणनीति को और सुदृढ़ करने हेतु फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का संयोजन फोर्टिस कांगड़ा के मुख्य सुरक्षा अधिकारी ठाकुर सिंह पटियाल एवं अग्निशमन विभाग कांगड़ा इंचार्ज सुरेंद्र कुमार, एलएफएम देश राज, एफएम तिलक राज, पूर्व सिंह, वासुदेव, विनोद कुमार एवं संजय कुमार ने किया। मॉक ड्रिल की शुरुआत में सबसे पहले फोर्टिस के सिक्योरिटी गार्ड ने फायर अलार्म बजाकर पूरे अस्पताल को सूचित किया। फायर अलार्म के बजते ही सभी सुरक्षा कर्मियों ने अस्पताल खाली करवाना शुरू कर दिया और साथ ही अग्निशमन विभाग को भी फोन पर सूचित किया। चंद ही मिनटों में अग्निशमन विभाग की गाड़ी अस्पताल परिसर में पहुंच गई। सभी अग्निशमन कर्मचारी फोर्टिस पहुंचते ही हरकत में आ गए और आग में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना शुरू कर दिया। इसके उपरांत आग बुझाने के लिए पूरे फोर्टिस अस्पताल पर अग्निशमन कर्मियों एवं सुरक्षा कर्मियों द्वारा पानी की बौछार की गई। अस्पताल में लगी आग को बुझाने के लिए अग्निरोधक यंत्र एवं पानी की बौछार की गई।



इस सफल मॉक ड्रिल के उपरांत फोर्टिस के मेडिकल डायरेक्टर कर्नल एसएस परमार ने कहा कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल भविष्य में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### पोक्सो एक्ट के मामले में दोषी को 25 साल की कठोर सजा और एक लाख रुपए जुर्माना

**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** हमीरपुर में दुष्कर्म का शिकार हुई नाबालिग को आखिरकार एक साल दस महीने बाद न्याय मिल ही गया। हमीरपुर जिला न्यायवादी संदीप अग्निहोत्री ने बताया कि विशेष न्यायाधीश, हमीरपुर भुवनेश अवस्थी ने आरोपी व्यक्ति को दोषी करार देते हुए धारा 6 पोक्सो अधिनियम के तहत अपराध के लिए 25 वर्ष के कठोर कारावास और 1 लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त साधारण कारावास और आईपीसी की धारा 506 के तहत दंडनीय अपराध के लिए दो वर्ष के कठोर कारावास और 1000/- रुपए के जुर्माने की सजा, जुर्माना अदा न करने पर 15 दिन की अतिरिक्त साधारण कारावास और आईपीसी की धारा 341 के तहत अपराध के लिए एक माह के साधारण कारावास और 500 रुपए के जुर्माने की सजा, जुर्माना अदा न करने पर 5 दिन की अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि मामले को साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष ने 22 गवाहों की जांच की। वहीं, एक अन्य मामले में भी स्कूल से घर जाने वाली लड़की का पीछा करने वाले आरोपी को दो साल की सजा और पांच हजार का जुर्माना सुनाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### धूमधाम से मनाया वार्षिक पारितोषिक समारोह



**हमीरपुर।** क्लस्टर विद्यालय नडियाना सडियाना में वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान भगवंत सिंह, पूर्व प्रधान धर्म सिंह, कैप्टन रमेश चंद, शक्ति चंद, सुभाष चंद, सेवानिवृत कलाध्यापक विजय कुमार, विद्यालय के अध्यापकों विनोद शर्मा, जीत सिंह, संदीप गुलेरिया, राजेश कुमार, जसवंत सिंह, इंदु बाला आदि ने विद्यालय प्रबंधन समिति और बच्चों ने धूमधाम से वार्षिक उत्सव मनाया।

### सेवा शर्त बिल का काले बिल्ले लगाकर जताया विरोध



**अनंत ज्ञान, डिडवीं टिक्कर।** हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ (एचजीसीटीए) के आह्वान पर राजकीय महाविद्यालय बड़सर की स्थानीय इकाई ने हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा लाए गए हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी नियुक्ति तथा सेवा शर्त बिल 2024 के विरोध में काले बिल्ले लगाकर और गेट मीटिंग करके विरोध जताया। स्थानीय इकाई के प्रधान डॉ. मनोज डोगरा ने बताया कि सरकार द्वारा पुरानी पेंशन वहाल करना सराहनीय कदम था और कर्मचारियों को लग रहा था कि सरकार भविष्य में भी ऐसा करेगी लेकिन इसके बाद सरकार कर्मचारी विरोधी निर्णय लेकर कर्मचारियों के हितों से खिलवाड़ कर रही है। हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ इस बिल को वापस लेने की पुरजोर मांग करता है। इस अवसर पर स्थानीय इकाई के प्रो. अजय, डॉ. धर्मेंद्र, प्रो. सुनील पाठक, प्रो. मस्तराम, प्रो. मनदीप, प्रो. संजीव शर्मा, प्रो. अंजना, प्रो. शिवम आदि मौजूद रहे।

### सेना दिवस समारोह का होगा भव्य आयोजन : राणा



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सर्व कल्याणकारी संस्था द्वारा पूर्व सैनिक लीग सुजानपुर के सहयोग से सेना दिवस समारोह 15 जनवरी को प्रातः 10 बजे ऐतिहासिक चौगान में पूरे सम्मान और गरिमा के साथ आयोजित किया जाएगा। इस विशेष आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए शुक्रवार को पूर्व विधायक और सर्व कल्याणकारी संस्था के संस्थापक राजेंद्र राणा ने पटलांदर स्थित अपने आवास पर पूर्व सैनिकों और संस्था के सहयोगियों के साथ बैठक की। राजेंद्र राणा ने कहा कि 15 जनवरी का दिन भारतीय सैन्य इतिहास और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस दिन को हम भारतीय सेना दिवस के रूप में मनाते हैं और उन वीर जवानों को नमन करते हैं, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी सेना दिवस समारोह बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाएगा। आयोजन को यादगार बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं और जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। संस्था और पूर्व सैनिक लीग इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समर्पित हैं। हिमाचल के वीरों की कुर्बानियों को समर्पित यह आयोजन न केवल उनकी वीरता का उत्सव होगा, बल्कि भावी पीढ़ी को भी प्रेरणा प्रदान करेगा।

### बिजली उपभोक्ताओं को बताए उनके अधिकार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड ने उपभोक्ता जागरूकता अभियान और प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत शुक्रवार को विद्युत उपमंडल कक्कड़ में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। अधीक्षण अभियंता आशीष कपूर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता नरेंद्र पाल अबरोल, सहायक अभियंता अंकज गुप्ता और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान इन अधिकारियों ने स्थानीय उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों से अवगत करवाया और कई योजनाओं की जानकारी भी दी। इसके अलावा उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर ही निवारण भी किया। अधीक्षण अभियंता आशीष कपूर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लोग अपने घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के संबंध में आम लोगों की शंकाओं का भी निवारण किया। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत प्रधान, उपप्रधान, अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय उपभोक्ता भी उपस्थित रहे।



### सीएम ने करोड़ों अनुयायियों का किया सम्मान : सुमन



**हमीरपुर।** राधा स्वामी सत्संग ब्यास चैरिटेबल हॉस्पिटल भोटा के भूमि हस्तांतरण अधिनियम को विधानसभा में पारित करवा मुख्यमंत्री ने राधा स्वामी सत्संग ब्यास के करोड़ अनुयायियों का सम्मान किया है। यह बात हमीरपुर जिला कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चलने वाली ठाकुर सुखविंदर सिंह सूक्खु की सरकार प्रदेश के हर वर्ग की भावनाओं का सम्मान करती है और अपने कार्यक्रमों के माध्यम से हर वर्ग के उत्थान के लिए दिन प्रतिदिन कार्य कर रही है। उन्होंने डेरा अनुयायियों को बधाई दी है और यह आशा व्यक्त की है कि राधा स्वामी सत्संग ब्यास जिस प्रकार से समाज में बेहतरीन कार्य कर रहा है, वह आगे भी करता रहेगा।

### सेवा शर्त बिल के विरोध में लगाए काले बिल्ले



**अनंत ज्ञान , भोरंज।** हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ (एचजीसीटीए) के आह्वान पर राजकीय महाविद्यालय भोरंज के लोकल यूनिट ने भी आज हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा लाए गए हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी नियुक्ति तथा सेवा शर्त बिल 2024 के विरोध में काले बिल्ले लगाकर और गेट मीटिंग कर विरोध किया। अनुबंध आधार पर नियुक्त कॉलेज प्रवक्ताओं ने 2009 से लंबी लड़ाई लड़कर माननीय उच्च न्यायालय शिमला से न्याय प्राप्त किया। माननीय न्यायालय ने अपने फैसले में कर्मचारियों को वरिष्ठता सहित सभी लाभ प्रथम नियुक्ति से देने के फैसले दिए। कुछ प्रवक्ताओं को यह लाभ मिल भी चुके हैं परंतु अधिकतर प्रवक्ताओं को अभी यह लाभ नहीं मिले। प्रदेश सरकार इसी बीच एक कर्मचारी विरोधी बिल जिसको 12 दिसंबर 2003 से लागू माना जाएगा को लेकर आ गई ताकि कर्मचारियों को अनुबंध कॉल को मिलाकर यह लाभ नियुक्ति तिथि से न देने पड़े और माननीय न्यायालय के फैसले को दरकिनार किया जा सके।

# निजी संस्थानों में डायलिसिस के मरीज का 31 मार्च तक होगा मुफ्त इलाज

## हिम केयर योजना से विभिन्न बीमारियों का करवा सकेंगे अपना निशुल्क इलाज

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



गुर्दे के मरीजों को डायलिसिस पंजीकृत निजी संस्थानों में 31 मार्च, 2025 तक मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके तहत हमीरपुर जिले में निजी डायलिसिस संस्थान साईं हॉस्पिटल, पार्वती हॉस्पिटल, डॉ. एएस मेमोरियल अस्पताल हमीरपुर में डायलिसिस करवाने वाले मरीज इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रवीण चौधरी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीब लोगों के लिए चलाई जा रही स्वास्थ्य योजना हिम केयर के अंतर्गत पंजीकरण सरकारी अस्पताल में दाखिल होने के लिए प्रति परिवार को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। इसके अलावा 70 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों का 5 लाख रुपए तक इलाज मुफ्त प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिक सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में कहीं पर भी अपना इलाज करवा सकते हैं। हिम केयर के अंतर्गत स्मार्ट कार्ड बनाने की सुविधा लोक मित्र केंद्र साइबर कैफे या आवेदक स्वयं वेबसाइट पर आधार कार्ड, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर और श्रेणी प्रमाण पत्र अपलोड करवा कर और निर्धारित प्रीमियम का भुगतान कर बनवा सकते हैं।

हिम केयर योजना के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों को ध्यान में रखते हुए प्रीमियम की दरें तय की गई हैं। गरीबी रेखा के नीच यानी बीपीएल, पंजीकृत रेहड़ी-फड़ी वाले जो आयुष्मान योजना में पंजीकृत नहीं हैं और मनरेगा के अंतर्गत जिन्होंने पिछले वर्ष 50 दिन या उससे अधिक कार्य किया है, उनसे प्रीमियम नहीं लिया जाता है। इसके अतिरिक्त एकल नारी, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग, मिड-डे मील कार्यकर्ता, दिहाड़ीदार सरकारी, स्वायत संस्थानों, सोसायटी, बोर्ड एवं निगम के कर्मचारी, अनुबंध कर्मचारी सरकारी, स्वायत संस्थानों, सोसायटी, बोर्ड एवं निगम के कर्मचारी और आउटसोर्स कर्मचारी से केवल 365 रुपए और उपरोक्त के अतिरिक्त जो व्यक्ति नियमित सरकारी कर्मचारी सेवानिवृत्त कर्मचारी नहीं है, केवल हजार रुपए का प्रीमियम अदा कर योजना के अंतर्गत कार्ड बनवा सकते हैं।

इन कार्डों की वैधता 3 साल के लिए होगी। इस योजना के अंतर्गत लोक मित्र केंद्र या कॉमन सर्विस सेंटर में नामांकन करने और दस्तावेजों को अपलोड करने के लिए लाभार्थी से प्रीमियम के अतिरिक्त 50 रुपए का शुल्क लिया जाएगा। इस योजना में विभिन्न प्रकार की आम व गंभीर बीमारियों को शामिल किया गया है। लाभार्थी जिला हमीरपुर में हिम केयर कार्ड के अंतर्गत पंजीकृत सरकारी अस्पतालों में क्षेत्रीय अस्पताल हमीरपुर, नागरिक अस्पताल टौणी देवी, नागरिक अस्पताल भोरंज, नागरिक अस्पताल बड़सर, नागरिक अस्पताल नादौन, नागरिक अस्पताल सुजानपुर टिहरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गलोड़ में जाकर इलाज करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त पीजीआई चंडीगढ़ में भी मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है। (अनंत ज्ञान)

## एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी को एक साल की जेल व 25 हजार रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अपर सत्र न्यायाधीश हमीरपुर सचिन रघु सर्किट कोर्ट बड़सर ने आरोपी राकेश कुमार उर्फ रिंकू उर्फ मोडा, पुत्र देवी राज, निवासी गांव जाहू खुर्द तथा डाकघर जाहू, तहसील भोरंज, जिला हमीरपुरको एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21. 27 के तहत दंडनीय अपराध करने के लिए दोषी ठहराया है।

मामले के अनुसार 21 अप्रैल 2023 को शाम 4 बजे कश्मीर सिंह उर्फ बिट्टू की गन्ने के रस की रेहड़ी के पास स्थान गल्लू में आरोपी राकेश कुमार से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इस पर पुलिस थाना बड़सर पुलिस थाना में 21 अप्रैल 2023 को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। मामले की सुनवाई हिमाचल प्रदेश राज्य की ओर से उपजिला अटॉर्नी हमीरपुर राहुल चोपड़ा हमीरपुर द्वारा करवाई गई तथा अभियुक्त के विरुद्ध आरोपों को सिद्ध करने के लिए अभियोजन पक्ष द्वारा 17 गवाहों की जांच की गई।

साक्ष्यों के निष्कर्ष पर तथा अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष की सुनवाई के पश्चात, न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार दिया तथा अभियुक्त राकेश कुमार को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21, 27 के अंतर्गत दंडनीय अपराध के लिए सजा सुनाई। एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत- 1 वर्ष का कारावास तथा 20,000 रुपए का जुर्माना, जुर्माना अदा न करने पर 4 माह का साधारण कारावास। एनडीपीएस अधिनियम की धारा 27 के अंतर्गत 6 माह का कारावास तथा 5,000 रुपए जुर्माना अदा न करने पर 2 माह का साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

### बड़सर में व्यक्ति से 32 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** जिला पुलिस हमीरपुर के थाना बड़सर के अधीन पुलिस की एक टीम के द्वारा गश्त के दौरान मनीष कुमार निवासी गांव मरहोट डाकखाना कसवाड़ तहसील बड़सर के कब्जा से 32 ग्राम चरस (भांग) बरामद की गई। थाना प्रभारी प्रवीण राणा ने बताया कि उपरोक्त व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर एनडीपीएस अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### गाड़ी की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल बड़सर के अंतर्गत गाड़ी से टक्कर मारकर नुकसान करने व महिला को घायल करने पर मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता पुष्प राज पुत्र विक्रम सिंह गाव व डाकखाना सठवी ने शिकायत में कहा है कि वह अपनी गाड़ी में घर से पैसे लेकर वापस ठेका शराब पर वाडा के लिए जा रहा था, जहां पर वह बतौर सेल्समेन नौकरी करता है तथा गाड़ी में शिकायतकर्ता की माता प्रोमिला देवी भी साथ जा रही थी।

जब वे अपने घर से थोड़ा आगे सड़क पर पहुंचे तो सड़क पर सामने से बाड़ा की ओर से आ रही तेज रफतारी से आई तथा शिकायतकर्ता की गाड़ी को सामने से टक्कर मार दी व उनकी गाड़ी की ड्राइवर साइड की फ्रंट लाइट व बंपर का नुक्सान हुआ है। गाड़ी में बैठी शिकायतकर्ता की माता को भी चोट लगी हैं। शिकायत के आधार पर यह अभियोग थाना बड़सर में पंजीकृत हुआ है, जिसमें अन्वेषण जारी है।

## विकास खंड नादौन में 59 से बढ़कर 63 हो सकती हैं ग्राम पंचायतों की संख्या

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

नादौन विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान समय में राजनीतिक हलचल पूर्ण रूप से गरमाई हुई है। नई पंचायतों के गठन के लिए राजनीति पूर्ण रूप से चरम सीमा पर है। प्रदेश के पंचायती चुनावों को भी लगभग एक वर्ष से कम समय रह गया है। प्रदेश में पंचायती चुनावों से पहले जब से प्रदेश सरकार ने नई पंचायतों के गठन की नोटिफिकेशन जारी की है एवं पंचायत वासियों को अपने जिले के उपायुक्त के पास नई पंचायतों के गठन एवं अन्य समस्याओं के बारे में अपने दस्तावेज जमा करवाने के लिए कहा है, तब से पंचायती राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं।

विकास खंड नादौन की राजनीतिक हलचल पर नजर दोड़ाई जाए तो अब तक नादौन विकास खंड में कुल 59 पंचायतें हैं एवं जिस तरह से नई पंचायतों के गठन को लेकर इस खंड से जिला उपायुक्त के पास दस्तावेज जमा हुए हैं, उससे ये कयास लगाए जा रहे हैं कि विकास खंड नादौन में ग्राम पंचायतों की संख्या 59 से बढ़कर 63 हो सकती हैं क्योंकि जिला पंचायत अधिकारी को विकास खंड नादौन से 4 नई पंचायतों के गठन प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। इनमें ऊटप एवं गाहलियां का विघटन करके लंजयाण नई पंचायत बनाने का प्रस्ताव पंचायत वासियों द्वारा भेजा गया है। पंचायत बड़ा का विघटन करके नई पंचायत चमराल बनाने का प्रस्ताव है।

**बरधियाड पंचायत के तुरंगाल वार्ड एवं हथोल पंचायत के बलोह वार्ड का अन्य पंचायतों में हो सकता है विलय**

मंडयानी पंचायत का विघटन करके नई पंचायत मनसाई एवं ग्राम पंचायत तरकेड़ी, कश्मीर और फाहल का विघटन करके कड़साई नई पंचायत बनाने के प्रस्ताव हैं, जबकि नादौन की ही ग्राम पंचायत वरधियाड़ के तुरंगाल वार्ड के लोगों ने जिला पंचायत अधिकारी को प्रस्ताव भेजा है कि उन्हें बरधियाड़ पंचायत से काटकर दोबारा फिर सपड़ोह पंचायत में शामिल किया जाए एवं हथोल पंचायत के बार्ड बलोह के लोगों ने उन्हें बदारण पंचायत में शामिल करने की जोरदार मांग की है ताकि उन्हें आए दिन पंचायती सबंधी कार्य करवाने में जो परेशानी आती है, उसका समाधान हो सके।

नई पंचायतों के गठन को लेकर जब से जिला पंचायत अधिकारी एवं जिला उपायुक्त को सबंधित पंचायत वासियों ने प्रस्ताव भेजें हैं, तब से इन पंचायतों में राजनीतिक माहौल पूर्ण रूप से गरमाया हुआ है। अब कौन-कौन सी नई पंचायतों का गठन होता हैं, यह तो प्रदेश सरकार की नोटिफिकेशन के बाद तय होगा लेकिन इन पंचायतों में पंचायत वासियों ने वर्तमान समय में नई पंचायतों के गठन के लिए स्वयं ही पुनरसीमांकन करना शुरू कर दिया है एवं उनके चुनावी उम्मीदवार भी चुन लिए हैं।

**क्या कहते हैं विकास खंड अधिकारी नादौन**

इस बारे में विकास खंड अधिकारी नादौन निशांत शर्मा का कहना हैं कि इन नई पंचायतों के गठन. के लिए जिला पंचायत अधिकारी. को पंचायत वासियों द्वारा प्रस्ताव भेजें जा चुके हैं किन किन नई पंचायतों का गठन होगा। ये प्रदेश सरकार की. नोटिफिकेशन के बाद की मालूम पड़ेगा।

## ओटीएस पॉलिसी से कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक का सुधार

### बैंक का एनपीए वर्ष 2023 में 1148 करोड़ जो कि 2024 में 1009 करोड़ रह गया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




पिछले काफी समय से अपने बढ़ते हुए एनपीए को लेकर सुर्खियों में रहने वाले कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक को ओटीएस पॉलिसी का सहारा मिल गया है। इस कारण न सिर्फ बैंक के एनपीए में कमी आई है, बल्कि बैंक के लाभ में भी बढ़िया सुधार हो रहा है। 31.03.22 को बैंक का कुल एनपीए 30 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच चुका था, जिस कारण तत्कालीन बैंक प्रबंधन द्वारा ओटीएस पॉलिसी का प्रस्ताव लाया गया जिसे रजिस्ट्रार सहकारी सभाओं द्वारा अपनी मंजूरी इस शर्त के साथ दी गई कि बैंक इस पॉलिसी को बिना किसी भेदभाव के लागू कर सभी पात्र लोगों को इसका लाभ देगा।

उपरोक्त ओटीएस पॉलिसी बैंक में 09.09.2022 को लागू की गई जिसे सत्ता परिवर्तन के बाद नए बैंक प्रबंधन ने भी बैंक हित में जारी रखने का निर्णय लिया और यह पालिसी 08.09.23 तक बैंक में लागू रही, जिसे बैंक के अनुरोध पर पंजीयक सहकारी सभाओं (आरसीएस) द्वारा 31.12.23 तक जारी रखने की स्वीकृति जारी की गई। उपरोक्त ओटीएस पॉलिसी के चलते बैंक का एनपीए 31.03.23 के 1148 करोड़ के स्तर से घटकर 31.03.24 को 1009 करोड़ रह गया जो 31.03.22 को 1227 करोड़ के उच्चतम स्तर पर था।

दूसरे शब्दों में कहें तो बैंक का नेट एनपीए वर्ष 2023 के 12.92 प्रतिशत से घटकर 31.03.24 को 7.15 प्रतिशत रह गया जो 31.03.22 को 15.31 प्रतिशत था। रिकवरी के हिसाब से बैंक का पिछले 5-6 सालों में यह सबसे बढ़िया प्रदर्शन है। ओटीएस पॉलिसी के अच्छे नतीजों के आधार पर मौजूदा बैंक प्रबंधन ने आरसीएस से पुन: इस पॉलिसी को 31.03.24 तक जारी रखने का अनुरोध किया, लेकिन आरसीएस द्वारा बैंक को नई पॉलिसी बनाने के निर्देश हुए। बैंक अधिकारियों द्वारा आरबीआई के निर्देशों के हिसाब से पुन: एक नई ओटीएस पॉलिसी का प्रारूप तैयार कर आरसीएस को मंजूरी के लिए भेजा गया, जिसे आरसीएस द्वारा इस हिदायत के साथ बैंक को वापस भेजा गया कि आरबीआई के वर्ष 2023 के दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए बैंक का निदेशक मंडल नई ओटीएस पॉलिसी लाने के लिए समर्थ है। आरसीएस के इन निर्देशों के बाद बैंक द्वारा दूसरी ओटीएस पॉलिसी को 01.08.24 से 30.11.24 की सीमित अवधि के लिए लागू किया गया जो आरसीएस के पहले के निर्देशों के हिसाब से ही बिना किसी भेदभाव के सिद्धांत पर लागू हुई।

इस नई ओटीएस पॉलिसी के तहत भी बैंक को लगभग 2000 के आस पास प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे बैंक का एनपीए और कम होने की उम्मीद है। हालांकि, ओटीएस पॉलिसी के अच्छे परिणामों के बावजूद भी आए दिन कांगड़ा बैंक की ओटीएस का मुद्दा किसी न किसी वजह से सुर्खियों में रहता है और इस पर कई तरह के सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

इस विषय पर बैंक के महाप्रबंधक राकेश शर्मा ने बताया कि अधिक एनपीए होने के कारण बैंक द्वारा ओटीएस पॉलिसी लागू की गई जो कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा तय मानदंडों के अनुरूप है। राकेश शर्मा ने बताया कि ओटीएस के चलते बैंक ने सिर्फ ब्याज पर कुछ छूट दी है और एक भी पैसा मूल रकम का नहीं छोड़ा गया है। राकेश शर्मा ने बताया कि बैंक की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। बैंक के डिपॉजिट, लोन और इंवेस्टमेंट्स की साथ-साथ बैंक के नए ग्राहक भी लगातार बढ़ रहे हैं। 31.03.23 व 31.03.24 को बैंक का शुद्ध लाभ कर्मचारियों के छठे वेतन आयोग के देय एरियर के 45-45 करोड़ रुपए के भुगतान के बाद भी क्रमश: 48 और 64 करोड़ रहा है जो स्वत: ही बैंक की मजबूत आर्थिक स्थिति को दर्शाता है।

**आयोजन** एनआईटी हमीरपुर बना ज्ञानवर्धक शैक्षणिक और तकनीकी यात्रा की शुरुआत का प्रतीक

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उन्नति के महत्व पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



एनआईटी हमीरपुर में कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिवाइस कम्प्यूटिंग, कम्युनिकेशन और सिग्नल प्रोसेसिंग (AIDCCSP-2024 ) का उद्घाटन समारोह राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर के मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। इस आयोजन में विशिष्ट अतिथियों, उद्योग विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और संकाय सदस्य उपस्थित थे, जो एक ज्ञानवर्धक शैक्षणिक और तकनीकी यात्रा की शुरुआत का प्रतीक बने।

समारोह की शुरुआत आयोजन अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने अतिथियों, प्रतिभागियों और उद्योग प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए की। प्रो. एचएम सूर्यवंशी, निदेशक, एनआईटी हमीरपुर, इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे। अपने संबोधन में उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिवाइस कंप्यूटिंग, कम्युनिकेशन और सिग्नल प्रोसेसिंग के क्षेत्रों में अंतरविभागीय सहयोग और उन्नति के महत्व पर जोर दिया, साथ ही एनआईटी हमीरपुर जैसे संस्थानों की भूमिका को भी सराहा, जो तकनीकी नवाचारों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. अर्चना संतोष नानोटी, रजिस्ट्रार, एनआईटी हमीरपुर समारोह की विशिष्ट अतिथि थीं।

उन्होंने अकादमिक, शोध और उद्योग के बीच पुल स्थापित करने के उद्देश्य से इस तरह के सम्मेलनों के आयोजन के महत्व पर बात की। डॉ. नानोटी ने प्रतिभागियों को इस मंच का लाभ उठाने और विचारों एवं ज्ञान का आदान-प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। प्रो. अनुप कुमार, डीन फैकल्टी वेलफेयर ने तकनीकी नवाचारों की ओर बढ़ने से पहले मजबूत मौलिक अवधारणाओं की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रतिभागियों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस के क्षेत्र में स्थिर और प्रभावी प्रगति के लिए मूलभूत सिद्धांतों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

डॉ. राकेश शर्मा और डॉ. संदीप कुमार सिंह, आयोजन सचिवों ने सम्मेलन के विषयों और कार्यक्रम की संरचना पर प्रकाश डाला। डॉ. शर्मा ने सम्मेलन के प्रमुख बिंदुओं पर जानकारी दी, जबकि डॉ. सिंह ने अतिथियों, प्रतिभागियों और वक्ताओं का औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित किया। उद्घाटन सत्र के बाद, डॉ. अश्वनी राणा, विभागाध्यक्ष, ने विभाग की उपलब्धियों और उसकी सामाजिक जिम्मेदारियों पर एक प्रस्तुति दी। उद्घाटन सत्र का समापन रविंद्र सिंह जंदू हेड ऑफ डिजिटल सिस्टम्स, सिविल सर्विसेज द्वारा 'उभरती हुई इंटेलिजेंट टेक्नोलॉजीज' विषय पर दिए गए प्रेरणादायक मुख्य वक्ता संबोधन के साथ हुआ।

इसके बाद, भौतिक पेपर प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ। AIDCCSP-2024 सम्मेलन शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों और अकादमिकों के लिए एक मंच प्रदान करता है, जहां वे तेजी से विकसित हो रहे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उभरती हुई प्रवृत्तियों और नवाचारों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं।

### पॉक्सो एक्ट के तहत व्यक्ति को 2 साल की कठोर सजा व 5 हजार रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एलडी कोर्ट हमीरपुर के विशेष न्यायाधीश ने शुक्रवार को पॉक्सो एक्ट के आरोपी व्यक्ति को दोषी पाए जाने पर 2 साल का कठोर कारावास और 5 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने पर एक माह का साधारण कारावास और भुगतना होगा। यह मामला भोरंज पुलिस थाना में दर्ज किया था। पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मामले के अनुसार, आरोपी पीड़ित बच्ची के घर लौटते समय लगातार उसका पीछा करता था। मामले को साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष ने 12 गवाहों से पूछताछ की। मुकदमा जिला न्यायवादी संदीप अग्निहोत्री हमीरपुर द्वारा चलाया गया।

### जिला उच्च शिक्षा निदेशक बोले- स्कूल एक्सीलेंस प्रोग्राम के होंगे दूरगामी परिणाम



**अनंत ज्ञान, बड़ा।** भारती एयरटेल फाउंडेशन व डाइट हमीरपुर के संयुक्त तत्वावधान से हमीरपुर के 24 विद्यालयों का दो दिवसीय स्कूल एक्सीलेंस प्रोग्राम आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 24 स्कूलों जो कि भारती एयरटेल फाउंडेशन के क्वालिटी सपोर्ट प्रोग्राम के अंतर्गत आते हैं, ने भाग लिया। इस स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं स्कूल के एक अध्यापक ने विशेष रूप से भाग लिया। इस दो दिवसीय कार्यशाला का समापन के दौरान जिला उच्च शिक्षा निदेशक नवीन कुमार शर्मा एवं जिला डाइट के प्रिंसिपल मदन बनियाल ने विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालय को उनके सकारात्मक पहलू एवं उनके कमजोरी व उपलब्ध अवसर तथा चुनौतियां को ध्यान में रखकर अगले वर्ष की कार्य योजना तैयार करके उसे विद्यालय विकास योजना के साथ समायोजित करना है। उन्होंने इस कार्यशाला को सभी प्रतिभागी विद्यालयों के लिए मजबूत कड़ी बताया और आए हुए सभी भारती एयरटेल फाउंडेशन के ट्रेनर का धन्यवाद भी किया। इस कार्यशाला में भारती एयरटेल फाउंडेशन की तरफ से ट्रेनर पूनम देवी स्टेट प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर बृजेश भारद्वाज व उनकी टीम ने इस कार्यशाला के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सभी को बधाई दी।

### ओसिस पब्लिक हाई स्कूल डिडवीं में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** टिक्कर डिडवी पंचायत के अंतर्गत ओसिस पब्लिक हाई स्कूल डिडवीं का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 21 दिसंबर को मनाया जा रहा है। स्कूल के मुख्याध्यापक राजन कटोच ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य नरेंद्र अत्री होंगे वे मेधावी छात्रों को सम्मानित करेंगे।

### प्राथमिक केंद्र पाठशाला झगड़ियाणी में छात्रों को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला झगड़ियाणी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया, जिसके मुख्य अतिथि रामनाथ शर्मा, एसएमसी प्रधान संजीव कुमार, पाठशाला के अध्यापक कुशल कुमार कश्यप, प्यार चंद और बच्चों के अभिभावक व स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जिसकी सभी ने प्रशंसा की। सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले तथा खेलकूद प्रतियोगिताओं में खंड स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कुएं में गिरे जंगली सुअर का वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू



**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल की ग्राम पंचायत कोटला चिलिया के गांव जंगलखोर में एक जंगली सुअर भागता हुआ एक कुएं में गिर गया। सुअर के चिल्लाने की खबर सुनकर पंचायत के पूर्व प्रधान अनिल शर्मा सहित लोग मौका पर पहुंच गए। अनिल शर्मा ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। खबर मिलते ही आरओ राजीव सूद के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौका पर पहुंची और जंगली सुअर का रेस्क्यू किया। रस्सी का एक जाल कुएं में डालकर काफी मशक्कत के बाद सुअर को कुएं से निकाला और जंगल में छोड़ दिया।

### गसोता, चमनेड़, झमरेड़ा में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू में 22 दिसंबर को लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते गांव गसोता, चमनेड़, बालू, भरठयाण, भ्यूंट, झमरेड़ा, पट्टा, ब्रालू और आसपास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्युत उपभोक्ता 25 दिसंबर तक करवाएं ई- केवाईसी

**अनंत ज्ञान, पधर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल पधर नितिन चंदेल ने बताया कि विद्युत उपमंडल- पधर के अंतर्गत आने वाले घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं के विद्युत् मीटर संख्या को उपभोक्ता के आधार कार्ड से जोड़ने की ई-केवाईसी प्रक्रिया एचपीएसईबील के द्वारा की जा रही है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि 25 दिसंबर 2024 तक ई- केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ई -केवाईसी की प्रक्रिया उपमंडल पधर के सभी पंचायत भवनों में करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर कोई उपभोक्ता ई -केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करता है तो भविष्य में विद्युत् बिल में आने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकता है जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

### प्राध्यापक संघ ने काले बिल्ले लगा किया विरोध प्रकट



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील की हिमाचल राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ की स्थानीय इकाई ने हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ के आवाह्न पर हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा लाए गए हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी नियुक्ति तथा सेवा शर्तें बिल, 2024 के विरोध में काले बिले लगाकर और गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन किया।

### पटूखर में होनहार विद्यार्थी किए पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पटूखर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्या किरण पाठक ने की । इस अवसर में मुख्यातिथि सामाजिक कार्यकर्ता सत्या वर्मा उपस्थित रही। जबकि ओम प्रकाश एवं दुष्यंत ठाकुर ने कार्यक्रम में बतौर विशेष अथिति शिरकत की। समारोह में वर्ष 2024-25 में शैक्षणिक खेल कूद, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में अवल प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

### भरत ठाकुर सर्वसम्मति से बने मीडिया प्रभारी

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** कोटखाई के उद्यान विभाग हाल में व्यपार मण्डल कोटखाई की नियमित बैठक मण्डल प्रधान मदन गांगटा की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में मिडिया प्रभारी के लंबित पड़े पद के सृजन पर चर्चा हुई तथा सर्व सहमति से भरत ठाकुर को व्यपार मण्डल का मीडिया प्रभारी चुना गया! बैठक के दौरान व्यापारियों से जुड़े बहुत से मुद्दों पर गहन चर्चा हुई बता व्यापारियों के हित में काफी निर्णय लिए गये!बैठक में प्रधान मदन गांगटा ने जानकारी दी की मंडल के खाते में 238000 की राशि जमा हो चुकी है जिसका इस्तेमाल समय समय पर व्यापारियों के हितों के लिए किया जाएगा।

### सीमा कालेज में एनएसएस शिविर का हुआ समापन

**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में शुक्रवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। वहीं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश नारटा व डॉ. सुरेंद्र कुल्ला व स्वयंसेवकों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डीन प्रो. हरीश सांजटा, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. राय सिंह व अन्य शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ भी मौजूद रहा। समारोह के अंत में सभी ने शिविर की सफलता के लिए एनएसएस इकाई को बधाई दी।

### 21 को बीर फीडर में बिजली रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बीर फीडर में 21 दिसंबर को पुरानी बिजली की तारों को बदलने तथा नये बिजली पोल लगाने का कार्य किया जाएगा। कार्य के दृष्टिगत विद्युत अनुभाग बीर के गांव बीर, लाग, कथवारी, बरयारा, धार, कठयाणा, सदोह, नल्होग, डोला बल्ह, जमाणा, कलोथर, खडकल्याणा, खपरेहड़ा, भलेड़, घेरू, नेरन, थाम्बा, रोपड़ी तथा साथ लगते गांव में 21 दिसंबर को सुबह 10 से 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में कार्य अगले दिन किया जाएगा। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल साईगलू चिंतन प्रकाश ने दी।

### हिमाचल के स्कूलों में शिक्षण कार्यक्रम होगा शुरू



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल के स्कूलों में सामाजिक, भावनात्मक और नैतिक शिक्षण कार्यक्रम शुरू होगा। प्रदेश सरकार ने इस कार्यक्रम को शुरू करने के लिए पीरामल फाउंडेशन के साथ करार किया है। हिमाचल की ओर से आज शिक्षा सचिव राकेश कंवर और पीरामल फाउंडेशन की ओर से निदेशक सौरभ जोहरी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। हिमाचल सरकार ने स्कूली छात्रों में सामाजिक, भावनात्मक और नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पीरामडल फाउंडेशन के साथ अहम साझेदारी की है। प्रदेश सरकार की यह पहल नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य छात्रों में 21वीं सदी के कौशल को बढ़ावा देना, नेतृत्व को सुदृढ़ करना और व्यवस्थागत परिवर्तन को सक्षम बनाना है। दरअसल पीरामल फाउंडेशन और हिमाचल प्रदेश सरकार ने मई 2024 में एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए थे और अब दोनों पक्षों ने 5 साल के एमओयू के माध्यम से अपनी साझेदारी को औपचारिक रूप से आगे बढ़ाया है।

# प्रचंड ठंड के आगोश में डलहौजी

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

डलहौजी व उसके आसपास के क्षेत्र में प्रचंड ठंड ने आम जीवन अस्त-व्यस्थत कर दिया है। बताते चलें कि बीते करीब 4 महीनों से बारिश न होने से सुखे के हालात से पैदा हो गए हैं। जहां प्राकृतिक स्त्रोतों का पानी सूखता जा रहा है जिससे क्षेत्र के कई गांव में तो जल संकट पैदा हो गया है जिससे आम आदमी की पेयजल समस्या बढ़ती हुई दिखाई दे रही है तो वही पशु मवेशियों के लिए हरी घास को लेकर समस्या है तो वही किसान बागवान भी बारिश न होने से पूरी तरह से परेशान दिख रहे हैं कई कृषकों ने तो अभी तक गेहूं की बिजाई भी नहीं की है क्योंकि अभी तक बारिश नहीं हुई है लेकिन जिन लोगों ने बिना बारिश के भी बिजाई कर दी थी उनके बीज पूरी तरह से खराब हो गए हैं और बारिश होती है तो नहीं सिरे से गेहूं की बुवाई करनी पड़ेगी।

बागवान बगीचों की कटाई-छंटाई की प्रक्रिया को अंजाम देते थे किंतु बिना बारिश के उन्होंने भी इस प्रक्रिया को अभी तक अंजाम नहीं दिया है बल्कि बिना बारिश के फलों की वृक्ष किसी अज्ञात बीमारी का शिकार होते प्रतीत हो रहे हैं।

वहीं क्षेत्र के होटल व्यवसाईयों का कहना है कि इस बार दिसंबर लगभग खत्म होने को आ गया है



सूखे के कारण पड़ा हुआ कोहरा।

#### 4 माह से बारिश न होने से सूखे के हालात हुए पैदा

और क्रिसमस और नए साल में रौनक दिसंबर के शुरुआत से देखने को मिलती थी जो इस बार बिलकुल भी नहीं है।

हालांकि प्रशासन ने क्रिसमस तथा नए साल को लेकर के ठोस इंतजाम किए हैं किंतु बाहरी सैलानी डलहौजी का रुख न के बराबर कर रहा है। होटल कारोबारी इस बार सीजन को लेकर भारी परेशान दिख रहे हैं। रहेड़ी-फड़ी वालों की माने तो एक तो सूखी ठंड ऊपर से सूरज ढलते ही स्थानीय निवासी अपने घरों में दुबक जाते हैं और चंद पर्यटकों से धंधा मुश्किल से ही चल पा रहा है। वहीं छोटे-बड़े ढाबे रेस्टोरेंट वालों की माने तो उनके यहां काम करने वाले कर्मचारियों का खर्च निकालना भी उनके लिए मुश्किल हो रहा है, क्योंकि दिसंबर में सैलानियों से लबरेज रहने वाली विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी डलहौजी इस बार भारी आर्थिक मंडी की मार झेल रही है जिसका असर छोटे से लेकर बड़े व्यापारी को खेलना पड़ रहा है। जिला चंबा के पर्यटक स्थल पंचपुला, सत धारा, लक्कड़ मंडी, डायन कुंड, खजियार,जोत, बोटिंग प्वाइंट तलेरू, चंबा जहां दिसंबर के महीने में भारी पर्यटकों से गुलजार हुआ करता था तो वही इस बार बर्फ न पड़ने से सुनसान दिखाई दे रहा है। (अनंत ज्ञान)

#### लोगों को प्रचंड ठंड से बचने की दी सलाह

बता दें कि बीते दिनों जिला चंबा के पांगी घाटी में बर्फबारी हुई लेकिन इसके विपरीत जिला चंबा के किसी भी अन्य स्थान पर बर्फबारी तथा बारिश देखने को नहीं मिली, जिससे तमाम जिला सुखी ठंड, प्रचंड शीतलहर तथा भारी सुखे की मार झेलता दिखाई दे रहा है दिखाई दे रहा है। बनीखेत सुबह के समय में ऐसा दिखता है मानो बर्फ नुमा सफेद चद्दर ने अपने आगोश में छुपा लिया हो, बाहर खड़े वाहनों को भी स्टार्ट करने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ती है इसके इलावा इस ठंड ने लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव डाला है जहां छाती जाम, जुकाम तथा बुखार ने लोगों को अपनी चपेट में लिया है जिससे अस्पतालों में मरीज का तांता लगा हुआ दिख रहा है। इस बारे में सीएमओ चंबा विपिन ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने लोगों को इस प्रचंड ठंड से बचने की सलाह दी है। लोग गर्म पानी का प्रयोग करें तथा बेवजह बाहर ठंड में न घूमें क्योंकि सीट लहरनुमा हवा से बुजुर्ग तथा बच्चे शिकार होकर बीमार पड़ रहे हैं।

# एचआरटीसी बस में लावारिस बैग से चरस बरामद, केस दर्ज

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत तूनूहट्टी चेक पोस्ट पर लगे नाकाबंदी के दौरान रात करीब ढाई बजे एचआरटीसी बस चंबा- अमृतसर एचपी 73ए - 5886 को निरीक्षण हेतु रोका गया जब पुलिस जवानों ने शक के आधार पर बस में सवारी यात्रियों की तलाशी शुरू की तो एक बिट्ठू बाग लावारिस पाया गया जिसकी तलाशी लेने पर उसमें से कुल 250 ग्राम चरस पाई गई।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम की धारा 20 के तहत पुलिस थाना चुवाड़ी में मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

मामले की पुष्टि डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुरद्वारा की गई है उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नशे के खिलाफ चलाया गया यह अभियान मुस्तैदी के साथ जारी है तथा पुलिस इस अभियान को कामयाब करने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ेगी तथा तस्करों को सलाखों के पीछे पहचाने हेतु यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

## सहायक आयुक्त पीपी सिंह ने चौगान में जारी कार्यों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सहायक आयुक्त पीपी सिंह ने आज चंबा के ऐतिहासिक चौगान में जारी रखरखाव कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा, जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा, जिला नाजर प्रवीण मेहता, कनिष्ठ अभियंता नगर परिषद नीतिका ठाकुर, ज़िला हॉकी एसोसिएशन से सचिव मुकेश बेदी, उपाध्यक्ष



जयराज भी उनके साथ उपस्थित रहे। सहायक आयुक्त एवं उनके साथ आए अधिकारियों ने जारी रखरखाव कार्यों के तहत ऐतिहासिक चौगान में अंकुरण के लिए लगाई जा रही दुर्वा घास से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया।

## लोगों को बताई सरकार की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, चंबा**



प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों ने विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत जिला के गांव साहो और परोथा में नुक्कड़ नाटक व गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

चंबा रंग दर्शन चंबा के कलाकारों ने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना आरंभ की गई है, जिसमें पात्र महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह दिए जा रहे है। प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेज़ी मीडियम शुरू किया गया है।

कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया कि वर्तमान सरकार ने विधवा, बेसहारा, एकल महिलाओं और विकलांग माता-पिता के बच्चों को मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान किया है।

## 21 को मनोला में होगा सुशासन सप्ताह कार्यक्रम

**चंबा।** एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज ने बताया कि प्रशासन गांवों के ओर कार्यक्रम के तहत 21 दिसंबर को ग्राम पंचायत पधरोटु के भवन में प्रस्तावित सुशासन सप्ताह के तहत कार्यक्रम को पंचायत भवन के जारी निर्माण कार्यों के कारण अब पंचायत भवन मनोला में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान ग्राम पंचायत ओसल, पधरोटु, रुलयानी, मनोला के लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। 23 दिसंबर को पंचायत भवन नगाली में कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें ग्राम पंचायत नगाली, समलेउ, बगढार, चुहन, शेरपुर तथा टप्पर के लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा ।

## आज से लोगों की समस्याओं का होगा निपटारा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपमंडल अधिकारी (नागरिक) प्रियांशु खाती ने बताया कि प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत सुशासन सप्ताह का उपमंडल स्तर पर आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में आम जनमानस की समस्याओं का मौके पर निपटारा किया जाएगा तथा साथ ही लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। 21 दिसंबर को उप मंडल चंबा की ग्राम पंचायत बरौर, पल्युर, कुरैणा, पलुई, प्रौथा, पधर साहो, सिल्लाघारट, जडेरा, चम्बी, कैला सुंगल, राजिंडू, साच, किडी, अठालुई, व सराहन और गबाड के लोगों की समस्याओं का समाधान के लिए पंचायत भवन बरौर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इसी तरह 23 दिसंबर को ग्राम पंचायत चकलू, चंडी, दुलाहर, झुलाडा, कंदला, कियाणी, कुठेहड़, मसरूड, प्राहान्वी, पुखरी, राजनगर, राजपुरा, भडोह, रुपणी, सिद्धकुण्ड व निहुई और टिकरी के लिए पटवार भवन पुखरी में लोगों की समस्याओं को सुनकर मौके पर निपटारा किया जाएगा। कार्यक्रम में समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे के बीच होगा। उप मंडल अधिकारी (नागरिक) ने बताया कि लोग कार्यक्रम में भाग लें ताकि समस्याओं का समाधान हो सके।

## लीलो लाइन में 21 से शुरू होगा विद्युत प्रवाह

**चंबा।** वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक एचपीपीटीसीएल लाहल इं. राजसिंह ने बताया कि 220 केवी डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन बजोली-होली-लाहल की लीलो लाइन के टावर नंबर 06 से 220/66 केवी जीआईएस उपकेंद्र हीलिंग-डल्ली तक 0.746 किमी लंबी ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात 21 दिसंबर को सुबह 11 बजे से 220 केवी की उच्च क्षमता का विद्युत प्रवाह शुरू कर दिया जाएगा।

यह हाई वोल्टेज विद्युत ट्रांसमिशन लाइन डल्ली गांव के भद्रोली के समीप से होती हुई 220/66 केवी के जीआईएस उपकेंद्र हीलिंग-डल्ली पहुंचती है।

## नए बिल के खिलाफ प्राध्यापकों का विरोध

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा लाए गए 'हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी नियुक्ति तथा सेवा शर्तें बिल 2024' के विरोध में राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल के प्राध्यापकों ने काले बिल्ले लगाकर और गेट मीटिंग कर विरोध जताया।

प्रो. संजीव, प्रो. तिलक, और अन्य प्राध्यापकों ने कहा कि यह बिल कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है और उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करता है। प्राध्यापक संघ ने सरकार से बिल वापस लेने की मांग की और चेतावनी दी कि ऐसा न होने पर वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

## बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान, चंबा**



बेरिया के प्राथमिक पाठशाला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें तारागढ़ पंचायत के प्रधान सिकंदर कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि को स्कूल के हेड टीचर अरुण कुमार के द्वारा बैच और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यकर्म का आगाज़ मां सरस्वती के फोटो के आगे दीप प्राज्वलित कर के किया गया।

उसके बाद बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें पंजाबी हिमाचली और देशभक्ति के गीत गाए गए अंत में हैड टीचर अरुण कुमार के द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया।

मुख्यातिथि के द्वारा बच्चों को समृति चिन्ह के सम्मानित किया गया। वहीं मुख्य तिथि द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभा स्टाफ को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई दी। तारागढ़ के पंचायत प्रधान सिकंदर कुमार उपप्रधान विजेंद्र कुमार मेंबर जोगिंदर कुमार एसएससी प्रधान सुमन देवी, के अलावा सभी एसएससी मेंबर एवं स्कूल के स्टाफ उपस्थित थे ।

## बच्चों के उत्थान के लिए 22 को होगा करियर काउंसिलिंग सत्र

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शिव भूमि सेवा दल बच्चों के उत्थान के लिए 22 को निशुल्क करियर काउंसलिंग सत्र करवाने जा रहा है जिसमें कंप्यूटर शिक्षा पर ज्यादा जोर दिया जाएगा और बच्चों को 12वीं कक्षा के बाद किस तरह की फील्ड में जाना चाहिए या आने वाले समय में कंप्यूटर का कितना बड़ा योगदान रहेगा, उस चीज पे आधारित रहेगा। इस दौरान मुख्य वक्ता मेद सिंह जी रहेंगे। सेवा भूमि सेवा दल लोगों से अपील की है कि अभिभावक और माता-पिता अपने बच्चों को इस वेबीनार में जरूर जोड़ें। 22 दिसंबर को सत्र में जुड़ने के लिए रजिस्टर करें।

## कैप्टन नेत राम शर्मा बने चेयरमैन



वार्षिक बैठक में उपस्थित किसान और अन्य।

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

करसोग नेचुरल फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी की वार्षिक बैठक धरमोड़ स्थित वन विश्राम गृह में शुक्रवार को आयोजित की गई । कार्यक्रम में पदम श्री नेक राम शर्मा ने मुख्य तौर पर उपस्थित रहे । किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मिलेट्स हमारी शरीर की जरूरत बन चुके है और हमें इन्हें अपने आहार में शामिल करने की भी आवश्यकता है ।

इस दौरान कंपनी के पूर्व में रहे चेयरमैन कैप्टन नेत राम शर्मा को सर्वसम्मति से पुनः चेयरमैन मनोनीत किया गया । इस दौरान कंपनी द्वारा आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यों को लेकर योजना तैयार की और कंपनी के साथ अधिक अधिक से प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों को जोड़ने का भी लक्ष्य रख ।

इस दौरान कंपनी की सी ई ओ कुमारी भावना, बी ओ डी सोम कृष्ण गौतम,कला चौहान,भीम सिंह और प्रमोटर विनय शर्मा, त्वारकु देवी तथा बबली देवी सहित क्षेत्र के लगभग 100 किसान मौजूद रहे ।

### सूडोकु 0022 ★सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0021 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

21 दिसंबर, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** षष्ठी (12:24): **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी (06:14), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** प्रीति (06:21) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:40), **राहुकाल** (09:44 -11:02)।

**विशेष दिन**

21 दिसंबर : शिशिर ऋतु आज से होगी शुरू।

21 दिसंबर : सूर्य आज से होंगे उत्तरायण।

**मेष:** परिवारवालों को प्रेमिका से मुलाकात करवा सकते हैं। लाइफ पार्टनर को यकीन दिलाने में सफल होंगे। वैवाहिक जीवन में साथ देने में सफल होंगे।

**वृषभ:** वैवाहिक जीवन में परिवार जनों का भरपूर साथ मिलेगा। जीवनसाथी से भरपूर साथ मिलने वाला है। किसी कारणवश प्रेमिका से विवाद हो सकता है।

**मिथुन:** प्रिय साथी की सेवा में हाजिर रहने वाले हैं। लाइफ पार्टनर के साथ किसी रोमांटिक यात्रा पर जा सकते हैं। लव लाइफ में साथी से मिलकर खुश रहने वाले हैं।

**कर्क:** पार्टनर किसी बात पर रूठ सकता है। लाइफ पार्टनर के सामने नम्र रहने वाले हैं। लव लाइफ में किसी बात को लेकर साथी से मनमुटाव रहेगा।

**सिंह:** लव लाइफ का रिश्ता वैवाहिक जीवन में बदल सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के ऊपर धन खर्च होगा। वैवाहिक जीवन में कष्टों का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या :** लव लाइफ में कोई नया मोड़ आने वाला है। वैवाहिक जीवन में किसी अजनबी से कुछ सीख मिल सकता है। लव लाइफ अधिक अपेक्षा से परेशान हो सकते हैं।

**तुला:** आपके दोस्त आपसे मिलने आपके घर आ सकते हैं। लव लाइफ की पुरानी यादों को ताजा करने वाले हैं। वैवाहिक जीवन यदि कोई तनाव पहले से है तो दूर होगा।

**वृश्चिक:** प्यार में सफलता पाने वाले हैं। अविवाहित जातकों की शादी पक्की हो सकती है। लव पार्टनर के सामने प्यार जताने में सफल हो सकते हैं।

**धनु :** लव लाइफ में सफलता पाने के लिए किसे दोस्त का सहारा ले सकते हैं। वैवाहिक जीवन में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने वाली है।

**मकर :** लव पार्टनर के साथ देश से बाहर घूमने जाने का मौका मिलेगा। रिश्ते में मजबूती आने वाली है। प्रेमिका से मिलने के लिए किसी अच्छे स्थान पर जा सकते हैं।

**कुंभ :** लव लाइफ में पारिवारिक समस्या का सामना करना पड़ेगा। किसी अनजान से प्यार हो सकता है। पुरानी प्रेमिका मिलने के लिए जिद्द कर सकती है।

**मीन :** लव लाइफ की परेशानी को आसानी से निजात पा सकते हैं। शादी के लिए प्रस्ताव आ सकता है। जीवनसाथी की सेहत की चिंता रहने वाली है।

## पंचायतों में सुनी लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, मंडी**



सदर उपमंडल की ग्राम पंचायत भवन तरयाम्बली में टाण्डू, मैगल, तरयाम्बली व कटिंढी जबकि पंचायत भवन वीर में बाड़ी गुमाणू तथा वीर पंचायत के लोगों की समस्याएं सुनी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर ने की। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी व समर्थन के माध्यम से सुशासन को बढ़ावा देना है।

इन कार्यक्रमों में जनता की शिकायतों को दूर करने के लिए विशेष शिविर व कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। कार्यक्रम में उपमंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया तथा स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना गया और लगभग दो दर्जन से अधिक समस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।

## गुरमत समागम शुरू, निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



शोभायात्रा में भाग लेते हुए श्रद्धालुगण

गुरु नानक गुरु गोबिंद सिंह लहर मिशन का 25 वां सालाना गुरमत समागम शुक्रवार को मंडी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा गोबिंद सिंह से ब्यास नदी के बीचों बीच कोलसर साहिब तक पंज प्यारों की अगुवाई में निकली शोभायात्रा के साथ शुरू हो गया।

मिशन के संरक्षक सरदार बलवंत सिंह, जत्थेदार हरबंस सिंह व सुरजीत सिंह की देखरेख में यह समागम तीन दिन चलेगा।

कोलसर साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पाठ आरंभ हो गया है जिसका भोग रविवार को समापन पर सुबह 10 बजे पड़ेगा।

समागम में रागी भाई अमरजीत सिंह जी नानकसर वाले, भाई परमजीत सिंह खालसा नेरचौक वाले तथा तरनजीत सिंह मंडी सुकेत वाले विशेष शब्द कीर्तन से संगतों को निहाल करेंगे।

# धर्मपुर में अवैध कटान पर हो विजिलेंस जांच : रजत ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

धर्मपुर विस क्षेत्र में दिन रात हो रहे लकड़ी के अवैध कटान पर धर्मपुर से भाजपा प्रत्याशी रहे रजत ठाकुर ने मांगी विजलेंस जांच मांगी है। धर्मपुर विस क्षेत्र में लकड़ी का अवैध कटान जोरों से चला हुआ है और इस लकड़ी को बहरी में इक्टठा किया जा रहा है।

भाजपा नेता रजत ठाकुर ने कहा कि यहां ऐसे पेड़ों का कटान भी धड़ल्ले से हो रहा है, जिनको काटना सरकार ने प्रतिबंधित किया हुआ है। उन्होंने कहा कि बहरी में हजारों टन लकड़ी इक्टठा की गई है, जबकि वहां न तो कोई फैक्ट्री है और न ही कोई लकड़ी का डिपो फिर यह लकड़ी यहां कैसे इक्टठा की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो गाड़ियां लकड़ी लेकर जा रही हैं उनका वजन करने के लिए वहां कोई धर्मकांटा तक नहीं लगाया है। उन्होंने कहा कि दो हजार ट्रक अवैध लकड़ी के बहरी गांव में दो जगह डम्प किए जा रहे हैं ये किसके हैं, यह अपने आप में बहुत बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि बिना राजनीतिक संरक्षण के यह बिल्कुल भी संभव नहीं है।

रजत ठाकुर ने कहा कि जो जमीन बहरी में लीज पर ली है वह किसने ओर किसके नाम ली है यह भी जांच का विषय है। इसकी भी प्रमुखता से जांच होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जब उन्होंने इसके बारे में अधिकारियों से पूछा कि यह सब कैसे हो रहा है, तो उन्होंने बताया कि उपर से आदेश है यह आदेश कहां से है इसका भी पता लगाया जाए।

#### जांच न होने पर होगा प्रदर्शन

**रजत** ठाकुर ने कहा कि एक तरफ प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री सुक्खू भ्रष्टाचार को खत्म करने की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, वहीं धर्मपुर में इतना बड़ा भ्रष्टाचार हो रहा है इस पर उन्हें तुरंत विजिलेंस जांच बैठानी चाहिए, ताकि धर्मपुर की जनता को न्याय मिल सके। वहीं उन्होंने इस मामले की जांच ईडी व सीबीआई से करवाने की भी मांग उठाई। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ा भ्रष्टाचार है और यह कांग्रेस सरकार में हो रहा है। अगर सरकार इसकी जांच नहीं करवाएगी तो फिर धर्मपुर की जनता इसके खिलाफ सड़कों पर उतरने से परहेज नहीं करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में धर्मपुर में हो रहे भ्रष्टाचार के मामलों को क्रमवार उजागर किया जाएगा।

## चंपा ठाकुर ने नवाजे बड़ोग के मेधावी छात्र-छात्राएं



कार्यक्रम के दौरान सम्मानित मुख्य अतिथिगण सामूहिक चित्र में ।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ोग (दुदर) में वार्षिक पारितोषिक वितरण उत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।

बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद पूर्व अध्यक्षा व वर्तमान पार्षद चंपा ठाकुर और विशिष्ट अतिथि के तौर पर सेवानिवृत्त सूबेदार रतन सिंह रावत ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। टीजीटी (संस्कृत) वंदना शर्मा के सुंदर मंच संचालन में प्रधानाचार्य चंचल गुप्ता द्वारा स्कूल की वार्षिक गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

आयोजन के लिए विशिष्ट अतिथि रतन सिंह रावत तथा पंचायत व एसएमसी प्रधान विजेंद्र चंदेल द्वारा विद्यालय को 5100 और गांव के एक शिक्षक नरेंद्र द्वारा 2100 व मुख्यातिथि ने पांच हजार रुपए अपनी ओर से दिए।

**सफलता** हमेशा असफलता के स्तंभ पर खड़ी होती है। इसलिए किसी को भी असफलता से घबराना नहीं चाहिए। -सुभाष चंद्र बोस

## संपादकीय

# संसद में संग्राम

डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर एनडीए और विपक्षी गठबंधन के बीच जारी जंग अब पुलिस थाने तक पहुंच गई है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस थाने में क्रॉस एफआईआर दर्ज करवाई है। संसद में कांग्रेस और भाजपा के सांसद डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रकरण को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे और इसी दौरान दोनों पक्षों के सांसद आपस में टकरा गए और धक्का मुक्की का दौर शुरू हो गया। यह स्थिति तब बिगड़ी जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में सांसदों के एक समूह ने ठीक उनके बीच से भवन में प्रवेश करना चाहा। दूसरी ओर भाजपा सांसदों की तरफ से भी प्रदर्शन को लेकर होड़ मची थी। हालांकि, भाजपा सांसदों की एक ओर इतना स्थान खाली पड़ा हुआ था कि कांग्रेस सांसद आसानी से वहां से निकल सकते थे। देखते ही देखते दोनों पक्षों के सांसद बेहद करीब आ गए और यह घटनाक्रम घट गया, क्योंकि आगे निकलने के लिए जो खाली जगह बची हुई थी वह उन्होंने खुद ही खत्म कर दी।

सुरक्षा कर्मियों ने खाली जगह से जाने के लिए कहा था, लेकिन किसी ने भी उनकी बात नहीं मानी। संसद में भाजपा और कांग्रेस के सांसदों में धक्का मुक्की का आचरण बेहद अनुचित है। संसद एक ऐसा स्थान है जहां देश के नेता और प्रतिनिधि एकत्रित होकर देश के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हैं और निर्णय लेते हैं। इस तरह के आचरण से न केवल संसद की गरिमा को ठेस पहुंचती है, बल्कि यह देश के लोकतंत्र के मूल्यों के विरुद्ध भी है क्योंकि संसद में जो देखा गया उसके पहले कभी नहीं हुआ था। निश्चित रूप से इस घटनाक्रम ने देश के सांसदों की कार्यशैली को लेकर कई सवालों को जन्म दे दिया है। जनता जनार्दन अपने बेशकीमती वोटों से सांसदों को चुनकर देश की सर्वोच्च संस्था संसद तक पहुंचाती है। क्या वह उन्हें इसलिए चुनती है कि वह वहां जाकर पहलवानी पर उतर आएं। धक्का मुक्की करने लग जाएं।

इतने बड़े ओहदे पर पहुंचकर अमर्यादित और अशालीन शब्द उनके मुंह से निकलाना बेहद शर्मनाक वाकया है। गरमागरमी और तेज आवाज में नारेबाजी कर ये सांसद आखिर क्या जताना चाहते हैं? बहरहाल संसद के द्वार पर हुई धक्का मुक्की की घटना के बाद लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला ने संसद भवन के किसी भी द्वार पर सांसदों और राजनीतिक दलों के धरना एवं प्रदर्शन करने पर बैन लगा दिया है । अच्छा होता संसद में इस तरह के प्रदर्शनों पर पहले ही बैन लगा दिया जाता, ताकि ऐसी नौबत ही न आती । इस प्रकरण को लेकर दोषी आखिर कौन सी पार्टी के सांसद हैं यह तो पूरी जांच पड़ताल के बाद ही सामने आ पाएगा। संसद के शीतकालीन सत्र में संसद के अंदर और बाहर गरमागरमी का दौरा बेहद शर्मनाक है। कहीं ऐसा तो नहीं कि संसद की गरिमा को जान बूझकर ही तार तार किया जा रहा है। संसद की गरिमा बनाए रखना सबका कर्तव्य है। संसद परिसर में सांसदों का आपस में ही भिड़ जाना उनके राजनीतिक कौशल पर भी प्रश्न चिन्ह लगता है।

यह भी नहीं कहा जा सकता कि धक्का मुक्की अनजाने में हुई। घायल हुए भाजपा सांसदों का आरोप है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और साथी सांसद जानबूझकर उनके साथ भिड़े। दूसरी ओर राहुल गांधी भी यह आरोप लगा रहे हैं कि उनका रास्ता रोकने के लिए जानबूझकर कोशिश की गई, जिसके चलते कांग्रेस के पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे नीचे गिर गए। ऐसे में वहां क्या स्थिति होगी इसके बारे में तो घटनाक्रम के दोनों पक्षों की ओर के सांसद ही सही तरीके से बयां कर सकते हैं। प्रतिकार किसी समस्या का हल नहीं होता है। यह घटना ऐसी घटना है जिसकी हमारे देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में चर्चा हो रही है और भारत का सिर शर्म से झुक गया है। पहले कभी ऐसा नहीं होता था। नेता अब एक-दूसरे पर झूठे लांछन लगा रहे हैं और आरोप लगाने से भी गुरेज नहीं करते हैं। राजनीतिक शत्रुता न केवल संसद सदस्यों को अपने विचारों और मतों को व्यक्त करने की स्वतंत्रता है, लेकिन यह स्वतंत्रता अनुच्छेद 105(1) और (2) के तहत परिभाषित की गई है। इसका मतलब है कि संसद सदस्यों को अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए शालीन और सम्मानजनक भाषा का उपयोग करना चाहिए। इसलिए, संसद में धक्का मुक्की का आचरण अनुचित है और इसे रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के भूतपूर्व 17वें मुख्य न्यायाधीश

**प्रफुल्लचंद** नटवरलाल भगवती या पीएन भगवती भारत के भूतपूर्व 17वें मुख्य न्यायाधीश थे। वह 12 जुलाई, 1985 से 20 दिसंबर, 1986 तक भारत के मुख्य न्यायाधीश रहे। मूल रूप से गुजराती न्यायाधीश पीएन भगवती का भारतीय न्याय व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा योगदान जनहित याचिका (पीआईएल) है। आम लोगों को सन 1986 में मिले पीआईएल के अधिकार ने देश में न्यायपालिका की तस्वीर बदल दी। न्यायिक सक्रियता का युग यहीं से शुरू हुआ। ताजमहल के संरक्षण से लेकर शहरों की सफाई तक हजारों मामलों पर न्यायपालिका ने ऐतिहासिक फैसले सुनाए। 21 दिसंबर, 1921 को गुजरात में जन्मे न्यायाधीश पीएन भगवती ने एलफिंस्टन कॉलेज, मुंबई से गणित में स्नातक किया और इसके बाद गवर्नमेंट लॉ कॉलेज, मुंबई से लॉ में स्नातक किया। वह एक उत्साही कानूनी शख्सियत थे, जिन्होंने वर्ष 1948 से बॉम्बे हाईकोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की। उन्हें 1960 में गुजरात हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया था, जिसके बाद अपने पिता न्यायाधीश नटवरलाल एच. भगवती की विरासत को आगे बढ़ाते हुए वह 1973 में सुप्रीम कोर्ट में जज के रूप में नियुक्त किए गए। न्यायाधीश पीएन भगवती के पिता न्यायाधीश नटवरलाल एच. भगवती ने 1952 से 1959 तक सुप्रीम कोर्ट में जज के रूप में कार्य किया था। पीएन भगवती 12 जुलाई, 1985 से 20 दिसंबर, 1986 तक भारत के 17वें मुख्य न्यायाधीश रहे। मुल्क कानून पेशे में कई दिग्गजों की विरासत का गवाह रहा है, इन सभी में जे. भगवती का आकर्षण अद्भुत रहा है। नटवरलाल भगवती पर सात बेटे, एक बेटी और दो चचेरे भाइयों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी थी। गरीबी के बावजूद सीनियर भगवती ने अपने बच्चों की अच्छी परवरिश सुनिश्चित की। ■



प्रफुल्लचंद नटवरलाल भगवती
जन्म : 21 दिसंबर, 1921
मृत्यु : 15 जून, 2017

## कविता

# प्रभु मिलन की आस



बोध राज शर्मा

*अनंत समय से है प्रबल प्रतीक्षा शुभ घड़ी कब आएगी,*
*जब लंबे सफर के अनंत पथ में यह देह थक जाएगी।*
*अथाह सुख दुख के जंजाल में फंस करके यह घबराएगी,*
*जब सब तज कर करुण हृदय से याद प्रभु की आएगी।*
*फिर चल दूंगा प्रभु की खोज में दिव्य ऊर्जा का बल पाकर,*
*सब भूल कर स्वार्थ मद मोह मान करुंगा न्योछावर।*
*प्राणों में होगी प्रभु प्रेम पीर मन होगा ईष्ट दर्शन को अधीर,*
*झर झर आंसू गिर रहे होंगे प्रभु मिलन की पीर तड़फाएगी।*
*लगता है वहां हर क्षण बहती है सुरभित मंद पवन,*
*अक्षय-आनंद मृदु अतुल शांति अनुपम प्रकाशभवन।*
*अमृत के झरने बहते हैं जिसे पी कर होते दिव्य मगन,*
*इस प्यासे कलांत पथिक को भी प्रभु प्रेम बूंद मिल जाएगी।*
*बजते हैं जहां अनहद धुन बाजे प्रभु प्रेम में हर जीव साजे,*
*तपस्वियों के विमल कुंज कमलों पर भमरों की गुन गुन।*
*जिस सुख पर प्राण न्योछावर हों रोमांचित हो जाए तन मन,*
*युग युग की कलुष कलिमा सब क्षण में धूल जाएगी।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# भारत का गोवंश सड़क पर, कैसे होगी प्रा्रकृतिक खेती

भारत का गोवंश सड़क पर कैसे होगी प्राकृतिक खेती। पशुधन गणना के अनुसार भारत में लावारिस गाय बैलों की संख्या 50,21 लाख है। जो सड़क पर शहर से गांव तक घूम रहे हैं। देश का कोई शहर या गांव नहीं बचा है जहां यह गोवंश सड़क पर घूमता कचड़ा खाते नहीं मिल जाएंगे। देश की हर सरकार अब गोवंश के नाम पर ही धन बंटवारा करके लाभ कमाने में लग गया है। देश के हर प्रदेश में एक नया संगठन भी बन गया गोवंश रक्षक जो इनके नाम पर ही राजनीति करने लगा और कुछ जगह तो गोवंश के नाम पर हत्याएं भी हो रही है। पर वास्तव में गोवंश को कोई बचा नहीं रहा है, बल्कि गोवंश के नाम पर कुछ लोगों को एक नया राजनीतिक रोजगार अवसर मिल गया है। देश की हर सरकार गोवंश के लिए कुछ स्वयंसेवी संस्था को सरकारी जमीन भी आवंटित कर दी की गोशाला बनेगी और गोवंश का संरक्षण होगा, सड़क पर घूम रहे लावारिस गोवंश की सुरक्षा होगी।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृषि विवि पालमपुर

इन गोवंश से आय भी होगी, पर यह बस एक कागजी नारा ही बनकर रह गया है। सड़क पर घूमने वाले गोवंश में राजस्थान सबसे आगे हैं यहां सबसे ज्यादा संख्या में गोवंश सड़क पर है इसके बाद यूपी में गोवंश सड़क पर है। 2024 के संसद के आम चुनाव में भारत के प्रधानमंत्री ने हर जन सभा में बोला था कि सरकार बनते ही गोवंश की समस्या का स्थायी समाधान करके इस आवारा गाय बैल से धन कमाने का साधन बनाएंगे और यह आय भारत की अर्थव्यवस्था में सहयोग करेंगे।

आवारा गोवंश को रोजगार के लिए एनजीओ का सहयोग लिया जाएगा और सरकार की जमीन पर गोशाला बनाया जाएगा है, परंतु चुनाव समाप्त होते ही सब कुछ एक फाइल में बंद हो गया । अब कहीं भी इसकी चर्चा नहीं होती है कि आवारा गाय बैल को संरक्षित करने के लिए क्या हो रहा है। क्या बजट में सरकार ने प्रावधान किया है अगर है तो कितना धन आवंटित है किस सस्था को दिया है या देना शामिल हैं। हर प्रदेश की सरकार ने आवारा पशुओं और गोवंश के संरक्षण के लिए बजट में प्रावधान भी किया है। यूपी सरकार ने करीब 612 करोड़ रुपए खर्च करने लिए बजट पास किया, लेकिन सच्चाई यह है कि सड़क पर गांव से शहर तक लावारिस गाय बछड़े घूमते हैं। आज भी शिकायत पर भी कोई उचित कार्यवाही नहीं होती है। हर रोज आवारा पशुओं के टक्कर से दूर्घटना होती है। लोग मरते हैं, सरकार मौन



रहती है। उत्तराखंड सरकार ग्राम गो सेवक योजना के तहत हर पांच नर पशु पालने के लिए अस्सी रुपए प्रति पशु प्रतिदिन देने का प्रावधान किया है। पर यह किसको मिलता है कहां दिया जाता है। अगर योजना सही है तो फिर लावारिस गाय और अन्य पशु कैसे सड़कों पर है। किसानों की फसल बर्बाद कर रहे हैं। यह सवाल तो खड़ा है।

हर सरकारें दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनाव में यह बोलते थे कि पशुओं के गोबर से केंचुआ खाद और कंपोस्ट खाद बनाई जाएगी जिससे लावारिस गाय सड़क पर नहीं होगी और देश प्रदेश के आर्थिक विकास में योगदान होगा। इस खाद का प्रयोग प्राकृतिक खेती के लिए किया जाएगा, पर अभी तो सब कागजी योजनाएं हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में वहां के मुख्यमंत्री भूपेष बघेल ने किसानों से दो रुपए किलो गोबर खरीदने का कार्य शुरू किया था। पर जनता ने नकार दिया और सत्ता से बाहर हो गए। अब वह योजना बन्द भी हो गई है। हिमाचल सरकार भी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। दो वर्ष पूर्ण होने पर हिमाचल ने प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की का आटा सरकारी राशन की दुकान से बेचना शुरू किया है। हर प्रदेश ने गोशाला को सरकारी जमीन पर बनवाया है। बहुत से स्वयंसेवी संस्थान भी गोवंश के संरक्षण में लगे हैं, वह सरकार से गोशाला चलने के नाम पर अनुदान भी ले रहे हैं फिर भी सड़क पर शहर में गांव में लावारिस पशुओं की भीड़ है। जब हम प्राकृतिक खेती की बात करते हैं तो यह सुनिश्चित हो कि किसान के पास गाय बैल हैं। अगर नहीं है तो उसका उत्पाद कैसे प्राकृतिक है। सरकार यह सुनिश्चित करें कि प्राकृतिक खेती के उत्पाद उन्हीं किसानों से ले जो वास्तव में गाय बैल हल से खेती करते हैं। हिमाचल सरकार भी इस वर्ष से किसानों से गोबर खरीदना शुरू करने जा रहा है। इस गोबर से वर्मी कंपोस्ट खाद बनाकर किसानों को बेचने की योजना बनाया है।

यह देखना होगा क्या गोबर खरीद योजना से लावारिस पशुओं की भीड़ सड़क से हट जाएगी। किसानों ने जो गाय बछड़ा सड़क पर छोड़ दिया है वह वापस अपने खूंटे पर जा पाएंगे। अगर सड़क पर पशुओं की संख्या कम नहीं हुई जैसा गोशालाओं के खोलने के बाद भी पशु सड़क पर ही है वैसा रहेगा या यह पशु किसानों के लिए आय का साधन बनेंगे। भारत में आज लावारिस गाय बछड़ा एक गंभीर समस्या बन चुकी है, परंतु कोई भी राज्य सरकार सही समाधान नहीं कर पा रही है। यह समस्या कृत्रिम गर्भाधान से भी बढ़ी है। सकर नस्ल के बछड़े छोटे और खेती में कार्य योग्य नहीं है। न ही किसान हल से खेती कर रहा है। सकर गाय एक दो बार के बाद बांझपन का शिकार हो रही हैं, तो उनको किसान पालने की अपेक्षा सड़क पर छोड़ दे रहा है। कृत्रिम गर्भाधान को बंद करना ही श्रेयस्कर होगा या ऐसी नस्ल हो जो पांच से आठ व्यान तक दूध दे। वह केवल देशी गाय ही देती थी जो अब समाप्ति की ओर है। कुछ गोशालाओं में जैसे श्रीश्री रविशंकर जी के यहां देश की लगभग हर नस्ल की गाय है। गिर गाय हमारे देश की सबसे अच्छी नस्ल है तो साहीवाल और सिंधी भी है। इनके संरक्षण के लिए जरूरी कदम उठाने की जरूरत है।


एक प्रश्न यहां यह भी है कि अगर देश में 50 हजार गाय लावारिस हैं तो फिर भारत दुनिया में दूध उत्पादन में एक नंबर पर कैसे है। इतने पशुधन सड़क पर है तो कैसे हम प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे सकते हैं या कार्बनिक उत्पाद बाजार में बेच रहे हैं, यह सोचना होगा। बिना पशुधन के कोई किसान कार्बनिक फसल फल सब्जी गेहूं चावल कैसे पैदा कर रहा है और कैसे यूपी हिमाचल उत्तराखंड की सरकारें पूर्ण प्राकृतिक खेती की बात कर रही हैं। क्या प्राकृतिक खेती केवल एक छलावा तो नहीं है। अगर किसी प्रदेश को पूर्ण प्राकृतिक खेती में बदलना है तो उस प्रदेश में शहर गांव सडक कहीं भी लावारिस गाय बछड़ा नहीं मिलना चाहिए है। अगर सड़क पर गाय बछड़ा घूम रहा है तो निश्चित ही प्राकृतिक खेती धोखा है। कारण की प्राकृतिक खेती में गाय बछड़ा ही मूल है। बिना गोबर गो मूत्र बैल के प्रयोग से प्राकृतिक खेती संभव नहीं है। यहां सवाल प्राकृतिक खेती के साथ लावारिस गाय बछड़े जंगली जानवरों का भी है। यह सब सड़क से खेत तक गांव से शहर तक फैले हैं हर जो इनकी संख्या बढ़ती है और यूपी उत्तराखंड हिमाचल की सरकार बात कर रही है प्राकृतिक खेती की। कभी यह नहीं कह रही है किसानों का जो इन लावारिस पशुओं से फसल का नुकसान हो रहा है उसकी भरपाई सरकार करेगी। बस जनता में लोक लुभावन नारों भाषणों का ऐसा चलन बन गया है कि जनता उस शब्द के भ्रम में दस साल से घूम रही है समाधान किसी समस्या का नहीं मिल रहा है न ही उपज का सरकारी मूल्य, न ही लावारिस पशुओं से निजात,न ही किसानों को समय पर बीज खाद। बस बात हो रही है प्राकृतिक खेती की। यह भी नहीं साफ पहले कौन सी फसल या हर तरह की फसल की खेती होगी हर किसान शामिल होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# आधुनिक समय की आवश्यकता है ध्यान

वर्तमान समय में विश्व जिन समस्याओं से जूझ रहा है, उनमें सबसे बड़ी समस्या मानसिक स्वास्थ्य की है। आज एक ओर लोगों में आक्रामकता और हिंसा बढ़ रही है तो दूसरी ओर वे अवसाद और आत्महत्या की प्रवृत्ति से पीड़ित हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन, डब्ल्यूएचओ के अनुसार, आज 1 अरब से अधिक लोग विभिन्न मानसिक रोगों से ग्रस्त हैं। यह एक स्वस्थ समाज की निशानी नहीं है। किसी भी समाज के विकास और समृद्धि के लिए इन चुनौतियों का समाधान करना बहुत आवश्यक है और ऐसा केवल ध्यान के माध्यम से ही किया जा सकता है।



लेखक : श्री श्री रवि शंकर
अध्यात्मिक गुरु

ध्यान जीवन की गहरी समझ लाता है। हमारा जीवन प्रकृति का दिया हुआ सबसे अनमोल उपहार है किंतु हम इस उपहार को सदैव आवरण में लपेट कर रखे रहते हैं, कभी खोलते ही नहीं। जरा कल्पना करें कि कोई आपको उपहार दे और आप उसे खोलें भी नहीं, तो आप उसकी सुंदरता का आनंद कैसे उठाएंगे? हम कभी शरीर रूपी आवरण को निहारते रहते हैं, कभी उसमें दोष निकालते हैं या फिर उसकी प्रशंसा करते हैं, लेकिन हम उसके भीतर के आत्मारूपी कोष की खोज नहीं करते।

हममें से प्रत्येक व्यक्ति आनंद और अनुग्रह का स्रोत है। इसका अनुभव करने के लिए, जीवन के वास्तविक आनंद और सुंदरता को पाने के लिए आपको पांचों इंद्रियों से परे जाने की आवश्यकता है। जीवन वास्तव में छठी इंद्रिय, अंतर्ज्ञान या सहजबोध की अनुभूति से शुरू होता है। सहज बोध की अनुभूति क्या है? आपकी बुद्धि कोई मार्ग चुनने के लिए तार्किक तर्क दे सकती है लेकिन आपकी अंत: प्रज्ञा कहती है कि 'नहीं मुझे यह मार्ग नहीं चुनना चाहिए, मुझे दूसरा मार्ग चुनना चाहिए।' जब आप ऐसा करते हैं तो आप अपने निर्णय से संतुष्ट और प्रसन्न होते हैं। इसी तरह कई बार आपके निर्णय गलत हो सकते हैं, आपकी बुद्धि भूल कर सकती है, लेकिन आपकी अंत: प्रज्ञा या इंट्यूशन कभी गलत नहीं हो सकता। आपका निर्णय समय-समय पर बदलता रह सकता है।



आप किसी को देखते हैं और उसके विषय में एक राय बनाते हैं, लेकिन थोड़ी देर बाद आपको ऐसा लग सकता है कि आपका विचार गलत था। हमारा मस्तिष्क अक्सर ऐसे ही कई पूर्वाग्रहों से भरा रहता है। इन पूर्वाग्रहों से ऊपर उठने और अपनी छठी इंद्रिय तक पहुंचने के लिए आपको ध्यान करने की आवश्यकता है। केवल ध्यान ही आपको बुद्धि के पूर्वाग्रहों से पार जाने में मदद कर सकता है। स्वयं को थोड़ा समय देने और प्रतिदिन ध्यान का अभ्यास करने से आपके जीवन में एक नया आयाम खुलेगा। तब आप देखेंगे कि जीवन में कितना सौंदर्य और प्रेम छुपा हुआ है। यह आपको 'अचाह - कुछ न चाहने', 'अकिंचन-कुछ न होने' और 'अप्रयत्न- कुछ न करने' की सजगतापूर्ण, लेकिन पूर्ण विश्राम की स्थिति में ले आएगा। ध्यान वह सर्वोच्च प्रार्थना है जो हमें जीवन से प्राप्त होने वाले आनंद और कृपा की झलक देता है।

बढ़ते उत्तरदायित्वों और महत्वाकांक्षाओं से भरे विश्व में ध्यान करना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। कभी आत्मज्ञान का मार्ग माने जाने वाले ध्यान को अब तनाव के प्रबंधन और आरोग्य की वृद्धि के लिए एक बहुत प्रभावी उपकरण के रूप में पहचाना जाने लगा है। यह आपकी आंतरिक शक्ति को पुनर्जीवित करके आपको चुनौतियों का डटकर सामना करने में सक्षम बनाता है। यह आपके मस्तिष्क को वर्तमान पर केंद्रित रखकर, अतीत के पश्चाताप या भविष्य की चिंताओं से मुक्त रखकर जीवन की सभी चुनौतियों से निपटने में आपकी सहायता करता है। ध्यान केवल विश्राम करने का साधन नहीं है, बल्कि यह एक आवश्यक साधना है जो हमारे जीवन को पूर्ण बना सकती है। जीवन में शांति और संतुलन लाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम हर दिन कुछ मिनटों के लिए ध्यान करें। यदि हम हर दिन ध्यान के लिए केवल 10 से 20 मिनट का भी समय निकालते हैं तो हमारे मन और शरीर को गहरा विश्राम और ऊर्जा प्राप्त होती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**विधानसभा** तपोवन परिसर और यहां जीवंतता का उत्साह शिमला परिसर से भिन्न और खुले आकाश के नीचे सत्ता का प्रारूप बदल जाता है। कुछ आक्रोश अगर प्रदेश में उभरते हैं, तो तपोवन साक्षी है कि यहां कहने की अनुगूंज हिमाचल के पर्वतों से रास्ता निकाल लेती है। आज का दिन तपोवन का दिन है, लेकिन चार दिनों की चांदनी के बाद कौन सोचेगा कि इस लोकतांत्रिक प्रतीक के वार्षिक फलक पर स्थायी चांदनी चाहिए। भाजपा अपनी चांदनी में तपोवन के शीतकालीन सत्र का शृंगार आक्रोश रैली से करेगी। शायद यह सरकार के दो साला जश्न के मुकाबले में पूरी तरह उतर आए या सदन तक मुद्दों की आवाज यहां से ही पहुंच जाए। सवाल दर सवाल, विपक्ष दर विपक्ष और सत्ता दर सत्ता से जुड़ी आकांक्षाएं, उम्मीदें और अपेक्षाएं जब तपोवन को चिरस्थायी रखना चाहती हैं, तो लगता है यह चार दिन का सदन क्या मजबूरी की ढुलाई बन गया है। क्या इसी मंशा से विधानसभा के द्वार धर्मशाला में खुले थे या बस इतनी सी महत्वाकांक्षा में निचला हिमाचल संतुष्ट हो गया। **मनोज कुमार, शाहपुर**

# राष्ट्र के विकास और उन्नति के लिए 'एक देश एक चुनाव' महत्वपूर्ण

समाज और राष्ट्र के विकास और उन्नति के लिए देश के नागरिक सरकार को चुनने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाने का कार्य करते हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों की सक्रिय भागीदारी राष्ट्र निर्माण की दिशा और दशा के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपने जनप्रतिनिधियों को चुनने का अधिकार जनता के हाथों में होता है। जनता अपने विवेक और जागरूकता से सक्षम और उत्कृष्ट जननेता का चुनाव करके अपने समाज और राष्ट्र की बागडोर उनके हाथों में सौंपते हैं जिससे वे राष्ट्र की प्रगति और विकास का निर्धारण करते हैं। लोगों द्वारा ऐसी व्यवस्था चुनावों के माध्यम से ही संपन्न की जाती है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जो गर्व का विषय है।



लेखक : विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, चंबा

वर्तमान समय में अगर हम चुनावी व्यवस्था का अवलोकन करें तो यह प्रतीत होता कि विगत कुछ दशकों से देश ने अनेक चुनावों का सामना किया है, क्योंकि हमारे देश में पंचायतीराज व्यवस्था से लेकर संसदीय प्रणाली के चुनावों तक कई स्तरों पर चुनाव संपन्न करवाए जाते हैं।

वास्तव में हमारे देश में पंचायत, जिला परिषद और विधानसभा और लोकसभा की अवधि पांच वर्ष निर्धारित है। यह पांच वर्ष जनप्रतिनिधियों के लिए विकासात्मक कार्यों को संपन्न करने और समाज तथा राष्ट्र की प्रगति और विकास के लिए प्रदान किया जाता है, परंतु अगर हम गंभीरता से अवलोकन करें तो यह बात स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है कि जनप्रतिनिधि अपने कार्यक्षेत्र में, कार्यकाल में अपनी पूरी क्षमता और सामर्थ्य तथा समय का शत प्रतिशत उपयोग नहीं कर पाते, परिणामस्वरूप विकास कार्य बड़े पैमाने पर प्रभावित होते हैं और मतदाताओं की बात करें तो चुनाव आयोग की अपार कोशिशें करने पर भी मतदान का प्रतिशत अपेक्षानुरूप नहीं हो पाता क्योंकि लोग थोड़े-थोड़े अंतराल के पश्चात मतदान करने से ऊब चुके होते हैं इसलिए वे मतदान करने में रुचि नहीं दिखाते और मतदान से किनारा ही किया करते हैं।



इतिहास के आईने में अगर हम देंखे तो यह स्पष्ट है कि स्वतंत्रता के पश्चात हमारे देश में एक ही चुनाव का प्रचलन शुरू हुआ था, परंतु स्वतंत्रता प्राप्ति के कुछ दशकों में इस प्रक्रिया में बदलाव आते गए, क्योंकि कुछ राज्यों में विधानसभा भंग होने या अन्य कारणों से विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भिन्नता उत्पन्न हो गई। परिणामस्वरूप देश प्रतिवर्ष चुनावों की प्रक्रिया में व्यस्त हो गया।

जिसका स्पष्ट प्रभाव देश की प्रगति की प्रक्रिया में पड़ रहा है, क्योंकि विकास के लिए आवश्यक समय, ऊर्जा और मानव संसाधन का भरपूर उपयोग सृजनात्मक रूप में संभव नहीं हो पाया है यह बात काबिले गौर है कि हमारे राजनीतिक व्यवस्था और कार्यकारी व्यवस्था तथा धरातल पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को उनके दायित्व निभाने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण उनकी कार्यशैली और कार्यक्षमता पर तथा कार्य निष्पादन करने की क्षमता प्रभावित होती रही है। वर्तमान समय की व्यवस्था के तहत लगभग हर छह महीने में देश या प्रदेश को एक चुनाव का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण समय, धन और ऊर्जा की बड़े पैमाने पर खर्च होते हैं,वह धन जो विकासात्मक कार्यों में व्यय होना चाहिए। चुनाव प्रक्रिया की अगर बात करें तो आचार संहिता लगते ही जिसकी अवधि पहले पैंतालीस दिन होती थी अब एक महीना पहले लग जाती है,सारे कार्य रुक जाते हैं। सारा ध्यान चुनाव प्रक्रिया पर केंद्रित कर दिया जाता है और प्रत्येक विभाग से लगभग सभी कर्मचारियों की आवश्यकता पड़ती है, परिणामस्वरूप हर विभाग में धरातल पर कार्यों पर रोक लग जाती है जो कि तर्कसंगत और न्यायोचित नहीं है। चुने हुए प्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी चुनाव प्रचार करने के लिए जाना पड़ता है, जिससे वे अपना पूरा समय विकास कार्यों और जनसमस्याओं के समाधान के लिए नहीं दे पाते। भारत सरकार की इस नई पहल का सभी लोगों को धर्म, संप्रदाय और राजनीतिक विचारधारा की विभिन्नताओं को भुलाकर एकमत से समर्थन करके राष्ट्रीय एकीकरण और विकासात्मक विचारधारा को प्रदर्शित करना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# परमपिता परमात्मा की प्राप्ति ध्यान के बिना अधूरी

हम इस देह-मंदिर को मोहान्धकार से भरकर दु:ख उठा रहे हैं। ध्यानयोग के ग्रन्थों में वर्णित षड्चक्रों का भेदन ध्यान के अभ्यास से स्वयं हो जाता है। मोह में फंसा व्यक्ति स्वयमेव समस्याओं को उत्पन्न करता है और फिर उनके हल को ढूंढने में अपना समस्त जीवन-काल और प्रभुप्रदत्त समस्त शाक्तियों का क्षय करता रहता है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वह दिन-रात मकड़ी की भांति स्वयं जाला बनाकर उसी में फंसता रहता है और अपनी रची हुई समस्याओं की बलिवेदी पर ही आत्मोत्सर्ग कर देता है। हम ध्यान के द्वारा मोह, चिंता, शोक व भय से मुक्त होकर अंत:करण को शुद्ध बना सकते हैं। शुद्ध अंत:करण ही हमारा श्रेष्ठ पथ प्रदर्शक, सहायक एवं मित्र है। कभी-कभी हम आसुरी कल्पनाएं करके मन को पाप से भर देते हैं तथा रौद्र ध्यान करते हैं कि किस प्रकार शत्रुओं को समूल नष्ट कर दें और अनेक मानसिक षडयंत्र रचते हैं। हम बक-ध्यान करते हुए आंखें मूंद कर भी पर-हानि के उपायों का चिंतन करते हैं और अपने मन को तनाव, क्रोध और भय का ज्वालामुखी बना देते हैं। हृदय की धरती की असीम एवं व्यापक प्रेम से सींचने पर ही उसमें भी अमृत समुद्भूत होता है।

आज शिक्षित व्यक्ति भी परस्पर मेल और शांति से नहीं रह पाते तथा शिक्षा का इतना प्रसार होने पर भी तनाव-समाज में शांति की स्थापना नहीं हो सकी। शिक्षा ध्यान के बिना अधूरी तथा अशांतिदायिनी है। मन का स्वभाव बहिर्गमन करना अथवा इधर-उधर भटकना होता है। किंतु ध्यान का अभ्यास करने पर मन तृप्त होकर, स्वस्थ होकर, बाहर जाएगा। ध्यान मन को कुंठाओं को धोकर, उद्दाम कामनाओं को शांत कर देता है, मन को तृप्त, वितृष्ण, स्वस्थ एवं सुखी बना देता है। मन



(माइंड) स्पंदनशील चेतना (वाइब्रेटिंग कांशेसनेस) को अथवा चेतना के धरातल पर उठने वाली लहरों के संघात को कहते हैं।

भीतर गहरे स्तर पर नितांत शांत एवं गहन चेतना (एबसोलूट कांशेसनेस) है, जिसे आत्मा भी कहते हैं। ध्यानावस्था में मानों लहरों के उठने का उपक्रम रुक जाता है और लहरें अपने मूल स्रोत को छूने लगती है। विश्व में व्याप्त समष्टिगत परम चेतना ही परमात्मा है, जो व्यक्तिगत आत्म-तत्व से अभिन्न है। कुछ ब्रह्मज्ञानी ध्यान अथवा ध्यान-समाधि को कोई विशेष महत्व नहीं देते हैं, क्योंकि उनके मत में ध्यान के पूर्व और पश्चात् सामान्य अवस्था रहती है तथा कोमल समाधिकाल में ही शुद्ध चैतन्य की अनुभूति होती है, जो माला के दो मनकों के मध्य में तागे के समान होती है। ऐसे ब्रह्मवादीजन विचार के फलस्वरूप निरंतर चैतन्य की मस्ती (सोऽहं का आनंद) में रहने को शुद्धावस्था मानते हैं, जो तागे के मनकों और मध्य में भी तागे के ही अनुस्यूत होने के सदृश है। (कुछ संत तागे के ही बने हुए मनके और बीच में ही तागा ही रखते हैं, जो निरंतर ब्रह्मभाव का प्रतीक होता है।) ऐसे ब्रह्मज्ञानी आरोहण को निरर्थक मानते हैं तथा विशुद्ध ज्ञान में संस्थित रहने को ही लक्ष्य समझते हैं और भक्ति को भी अनावश्यक मानते है। तथापि भक्तिभाव और ध्यान का अभ्यास अध्यात्म की श्रेष्ठ भूमिका है। चरमावस्था में भक्ति, ज्ञान और ध्यान से साधक एक ही अद्भुत रस में मग्न होते हैं तथा तीनों मार्गों में आगे बढ़ने पर इनमें अभेद हो जाता है।

अध्यात्म के क्षेत्र में ध्यान की उपादेयता असंदिग्ध है। ध्यान एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है 'ध्यान, चिंतन,' या 'गहन, रहस्यमय चिंतन।' यह ऋषि पतंजलि द्वारा योग के आठ-स्तरीय अभ्यास का सातवां अंग है, और इसे निरंतर ध्यान और मन को एक चुने हुए ध्यान बिंदु पर केंद्रित करने की अवस्था माना जाता है। आज शिक्षा का प्रारंभ वर्णमाला से होता है, किंतु शिक्षा का समारंभ ध्यान से होना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### शीत लहर से बचाव के लिए परामर्श जारी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी अपूर्व देवगन ने शीतलहर से बचाव के लिए जिले के लोगों से एहतियात बरतने का आह्वान किया है। इस बारे जारी परामर्श के अनुसार कड़ाके की ठंड की स्थिति में अगर जरूरी न हो तो सुबह, शाम व रात के समय घरों में रहें। रात के समय में यात्रा करने से बचें। नियमित रूप से गर्म पानी का प्रयोग करें। घर के अंदर कोयले की अंगीठी तथा तेल के हीटर का प्रयोग न करें। मौसम की जानकारी तथा आपातकालीन प्रक्रिया की जानकारी का बारीकी से पालन करें तथा शासकीय एजेंसियों की सलाह पर कार्य करें। किसी भी आपात स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के जिला नियंत्रण कक्ष में 1077, 01905-226201, 202, 203, 204 पर सम्पर्क कर किया जा सकता है।

### किशोरियों को सशक्त बनने के लिए बताए आत्मरक्षा के गुण



**अनंत ज्ञान, पधर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रोपा के प्रधानाचार्य विनोद कुमार की अध्यक्षता में किशोरी मेला आयोजन किया गया। मेले में पधर प्रशासन की तरफ से बेटियों के साथ काउंसलिंग सेशन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यवाहक एसडीएम व तहसीलदार पधर डॉ. भावना वर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं। खंड विकास अधिकारी द्रंग विनय चौहान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बीडीओ विनय चौहान ने किशोरियों को सुदृढ़ व सशक्त बनने के लिए आत्मरक्षा के गुण आत्मसात करने की सलाह दी। कार्यक्रम में स्कूल की किशोरियों के लिए चित्रकला, सांस्कृतिक व भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिताएं भी करवाई गई।

### पवन ठाकुर व वासुदेव शर्मा बने अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट मंडल भाजपा के चुनाव प्रभारी पिता शर्मा व बल्द्वाड़ा मंडल के प्रभारी जेआर कटवाल की देखरेख में संपन्न हुए। जबकि सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर भी विशेष रूप से चुनाव में शामिल हुए इस चुनाव में सरकाघाट विधानसभा के समस्त पार्टी बूथ पालकों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और सर्व समिति से दोनों अध्यक्षों को चुन लिया गया भाजपा के दोनों मंडल अध्यक्षों ने केंद्र सरकार की नीतियों को घर-घर पहुंचाने और आम कार्यकर्ताओं का मान सम्मान किए जाने का प्रण लिया।

### सालाना समारोह में इनाम पाकर चहके बच्चे



**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** शिक्षा खंड धर्मपुर की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समोह में सालाना समारोह धूमधाम से बनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजवीर ने भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन कमेटी ने मुख्य अतिथि को शाल टोपी व मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। तदोपरांत विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पेश की, जिसमें बच्चों द्वारा साल भर में विभिन्न गतिविधियों भाग लेने व विद्यालय में की गई गतिविधियों पर प्रकाश डाला। वहीं दूसरी तरफ स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में स्कूली बच्चों व विद्यालय प्रबंधन को सालाना समारोह की बधाई दी।

### मोबाइल वैन से स्वास्थ्य सेवाओं से लोगों को मिली राहत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** संधोल तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन संधोल में शुक्रवार को सांसद स्वास्थ्य मोबाइल वैन, प्रयास जिसके तहत लोगों के विभिन्न



स्वास्थ्य सम्बन्धी उपचार और टेस्ट किये गए। बता दें की संधोल के सरकारी नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई हैं लेकिन ऐसे समय में सांसद मोबाइल वैन लोगों के लिए वरदान से कम साबित नहीं हो रही है। संधोल पंचायत के प्रधान कुलदीप सिंह ने बताया की इस स्वास्थ्य वैन से अकेले संधोल के ही हजारों लोग लाभान्वित हो चुके है और आज उन्होंने भी अपने स्वास्थ्य की जांच इस शिविर में करवाई है।

### शंकर ठाकुर ने घटासनी मेले में दिए एक लाख नकद



**अनंत ज्ञान, पधर।** शिवा बदार में स्थित माता कांढी घटासनी का कूरनू मेला हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। मेले में क्षेत्र के आराध्य देव शुखदेव ऋषि मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत हुए। वीरवार को मेले में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में क्षेत्र के समाजसेवी शंकर ठाकुर ने भाग लिया। साथ में ऋषि सुखदेव के वजीर मोहन लाल ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के अध्यक्ष तुलसीराम उर्फ सोनू सहित कई लोग उनके साथ मौजूद रहे। समाजसेवी शंकर ठाकुर ने अपनी और से माता कमेटी को एक लाख रुपए की नगद राशि भेंट की और द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर के आदेशानुसार एक लाख रुपए मंच निर्माण के लिए देने की घोषणा की। वहीं जिला परिषद सदस्य इंदिरा ने 2100, भाजयुमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष तुलसीराम 2100, तेजेंद्र ठाकुर युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव ने 3500 और कांग्रेस पार्टी द्रंग मंडल के मंडल अध्यक्ष दिलीप ने 2100 रुपए की राशि अपनी और से मंदिर को दी।

### जोगिंद्रनगर की उपतहसील मकरीड़ी में सुनी समस्याएं

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपतहसील मकरीड़ी में शुक्रवार को शिविर के माध्यम से जन समस्याओं का निपटारा किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी द्वारा की गई। शिविर में स्थानीय लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुना गया और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। एसडीएम मनीष चौधरी ने बताया कि शिविर के दौरान सीपी ग्राम पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कुल 19 जनसमस्याओं में से 3 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। ई-समाधान के माध्यम से जोगिंद्रनगर प्रशासन को कुल 11 मांगें व जन शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से एक का समाधान कर दिया गया है। ई-डिस्ट्रिक पोर्टल के माध्यम से कुल 187 विभिन्न तरह के प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आवेदन प्राप्त हुए।

# धुंध से जनजीवन अस्त-व्यस्त



सुबह 11 बजे धुंध का प्रकोप जारी।

**आदर्श, नेरचौक**

धुंध के आगोश में छिप जाती है बल्ह घाटी, लोगों का जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त। कड़ाके की इस ठंड के मौसम में बल्ह घाटी में रोजाना जोरदार धुंध पड़ रही है। घाटी से धुंध 12 से 1 बजे तक छंट रही है तब जाकर लोगों को सूर्य देव के दर्शन हो पाते हैं।

**दोपहर बाद हो रहे सूर्यदेव के दर्शन**

घाटी में छाई धुंध के कारण आम जनमानस को रोजाना अपने कार्य पर पहुंचने और मेहनत मजदूरी कर खुले में कार्य करने वाले लोगों को अपने काम निपटाने में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते कामगारों को प्रोग्रेस बिलकुल भी सामने नहीं आ रहा है। (अनंत ज्ञान)

### विजिबिलिटी रहती है न के बराबर

घाटी में धुंध छाने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम जाती है धुंध में विजिबिलिटी बिलकुल ही कम हो गई है। वाहन चालकों को लाइट जलाकर वाहन चलाना पड़ रहे हैं। घनघोर धुंध के कारण वाहनों की रफ्तार तो थम गई है, लेकिन दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बढ़ गया है। आए दिन धुंध के कारण छुटपुट वाहनों के टकराने की घटनाएं भी सामने आ रही है। इसके साथ ही स्कूली बच्चों को भी काफी परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है।

### बिजली के बार-बार लग रहे कट, लोग हो रहे परेशान



**कड़ाके** की इस ठंड के मौसम में बार-बार बिजली के कट लगना भी आम जनमानस के लिए आफत बन गई है। लोगों को मजबूरन बिस्तरों में ही दुबक पर रहना पड़ रहा है। बार-बार बिजली जाने और कम लोड होने के कारण न तो हीटर चल पा रहे हैं और न ही गीजर। वहीं कुछ लोग अपने कार्यों को निपटाने के लिए अलाव का भी सहारा ले रहे हैं, लेकिन उससे भी कड़के की ठंड से निजात नहीं मिल पा रही है।

### धुंध में सावधानी से चलाएं वाहन: नेगी

**उपमंडलाधिकारी** बल्ह स्मृतिका नेगी ने कहा कि बल्ह क्षेत्र के निचले हस्से में इन दिनों धुंध का प्रकोप जारी है वाहन चालक धुंध में सावधानी से गाड़ी चलाएं तथा अत्याधिक ठंड होने के कारण लोग अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए आवश्यकता अनुरूप ही घर से निकलें।

# पुलिस थाने के पास दलित परिवार पर हमला, प्रशासन पर उठे सवाल

- भाजपा ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग घेराव की दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

शहरी क्षेत्र में पुलिस थाना जोगिंद्रनगर से महज 50 मीटर की दूरी पर दलित परिवार के साथ हुई कथित मारपीट ने पुलिस और प्रशासन की कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। आरोप है कि बीती रात नगर परिषद क्षेत्र में अराजक तत्वों ने स्ट्रीट लाइट बंद कर दलित परिवार की दशकों पुरानी आजीविका को जबरन छीनने का प्रयास किया।

### दमकल विभाग की भूमिका पर भी सवाल

पिछले सप्ताह दलित परिवार की दुकान में आग लगने की संदिग्ध घटना में दमकल विभाग की निष्क्रियता को लेकर भी गंभीर सवाल उठे हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि आग बुझाने में विभाग की देरी ने नुकसान को बढ़ाया।

### भाजपा ने जताई नाराजगी

घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए मंडल भाजपा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र जोगिंद्रनगर में बढ़ रही गुंडागर्दी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भाजपा नेताओं ने अराजक तत्वों पर कठोर कार्रवाई और उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई तो पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों का घेराव किया जाएगा।



### अराजकता पर जीरो टॉलरेंस

भाजपा ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की घटनाओं से आम जनता का कानून और न्यायिक व्यवस्था से विश्वास कमजोर हो रहा है। पार्टी के अनुसार, अराजक तत्वों को बेनकाब कर सख्त सजा दी जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### स्थानीय लोगों में गुस्सा

इस घटना के बाद शहरी क्षेत्र में दहशत और गुस्से का माहौल है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस सुरक्षा प्रबंधों पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि अगर पुलिस थाना के पास ऐसी घटनाएं हो सकती हैं, तो बाकी क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति क्या होगी भाजपा और स्थानीय नागरिकों ने साफ कहा है कि यदि दलित परिवार को न्याय नहीं मिला तो आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

# छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से मोहा मन

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी में शुक्रवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह प्रधानाचार्य राजकुमारी जी की अध्यक्षता में मनाया गया। मुख्यातिथि स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्षता अंजू देवी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

समारोह में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी, राजकीय माध्यमिक पाठशाला भलोग और राजकीय प्राथमिक केंद्रीय पाठशाला बस्सी के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोहा। प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों और योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अध्यापकगण, अभिभावक और नागरिकों ने भाग लिया। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## विधायक चंद्रशेखर ने किया प्रेस विजिट



मंडी जिले के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक चंद्रशेखर ने शुक्रवार को नगरोटा बगवां स्थित 'अनंत ज्ञान' प्रेस परिसर का विजिट किया। उनका शॉल-मफलर पहनाकर स्वागत किया और स्मृति स्वरूप मां चामुंडा का चित्र भेंट किया। इस दौरान उनके साथ डिजिटल युग में प्रिंट मीडिया के समक्ष चुनौतियां तथा प्रदेश के कई बड़े मुद्दों को लेकर लंबी चर्चा हुई। सामूहिक चित्र में अखबार के सीईओ विशाल धीमान, डायरेक्टर प्रतिभा धीमान, संपादक समरजीत, प्रोडक्शन हेड पुरुषोत्तम चंद, टीवी एंकर रीत वशिष्ट तथा (बाएं) अनंत ज्ञान अखबार का अवलोकन करते विधायक चंद्रशेखर।

# 6 पंचायतें गोपालपुर में शामिल होने की इच्छुक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की छह पंचायतों के दो दर्जन प्रतिनिधियों ने पंचायतों को विकास खंड धर्मपुर से हटाकर विकासखंड गोपालपुर (सरकाघाट) में शामिल करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन एसडीएम सरकाघाट स्विति डोगरा के माध्यम से भेजा गया।

इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और पूर्व जिला परिषद सदस्य डॉ. जय कुमार आजाद ने किया। ज्ञापन में पंचायतों ने अपनी दूरी और सुविधा का हवाला देते हुए यह मांग की है। उन्होंने बताया कि पपलोग, बसंतपुर-रसैन, सधोट, चोलथरा, सरोण, और ग्रयोह पंचायतें वर्तमान में विकास खंड धर्मपुर में शामिल हैं। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि पपलोग पंचायत की सीमा तो गोपालपुर विकासखंड से मात्र कुछ मीटर की दूरी पर है। ऐसे में इन पंचायतों को गोपालपुर ब्लॉक में शामिल करना न केवल तर्कसंगत है, बल्कि लोगों को प्रशासनिक कार्यों में भी सुविधा मिलेगी।

### सरकाघाट से कार्यालय दूर

**ग्राम** पंचायत पपलोग के उपप्रधान शिव कुमार सकलानी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते बताया कि पपलोग से धर्मपुर खंड विकास अधिकारी कार्यालय की दूरी 20 से 25 किलोमीटर है वहीं पपलोग पंचायत कार्यालय से मात्रा 2 किलोमीटर की दूरी पर है जनप्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी मांग पर सकारात्मक निर्णय लेगी ।

# नगर परिषद ने अस्पताल रोड से हटाए अवैध खोखे

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



नगर परिषद जोगिंद्रनगर द्वारा अस्पताल रोड पर अवैध रूप से बनाए गए खोखों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें हटा दिया। नगर परिषद के कर्मचारियों ने दल-बल के साथ कार्रवाई करते हुए चार से पांच अवैध खोखों को वहां से हटाकर अपने कब्जे में ले लिया।

अस्पताल रोड पहले से ही संकरी है, और इन खोखों के कारण एंबुलेंस सहित अन्य वाहनों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। नगर परिषद की इस कार्रवाई से सड़क पर यातायात सुचारू होने की उम्मीद है। नगर परिषद के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शहर में अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे निर्माण न केवल यातायात में बाधा डालते हैं, बल्कि आम जनता के लिए भी परेशानी का कारण बनते हैं।(अनंत ज्ञान)

### सरकाघाट उपमंडल में ई-केवाईसी 25 तक

**सरकाघाट।** ई. हंस राज, सहायक अभियंता उपमंडल सरकाघाट ने बताया कि विद्युत उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाले समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत मीटर संख्या को उपभोक्ताओं के आधार कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया को संपन्न करने की अंतिम तिथि 25 दिसंबर है। जब विद्युत कर्मचारी बिजली का बिल जारी करने के लिए उपभोक्ता के घर पर आएगा तो उस समय ई-केवाईसी के लिए दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड और आधार कार्ड से लिंक किए गए मोबाइल नंबर को पहले से उपलब्ध रखें।

### कर्मचारी बिल के विरोध में उतरे कॉलेज के प्राध्यापक

**रिवालसर।** राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ रिवालसर इकाई द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा 'सरकारी कर्मचारी नियुक्ति तथा सेवा शर्तें बिल 2024' का काले बिल्ले लगाकर तथा गेट मीटिंग कर विरोध जताया।

इकाई सचिव प्रोफेसर यशपाल ने कहा कि सरकार के फैसले कर्मचारी विरोधी है। संघ ने सरकार से इस बिल को वापस लेने की मांग की है।

उन्होंने सरकार को यह भी चेतावनी दी है कि बिल वापस नहीं लिया गया तो संघ प्रदेश के अन्य कर्मचारी संगठनों से मिलकर संघर्ष का रास्ता अपनाने को मजबूर होगा।

# एचजीसीटीए ने सरकार पर लगाया न्यायालय के फैसले को दरकिनार करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ (एचजीसीटीए) के आह्वान पर राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर के स्थानीय यूनिट ने आज हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी नियुक्ति तथा सेवा शर्तें बिल 2024 के विरोध में काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन किया और गेट मीटिंग आयोजित की।

अनुबंध आधार पर नियुक्त प्रवक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार इस बिल के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय शिमला के उस ऐतिहासिक फैसले को दरकिनार करना चाहती है, कर्मचारियों को प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता और लाभ देने का आदेश दिया गया था, कुछ कर्मचारियों को यह लाभ मिल चुका है, लेकिन अधिकांश अभी भी इससे वंचित हैं।

# मंडी में होगा भाकपा का राज्यस्तरीय शताब्दी समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



पत्रकार वार्ता करते हुए भाकपा व माकपा के नेतागण ।

भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की स्थापना के राज्य स्तरीय शताब्दी समारोह की तैयारी जोर-शोर से चल रही है, जो आगामी 25-26 दिसंबर को मंडी में होने वाला है।

यह बात भाकपा शताब्दी समारोह समिति के सचिव अधिवक्ता देशराज ने कहा की शताब्दी समारोह की पूर्व संध्या पर 25 तारीख को एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा, जिसे सीपीआई के नेता और अधिवक्ता कामरेड भगत राम को समर्पित किया जा रहा है।

सेमिनार में मुख्य वक्ता मशहूर चिंतक प्रो. अपूर्वानंद , न्यायमूर्ति विनोद कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त), हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व विदेशी भाषा विभाग प्रमुख डॉ. वरयाम सिंह और भारतीय जन नाट्य संघ (आईपीटीए) के राष्ट्रीय सचिव शैलेन्द्र कुमार रहेंगे।

सेमिनार में प्रख्यात अध्यापक/मजदूर वयोवृद्ध नेता हरीश गुलेरी, जाने माने पर्यावरणविद् रत्न चंद, पद्मश्री नेकराम के साथ ही भाकपा, माकपा के कई नेता होंगे।

26 तारीख के मुख्य आयोजन की शुरुआत दस बजे मशहूर सांस्कृतिक कार्यकर्ता स्वर्गीय लवण ठाकुर को समर्पित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां सेरी मंच पर दी जाएंगी, तदोपरांत समारोह स्थल, विपाशा सदन में झंडारोहण के साथ ही शताब्दी सम्मेलन का आगाज होगा जिसमें मुख्यातिथि भाकपा की राष्ट्रीय सचिव और महिला नेत्री ऐनी राजा और मुख्य वक्ता ईप्टा सचिव शैलेन्द्र कुमार होंगे।

## मांग — संरक्षित धरोहर भवन घोषित हो पुराना पांगणा का छह मंजिला दुर्ग मंदिर

# 765 ईस्वी में बने मंदिर को आज हुए 1260 वर्ष



दुर्ग मंदिर

**अनंत ज्ञान, करसोग**

सुकेत अधिष्ठात्री राजराजेश्वरी महामाया पांगणा का काठ कुणी शैली में 765 ईस्वी में बना 6 मंजिला टावर नुमा मंदिर आज 1260 वर्ष पूर्ण कर गया।

बहु मान्यता प्राप्त सुकेत रियासत की अंतिम और एकमात्र कलात्मक धरोहर के रूप में पांगणा गांव के मध्य ऊंची टेकड़ी पर अवस्थित इस स्मारक दुर्गा मंदिर भवन पर मुंबई की आर्किटेक्ट संस्थाएं काम कर रही है। आज मुंबई चंडीगढ़ दिल्ली के आर्किटेक्ट जिज्ञासुओं की उत्तरी भारत की सर्वश्रेष्ठ कला निधि इतिहासकारों, शोधार्थियों, श्रद्धालुओं, पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी है।

संस्कृति मर्मज्ञ डॉक्टर जगदीश शर्मा का कहना है कि आज से लगभग 17 वर्ष पूर्व एक पर्यटक के रूप में पांगणा आए मुंबई के आर्किटेक्ट स्वप्निल शशिकांत भोले और शब्बीर ने इस धरोहर भवन पर आर्किटेक्ट के नजरिए से शोध कार्य शुरू किया, फिर प्रोफेसर आर्किटेक्ट नेहा राजे, आईएआर महाराष्ट्र की सीनियर आर्किटेक्ट रोशनी, सुनंदा, एनवायरनमेंट एंड फॉरेस्ट प्रोटेक्शन की वरिष्ठ अधिवक्ता साधना कश्यप, शशिकांत वृंदा भोले सुभाष भोले, मंजूषा, विनायक ठाकुर देसाई, प्रिया व अक्षता जैसी प्रतिभाशाली आर्किटेक्ट छात्राओं ने शोध कार्य को गति प्रदान की। इस साथ ही कई बार यहां पर शोध हो चुके हैं।

वहीं मिक्का सिंह प्रोडक्शन के बैनर तले गौधन रक्षा पर बनी फिल्म 'अंटु की अम्मा' ने इस धरोहर गांव व दुर्ग मंदिर को नई पहचान दी।

### इतिहास की गंगोत्री कहा जाता है यह मंदिर

**सुकेत** व मंडी के इतिहास की गंगोत्री कहे जाने वाले पांगणा गांव के मध्य में अवस्थित महामाया राजराजेश्वरी के दुर्गा मंदिर के दर्शनार्थ हिमाचल प्रदेश किसान यूनियन (अराजनैतिक) के उपाध्यक्ष देवी रूप सैणी डडौर और समाजसेवी व लेखक देवेन्द्र गुप्ता चुनाहन पांगणा पहुंचे। इनका कहना है कि सुकेत और मंडी रियासत की सबसे पुराने पुराने छः मंजिला कलात्मक दुर्ग मंदिर को संरक्षित धरोहर भवन घोषित किया जाना चाहिए।

### 22 को होंगे वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के चुनाव

**मंडी।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय कार्यकारिणी के चुनाव 22 दिसंबर को बिलासपुर में होने जा रही राज्य स्तरीय बैठक में होंगे। ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद जिला मंडी के प्रधान रणपत सिंह राणा ने बताया कि 22 दिसंबर को परिषद के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अशोक अवस्थी की अध्यक्षता में बिलासपुर के वरिष्ठ नागरिक कल्याण भवन में राज्य स्तरीय अधिवेशन होगा जिसमें नई कार्यकारिणी गठित की जाएगी।

यह बैठक सुबह साढ़े 11 बजे शुरू होगी। इस बैठक में प्रदेश के सभी 12 जिलों के पदाधिकारी व वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रदेश एवं जोनल परिषदों की नई कार्यकारिणी भी गठित की जाएगी।

# सरकार की मनमानी पर जताया विरोध



शिक्षक संघ के सदस्य संशोधन विधेयक 2024 का विरोध करते हुए।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हिमाचल प्रदेश सरकारी कॉलेज शिक्षक संघ (एचजीसीटीए) की मंडी इकाई द्वारा सरकारी सेवकों की भर्ती और सेवा शर्तें संशोधन विधेयक 2024 के विरोध में राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

यह विधेयक सरकारी कर्मचारियों के लिए अत्यधिक हानिकारक है और इसके परिणामस्वरूप कर्मचारियों को बहुत नुकसान होगा। संघ द्वारा सरकार से इस विधेयक को फिर से विचार करने और वापस लेने का आग्रह किया। एचजीसीटीए मंडी इकाई ने एक आपात बैठक आयोजित की और काले रिबन पहनकर एक प्रतीकात्मक विरोध किया। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि हमें जानकारी मिली है कि सरकार हमारे अवकाश नकदीकरण और महंगाई भत्ता (डीए) लाभों पर भी निशाना साधने की योजना बना रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### परियोजना के हस्तांतरण समारोह का आयोजन



**बंगाणा।** एडीएफसी द्वारा चलाए जा रहे समग्र विकास परियोजना का हस्तांतरण समारोह शुक्रवार को थानाकलां में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन, एचडीएफसी के प्रतिनिधि और ग्रामीण विकास कार्यों में रुचि रखने वाले कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित थे। समारोह के दौरान एचडीएफसी परिवर्तन योजना के तहत विभिन्न विकासात्मक कार्यों को स्थानीय समुदाय को सौंपा गया। इस परियोजना के तहत शैक्षिक, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति और सड़क निर्माण जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुधार की योजना बनाई गई है, जो थानाकलां की समग्र प्रगति में योगदान देंगे। एचडीएफसी के अधिकारियों ने बताया कि यह परियोजना समाज के सबसे कमजोर वर्गों तक पहुंचने के उद्देश्य से बनाई गई है, ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार किया जा सके। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। स्थानीय समुदाय ने इस परियोजना का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की कि इससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। कार्यक्रम में क्लस्टर हेड विजेंद्र पठानिया, ब्रांच बंगाणा के प्रबंधक अखिल डोगरा, पंचायत समिति सदस्य राज कुमार, बैंक प्रबंधक नरेश भाटिया, शिक्षक शिव कुमार, पंचायत प्रतिनिधि इकबाल सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

### गीत-संगीत से सरकारी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबंधित सांस्कृतिक दल आरके कलामंच चिंतपूर्णी ने लडोली और भवारन कंदरोही तथा पूर्वी कलामंच जलारा टब्बा ने जखेड़ा व भदसाली में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटकों के जरिए अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ संचालित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ जन कल्याणकारी नीतियों, योजनाओं, उपलब्धियों व नशा निवारण विषय पर जागरूक किया। इस दौरान सांस्कृतिक दलों ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि सरकार ने अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्प संख्यक वर्ग, एकल नारी, विधवा व दिव्यांगजन से सम्बन्धित अभ्यार्थियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 5 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है। बुजुर्गों, निराश्रितों, महिलाओं और अनाथों के पुनर्वास के लिए विभाग एक ही छत के नीचे 400 आवासियों की क्षमता वाले एकीकृत आदर्श ग्राम सुख आश्रय परिसर की स्थापना कांगड़ा जिले के गांव लुथान तथा जिला मंडी के सुंदरनगर में कर रहा है। इसके अतिरिक्त संस्थानों को उत्सव मनाने के लिए 5 और दस हजार रुपए प्रति त्योहार प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा भी उन्होंने कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसी कड़ी में सांस्कृतिक दलों द्वारा 21 दिसंबर को चिंतपूर्णी विस क्षेत्र के गांव अंबटिल्ला व चौकी में और हरोली विस के गांव कुंगड़त व खड्ड खास में कार्यक्रम होंगे। 22 दिसंबर को हरोली विस के गांव सलोह व दुलैहड़ अप्पर, गगरेट विस के गांव पिरथीपुर तथा चिंतपूर्णी के गांव घंघरेट में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जबकि अभियान के छठे और अंतिम दिन 23 दिसंबर को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के गांव पंसाई, बौल, मोहखास व परोइया में गीत संगीत व नाटकों के माध्यम से लोगों को मनोरंजन के साथ जनहित में संचालित योजनाओं बारे जानकारी दी जाएगी।

### सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के बताए टिप्स

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** सड़क दुर्घटनाओं के खतरे को कम करने और समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आज अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।। यह कार्यक्रम डायरेक्टर ऑफ हायर एजुकेशन के दिशा-निर्देशों पर महाविद्यालय सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत एक हस्ताक्षर अभियान से की गई, जिसकी शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर द्वारा की गई। प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने इस अवसर पर अपने संबोधन में छात्रों और क्लब के सदस्यों से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति में वाहन चलाने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की। इसके अलावा अन्य भी जानकारियां दीं। राजकीय महाविद्यालय बंगाणा सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने कहा कि आज का हस्ताक्षर अभियान महाविद्यालय परिसर में बहुत सफल रहा, जिसमें सभी छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में प्रोफेसर कुलदीप सिंह, रोड सेफ्टी के कार्यकारी सदस्य एनएसएस कैप्टन तीक्षण, एनएसएस प्रेजिडेंट शुभम, एनएसएस महासचिव परीक्षा और अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।



### आंगनबाड़ी सहायिकाओं के मांगे आवेदन

**ऊना।** बाल विकास परियोजना कार्यालय हरोली के तहत आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 3 पदों के लिए आवेदन जमा करवाने की तिथि को बढ़ाकर 4 जनवरी 2025 का दिया गया है। इससे पहले आवेदन जमा करवाने की तिथि 18 दिसंबर निर्धारित की गई थी। यह जानकारी बाल विकास अधिकारी हरोली शिव वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि 18 से 35 वर्ष की आयु की पात्र महिला अभ्यर्थी अब अपना आवेदन सादे कागज पर भर के बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय हरोली में 4 जनवरी सायं 5 बजे तक जमा करवा सकती हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी को 10 जनवरी, 2025 को प्रातः 10 बजे अपने सभी मूल दस्तावेजों सहित साक्षात्कार के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय ऊना में उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01975-225538 पर संपर्क किया जा सकता है।

# ऊना ब्रांड के नाम से बिकेंगे जिले के खाद्य उत्पाद

## 'मॉडल एग्रीमेंट दस्तावेज' देगा किसानों को धोखाधड़ी से सुरक्षा कवच : डीसी जतिन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिले में जो भी खाद्य उत्पाद तैयार होते हैं, वे अब ऊना ब्रांड के तौर पर पहचाने जाएंगे। इसके लिए, जिला प्रशासन ने योजना तैयार की है। किसानों और बागवानों के हितों की रक्षा एवं आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए ऊना जिले में जिला स्तरीय सोसायटी का गठन किया जाएगा। इस सोसायटी में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), क्लस्टर स्तरीय फेडरेशन और अन्य हितधारकों को शामिल किया जाएगा। उपायुक्त जतिन लाल ने शुक्रवार को जिले के किसानों, एफपीओ संचालकों और स्वयं सहायता समूहों के साथ हुई बैठक में यह महत्वपूर्ण बात कही।

इस पहल के तहत ऊना जिले का अपना खाद्य उत्पाद ब्रांड तैयार किया जाएगा। आलू सहित अन्य कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग अंतरराष्ट्रीय मानकों और आधुनिक प्रथाओं के आधार पर की जाएगी। शुरुआत में आलू, मोटे अनाज और ड्रैगन फ्रूट जैसे उत्पादों पर फोकस रहेगा। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और ऊना जिले को एक नई पहचान मिलेगी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले के किसानों को धोखाधड़ी से सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रशासन 'मॉडल एग्रीमेंट दस्तावेज' तैयार करेगा।



ऊना में अग्रणी किसान संगठनों के साथ बैठक करते उपायुक्त।

### किसानों की समृद्धि के लिए सरकार प्रतिबद्ध

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल सरकार किसानों की समृद्धि और कृषि अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आलू आधारित आर्थिकी को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह सेब आधारित आर्थिकी में प्रदेश को सफलता मिली है, वैसे ही ऊना में आलू आधारित आर्थिकी को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जाएगा।

### ऊना का आलू है प्रदेश की शान

ऊना जिला आलू की बड़े पैमाने पर खेती और उच्च गुणवत्ता के लिए प्रदेशभर में विख्यात है। यहां रबी और खरीफ दोनों मौसमों में आलू की खेती होती है, जिसे हिमाचल की मंडियों के साथ-साथ देशभर में भेजा जाता है।

**जिले के किसानों की समृद्धि के लिए निर्णायक पहल**

एडीसी की अध्यक्षता में गठित समिति यह दस्तावेज तैयार करेगी। समिति में कृषि, बागवानी विभागों के उपनिदेशक, एपीएमसी सचिव और डीआरडीए परियोजना अधिकारी शामिल होंगे। यह दस्तावेज पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि किसान और खरीददार के बीच पारदर्शी और सुरक्षित समझौते हो सकें। इससे भुगतान विवादों में पुलिस कार्रवाई भी सुगम होगी।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में कृषि उपनिदेशक डॉ. कुलभूषण धीमान, बागवानी उपनिदेशक डॉ. के.के. भारद्वाज, डीआरडीए परियोजना अधिकारी के.एल. वर्मा, एपीएमसी सचिव भूपेंद्र सिंह, सीपीओ संजय सांख्यान, एफपीओ, क्लस्टर फेडरेशन के सदस्य और अन्य हितधारक उपस्थित रहे।

### एफपीओ का दायरा बढ़ाने पर जोर

उपायुक्त ने किसानों को एफपीओ (किसान उत्पादक संगठनों) से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि एफपीओ का दायरा बढ़ाया जाएगा। इसके लिए संगठित रणनीति तैयार की जाएगी ताकि किसानों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके।

### ऊना में सीआरआईपी सैटेलाइट सेंटर के प्रयास

जतिन लाल ने कहा कि ऊना जिले में सेंटरल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ पोटेटो (सीआरआईपी) का सैटेलाइट सेंटर स्थापित करने के लिए उच्च स्तरीय प्रयास किए जाएंगे। इससे जिले में आलू की विभिन्न किस्मों के बीजों का उत्पादन संभव हो सकेगा और किसानों को फायदा मिलेगा।

### ग्रामीण आजीविका केंद्र में लगें प्रोसेसिंग इकाइयां

उपायुक्त ने बंगाणा उपमंडल के थानाकलां में 10 करोड़ रुपये की लागत से बने ग्रामीण आजीविका केंद्र में फूड प्रोसेसिंग इकाइयां लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। इससे जिले में उगने वाले विभिन्न कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग और मूल्यवर्धन किया जा सकेगा।

### खुले संवाद में किसानों के सुझाव

बैठक में किसानों और हितधारकों ने अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। 'पेप्सीको' कंपनी के प्रतिनिधियों ने आलू की विभिन्न किस्मों की खेती और किसानों से खरीदारी के अपने मॉडल की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह और अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने किसानों के हितों की रक्षा के लिए ठोस व्यवस्था को लेकर सुझाव दिए।

## श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन में भरे जाएंगे पद

**ऊना।** मैसर्ज श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ऊना द्वारा रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव के 6 पद नियमित आधार पर भरे जाएंगे। यह पद केवल पुरुष वर्ग में भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 23 दिसंबर को जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता बीबीए, बीसीए और ग्रेजुएशन होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी की आयु 18 से 30 वर्ष तक होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि कम्पनी ने बीबीए और ग्रेजुएशन पास अभ्यर्थी को 4.12 लाख सीटीसी और एमबीए के लिए 4.41 लाख रुपए निर्धारित है। योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो व मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कॉपी लेकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7986113796 पर संपर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में आने-जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## करोड़ों की पेयजल योजना बनने के बाद भी लोगों के कंठ सूखे

**हीना पठानिया, बड़ूही**

जल शक्ति विभाग सेक्शन चौकीमनयार के तहत पड़ते क्षेत्र पेयजल संकट से जूझने लगा है। इस क्षेत्र की पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करवाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च करके ध्यूमेश्वर महादेव में बड़े टैंक का निर्माण किया गया था। बड़ी-बड़ी पाइप लाइनों को डालकर लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करवाने के बड़े-बड़े दावे किए गए थे।

हकीकत यह है महकमा इसे अपनी बड़ी उपलब्धि बताकर लोगों के बीच वाहवाही लेने की कोशिश कर रहा है, जबकि धरातल पर इन सर्दियों के दिनों में भी लोगों के कंठ सूखे रह रहे हैं। जानकारी के अनुसार करोड़ों रुपए खर्च कर चुरड़ू से पानी को बड़ी पाइप के द्वारा सदाशिव मंदिर ध्यूमेश्वर में बने टैंक में डाल कर क्षेत्र के सोहारी, टकोली , चौली, खरयालता, जोल, भलौन आदि क्षेत्रों में निर्मित टैंकों को ग्रेविटी के द्वारा पानी की सप्लाई दी जाती है परंतु इस पेयजल योजना में आए दिनों कभी पंप्स में तो कभी स्टाटर में खराबी आ जाने से लोगों को पेयजल के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इस कारण कभी तीसरे दिन तो कभी चौथे दिन आंशिक रूप में पेयजल की सप्लाई की जा रही है। लोगों ने विभाग से मांग करते हुए कहा की क्षेत्र में प्रयाप्त मात्रा में पेयजल की सप्लाई सुनिश्चित की जाए नहीं तो लोगों को विभाग के प्रति आंदोलित होना पड़ेगा ।

### समस्या का शीघ्र होगा समाधान : रमेश

विभाग के कनिष्ठ अभियंता रमेश चंद ने इस बारे में अपनी अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि मुझे इस बारे में कोई शिकायत नहीं मिली है और ऐसी समस्या है तो शीघ्र इसका समाधान कर लोगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाया जाएगा ।

## कलोह में छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

**अनंत ज्ञान, ऊना**

गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलोह में वीरवार को बच्चों को नशे के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि सतीश शर्मा ने बतौर रिसोर्स पर्सन शिरकत की। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नशे की चपेट में आने का मुख्य कारण बुरी संगत का होना है। कैकई को मंथरा की बुरी संगत मिलने से भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास हो गया था तो बच्चा किस प्रकार नशे से बच सकता है।

उन्होंने कहा कि वह नशा भी क्या नशा है, जो 2 घंटे के बाद उतर जाए और दोबारा लेना पड़े। नशा करना है तो मेहनत, संघर्ष तथा अनुशासन और राष्ट्र भक्ति का कीजिए। जिन महापुरुषों ने देशभक्ति का नशा किया आज भी हमारे दिलों में जिंदा हैं। हमें बुराइयों और नशे को छोड़कर लोगों के दिलों में स्थान बनाना है।



गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलोह में बच्चों को नशे के प्रति जागरूक किया गया।

नशे के बुरे प्रभाव बताते हुए कहा कि नशा हमारी श्वसनक्रिया, हार्टबीट का बढ़ना, हाथ पैरकांपना, स्मरण शक्ति का कमजोर पढ़ना, लीवर का खराब होना, पागलपन आना कई बार डिप्रेशन का होना इसके मुख्य कारण हैं। आज का युवा अपनी जीवनलीला ही समाप्त करने पर तुल गया है। युवा किस तरफ जा रहा है, बड़ा गंभीर मामला है।

आज के बच्चे या युवा नहीं सोचेंगे तो तो कौन सोचेगा। इनबातों को ध्यान में रखते हुए दृढ़ संकल्प और मजबूत इच्छा शक्ति से युवाओं को काम लेना होगा, तभी आप नशे जैसी बुराई से दूर रह सकते हैं।

उन्होंने क्रांतिकारियों के उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने देश भक्ति का नशा किया, तभी आज भी वे हमारे दिलों में जिंदा हैं, अमर हैं। हम उनके आगे आज भी नतमस्तक होते हैं।

## अनुबंध कर्मियों से संबंधित विधेयक पर पुन: विचार करे सरकार : संघ

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

प्रदेश विद्यालय प्रवक्ता संघ के प्रांतीय सगठन व प्रेस सचिव राजन शर्मा, जिला ऊना के प्रधान देवेंद्र सिंह, महासचिव शशि सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से कर्मचारियों की सेवा शर्तों से संबंधित प्रस्तावित विधेयक पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है।

संघ के पदाधिकारी जिनमें जिला जिला अध्यक्ष देवेंद्र बेली, राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास रतन, राज्य, संगठन सचिव राजन शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश मल्होत्रा व अन्य पदाधिकारियों ने इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस प्रकार से 21 वर्ष पूर्व से निर्धारित अनुबंध सेवा शर्तों को पुरानी तिथि से परिवर्तन के कारण जहां कर्मचारियों में असुरक्षा बनेगी, वहीं न्यायपालिक पर भी अनावश्यक कार्यभार के बोझ की आशंका बनेगी, क्योंकि अधिकतर कर्मचारी अनुबंध सेवाकाल का लाभ पहले ही माननीय उच्च न्यायाल के विभिन्न निर्णयों के तहत ले चुके है।

संघ के महासचिव शशि सैनी ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय ने 2010 में लगे सभी कर्मचारी जो वित्त आयोग द्वारा प्रस्थापित पोस्ट पर पूरी भर्ती प्रक्रिया पूरी करके आए हैं और उन पर आर एंड पी नियम 1972 लागू होते हैं, उनको अनुबंध पर रखना सही नहीं है, फिर भी सरकार इस तरह का बिल लेकर आ रही, जिससे कर्मचारियों का मनोवल गिरेगा।

संघ ने कहा कि उपमुख्यमंत्री ने कहा था कि हम कर्मचारियों के हितों की रक्षा करते हुए आते ही पुरानी पेंशन और अनुबंध सेवा को नियमित करेंगे और आते ही पुरानी पेंशन देकर उन्होंने यह सिद्ध तो किया लेकिन साथ में इस प्रकार का बिल लेकर आना समाज से परे है। वर्तमान सरकार ने वित्त का हवाला देकर जब यह कहा कि डीए और पे-रेविशन का एरियर सही समय पर दे दिया जाएगा, तब भी सभी कर्मचारी सरकार के साथ खड़े रहे लेकिन अनुबंध कर्मचारियों को यह आशा थी कि जल्द की सरकार उनकी अनुबंध अवधि को सेवा काल में जोड़ने के लिए सही कदम उठाएगी, लेकिन इस समय इस प्रकार का बिल लेकर आना यह बताता है कि कुछ अफसरशाही में बैठे लोग सरकार को गुमराह करने में लगे हो सकते हैं।

संघ ने यह आशंका भी जताई कि अगर इस तरह से कोई भी सरकार इस तरह बिल लाकर पुरानी तिथि से नियमों में बदलाव कर सकती हे तो कभी भी वित्तीय बोझ का हवाला देकर कोई भी सरकार भविष्य में पुरानी पेंशन को भी बंद कर सकती है ।

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ऊना जिला के प्रवास पर

**ऊना।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल (डॉ) धनी राम शांडिल रविवार 22 दिसम्बर को ऊना जिला के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री का रात्रि ठहराव लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह भरवाई में होगा।

कर्नल डॉ धनी राम शांडिल 22 दिसम्बर को प्रात: 9 बजे माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में शीश निभाएंगे और पूजा अर्चना करेंगे। इसके उपरांत स्वास्थ्य मंत्री 10 बजे सिविल अस्पताल चिंतपूर्णी का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेंगे।

## कोहरे के दौरान फलदार पौधों पर करें पानी का छिड़काव

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सर्दियों के मौसम में हिमाचल के मैदानी इलाकों में कोहरे का प्रकोप बगीचों और फसलों पर गंभीर असर डालता है। खासकर आम और पपीता जैसे फलदार पौधों के कोहरे की चपेट में आकर खराब होने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे किसानों और बागवानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

ऊना जिले के बागवानी विभाग के उपनिदेशक डॉ. केके भारद्वाज ने इस समस्या से निपटने के लिए बागवानों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। डॉ. भारद्वाज बताते हैं कि कोहरे के कारण पौधों की कोशिकाएं फट जाती हैं, जिससे फल खराब हो जाते हैं और फूल झड़ने लगते हैं। यदि समय रहते उचित कदम न उठाए जाएं, तो इसका असर आने वाले वर्षों में भी देखा जा सकता है, जब पौधों की पैदावार घट जाती है या फसल बिलकुल नहीं लगती। सब्जियों पर भी कोहरे का असर इतना गंभीर होता है।

कोहरे के कारण पौधों को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए डॉ. भारद्वाज ने सलाह दी कि 4-5 वर्ष तक के छोटी आयु के पौधों को घास या सरकंडे से ढक दें और उन्हें दक्षिण-पश्चिम दिशा से खुला रखा जाए, ताकि धूप और हवा का प्रवाह बना रहे। कोहरा पड़ने की संभावना हो तो पौधों पर पानी का छिड़काव करें और बगीचे को सिंचित रखें।

## अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए बयानबाजी कर रहे भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**अपने कार्यकाल में कितने युवाओं को दिया रोजगार करें सार्वजनिक : मिंका**

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष विवेक मिंका, मदन मोहन सैनी, पूर्व महासचिव जिला कांग्रेस कमेटी महेंद्र, पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुटलैहड़ राम आसरा, ब्लॉक समिति ऊना के उपाध्यक्ष सुमित शर्मा ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मनीष, युवा कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गोपाल सैनी, महासचिव बलविंदर सिंह, जिला परिषद सदस्य उर्मिला शर्मा, सत्या देवी ने भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो द्वारा युवाओं को बरगलाने के लिए जो आईपीएस विभाग में जल्द नियुक्तियां वाले बयान को हास्यपद बताते हुए कहा ककि भुट्टो बताएं अपने कार्यकाल में उसने कितने युवाओं को रोजगार प्रदान किया और कितने बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी में नियुक्तियां दीं, सिर्फ बेरोजगार युवाओं को ठेकेदार बनने का प्रलोभन देकर बेरोजगार युवाओं को बहला फुसलाकर के अलावा कोई कार्य न किया गया।



आया राम, गया राम की राजनीति करने वाले आज युवाओं के हमदर्दी बनाकर घड़ियाली आंसू बहाकर बताएं कि वह किन परिस्थितियों में भाजपा में शामिल हुए और बेरोजगार युवाओं के लिए उन्होंने कौन-कौन से प्रयास किया, सिर्फ अपने तक सीमित रहकर युवाओं के साथ धोखेबाजी के सिवाय कुछ न करके सिर्फ अपने और चाटुकारों तक सीमित रहे।

**अभियान** मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों के लिए कार्यक्रम शुरू

## मौलिक स्वतंत्रता के हकदार मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देशानुसार शुक्रवार को ऊना के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सेमिनार हॉल में मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमताओं वाले व्यक्तियों को कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओपी शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता शर्मा, ऊना पैनल अधिवक्ता एवं पीएलवी शामिल रहे।

इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता शर्मा ने कहा कि कानूनी सहायता सेवाओं का मुख्य उद्देश्य सभी के लिए न्याय की पहुंच होना है। विकलांग व्यक्तियों विशेष रूप से मानसिक बीमारी और मानसिक मंदता जैसी अन्य बाधाओं से पीड़ित लोगों को आमतौर पर समाज द्वारा दरकिनार और उपेक्षित किया जाता है। इसलिए राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम 2015 ने मानसिक रूप से बीमार और विकलांग लोगों को प्रभावी कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए एक योजना तैयार की थी।



अक्षम व्यक्तियों को कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ।

उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से बीमार और अक्षम व्यक्ति सभी मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के हकदार हैं। इन व्यक्तियों के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के पूर्ण और समान आनंद को बढ़ावा देना, सुरक्षा करना और सुनिश्चित करना संस्था के साथ-साथ कानूनी सेवा प्राधिकरण की प्रमुख चिंता होगी। इसके अंतर्गत एक कानूनी सेवा यूनिट का गठन किया गया है, जिसमें डालसा सचिव, सेवानिवृत जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पैनल अधिवक्ता एवं पीएलवी को शामिल हैं।

इसके अलावा डीएलएसए की सचिव ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 दिसंबर को भी प्रात: 9:30 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से डॉ नवदीप जोशी, अधिवक्ता जिला कोर्ट ऊना सुरेश ऐरी भी शामिल रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### आनी कॉलेज में सेवा बिल के विरोध में जताया रोष



**आनी।** हिमाचल राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ के आह्वान पर आनी कॉलेज सिति हरिपुर के लोकल यूनिट ने प्रदेश सरकार द्वारा लाए गए हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी नियुक्ति तथा सेवा शर्त बिल के विरोध में काले बिल्ले लगाकर और गेट मीटिंग कर विरोध जिताया। राजकीय महाविद्यालय आनी की एचजीसीटीए लोकल यूनिट के प्रधान विनोद कुमार और सचिव अनिल कश्यप ने बताया कि अनुबंध आधार पर नियुक्त कॉलेज प्रवक्ताओं ने 2009 से लंबी लड़ाई लड़कर माननीय उच्च न्यायालय शिमला से न्याय प्राप्त किया है। न्यायालय ने अपने फैसले में कर्मचारियों को वरिष्ठता सहित सभी लाभ प्रथम नियुक्ति से देने के फैसले दिए और कुछ प्रवक्ताओं को यह लाभ मिल भी चुके हैं, लेकिन अधिकतर प्रवक्ताओं को अभी यह लाभ नहीं मिले हैं। प्रदेश सरकार इसी बीच एक कर्मचारी विरोधी बिल, जिसको 12 दिसंबर, 2003 से लागू माना जाएगा उसको लेकर आ गई, ताकि कर्मचारियों को अनुबंध कॉल को मिलाकर यह लाभ नियुक्ति तिथि से न देने पड़े और न्यायालय के फैसले को दरकिनार किया जा सके। संघ के प्रधान व सचिव ने कहना कि जब प्रदेश सरकार ने पुरानी पेंशन स्कीम लागू की थी, तो कॉलेज प्राध्यापक संघ ने इसका स्वागत किया था और लगा था कि यह सरकार कर्मचारियों के हितों को सुरक्षित रखेगी, लेकिन उसके बाद प्रदेश सरकार एक के बाद एक कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है, जैसे की यह कर्मचारी विरोधी बिल स्टडी लीव पर जाने वाले प्रवक्ताओं को केवल 40 प्रतिशत वेतन तथा पीरियड आधार पर गेस्ट फैकेल्टी रखना आदि फैसला है। अतः हिमाचल राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ इस बिल को वापस लेने की मांग करता है। संघ ने जोर देकर कहा कि यदि यह बिल वापस नहीं लिया गया, तो कॉलेज प्राध्यापक संघ प्रदेश के अन्य कर्मचारी संगठनों के साथ मिलकर संघर्ष का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### चेतना बेस्ट कैडेट, वरुण स्टूडेंट ऑफ द ईयर



**सैंज।** सैंज स्थित पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मियां ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। वहीं, विद्यालय के प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए स्कूल की उपलब्धियां पर गतिविधियों का व्याख्यान करते हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य मनोज कुमार महाजन ने रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि विद्यालय की स्थापना वर्ष 1946 में हुई थी तथा तब से लेकर आज तक दिन दोगुनी रात चौगुनी उन्नति कर रहा है। विद्यालय को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस तथा पीएम श्री का तमगा मिलने के पश्चात खंड स्तर पर विद्यालय का कद बढ़ा है, जिसमें बच्चों को आगे बढ़ने के लिए भी अनेक गतिविधियां आयोजित करवाई जा रही हैं। इसके अलावा व्यावसायिक कोर्स, अटल टिंकरिंग लैब आदि के माध्यम से भी विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने हिंदी, पंजाबी, डांडिया तथा हिमाचली नृत्य सहित अनेक रंगारंग कार्यक्रम पेश कर खूब वाहवाही लूटी।समारोह के मुख्यातिथि राम सिंह मियां ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों पर भी बल दिया जा रहा है, जो काबिले तारीफ है। इस दौरान मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। लीडिंग फ्लाइट कैडेट चेतना को उत्कृष्ट एनसीसी कैडेट तथा वरुण को स्टूडेंट ऑफ द इयर का खिताब दिया गया।

### कर्मचारी विरोधी बिल को वापस ले प्रदेश सरकार



**कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू की लोकल यूनिट ने हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा लाए गए हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी नियुक्ति तथा सेवा शर्तें बिल के विरोध में काले बिल्ले लगाकर और गेट मीटिंग कर विरोध जताया। हिमाचल राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ ( एचजीसीटीए) के आह्वान पर यह गेट मीटिंग की गई। अनुबंध आधार पर नियुक्त कॉलेज प्रवक्ताओं ने 2009 से लंबी लड़ाई लड़कर उच्च न्यायालय शिमला से न्याय प्राप्त किया है। माननीय न्यायालय ने अपने फैसले में कर्मचारियों को वरिष्ठता सहित सभी लाभ प्रथम नियुक्ति से देने का फैसला दिया था। कुछ प्रवक्ताओं को यह लाभ मिल भी चुके हैं, लेकिन अधिकतर प्रवक्ताओं को अभी यह लाभ नहीं मिला है। प्रदेश सरकार ने इसी बीच एक कर्मचारी विरोधी बिल जिसको 12 दिसंबर, 2003 से लागू माना जाएगा उनको लेकर आ गई, ताकि कर्मचारियों को अनुबंध कॉल को मिलाकर यह लाभ नियुक्ति तिथि से न देने पड़े और न्यायालय के फैसले को दरकिनार किया जा सके।

# कंचनजंगा पावर प्रोजेक्ट की ट्रांसमिशन लाइन में स्पार्किंग से बड़ागढ़ के जंगल में लगी आग

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू की उझी घाटी में वीरवार रात 7:15 बजे के करीब कंचनजंगा पावर प्रोजेक्ट की ट्रांसमिशन लाइन में स्पार्किंग होने से काइन गांव के साथ लगता जंगल धू-धू कर जल उठा। देखते ही देखते इस आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी रात जंगल आग से सुलगता रहा।

ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, मगर असफल रहे। प्रत्यक्षदर्शी सुरेश और सुदर्शन ने बताया कि जब वे शाम को अपने बगीचे का काम कर वापिस घर लौट रहे थे, तो उन्हें अचानक प्रोजेक्ट वालों की तारों में धमाके के साथ आग निकलती दिखी। घर पहुंचने पर उन्होंने उसी स्थान पर भयंकर आग का मंजर देखा, तो इसकी जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों ने प्रोजेक्ट मैनेजर आशुतोष को दूरभाष पर दी, लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि मैनेजर ने लाइन में स्पार्किंग से आग लगने से अपना पल्ला झाड़ दिया और किसी प्रकार की सूचना अग्निशमन विभाग को भी नहीं दी। देर रात लगभग 10 बजे मौके पर पहुंच कर स्थानीय युवकों भूपेंद्र, सुरेंद्र, पोतम, वंश, सचिन ने आग को बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया था, जिस कारण उन्हें आग पर काबू पाने में सफलता नहीं मिली।

इस आग से सुबह पूरे क्षेत्र में धुंआ ही धुंआ छाया रहा। कंचनजंगा पावर प्रोजेक्ट की बिजली को इस ट्रांसमिशन लाइन के माध्यम से फोजल रोड स्थित हिमाचल पावर ट्रांसमिशन के सब स्टेशन को भेजा जाता है। फोजल सब स्टेशन के सहायक अभियंता अक्षय राणा ने बताया कि कंचनजंगा पॉवर प्रोजेक्ट की ट्रांसमिशन लाइन में शाम को 7:12 पर ट्रिपिंग आई थी।



### प्रोजेक्ट की ट्रांसमिशन लाइन सिर्फ 15 फुट ऊंची

**इन** जंगलों में सबसे अधिक आग कंचनजंगा पॉवर प्रोजेक्ट की ट्रांसमिशन लाइन में स्पार्किंग के कारण भड़कती है। इस प्रोजेक्ट की लाइन हलान-2 से जंगलों के बीच होती हुई, सब स्टेशन फोजल तक आती है। कई जगह यह लाइन केवल पंद्रह फुट तक ही ऊंची है। स्पार्किंग के कारण आग लगने का यह कोई पहला मौका नहीं है, इससे पहले भी कई बार जंगल में आग लगने की वारदातें हो चुकी हैं।

### जंगली जानवरों की वजह से होता शॉर्ट सर्किट : आशुतोष

**इस** बारे में जब कंचनजंगा के अधिकारी आशुतोष से बात की गई तो उन्होंने कहा कि बिजली की लाइन में शॉर्ट सर्किट पेड़ की टहनी गिरने या जंगली जानवरों के कारण होता है। स्थानीय लोगों ने प्रोजेक्ट पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है और प्रशासन से आग्रह किया है कि प्रोजेक्ट की लाइन की तारों को सही मापदंड व ऊंचाई पर लगाया जाए, ताकि घाटी में आगजनी की घटना कम हो।

### दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा

**उधर,** वनपरिक्षेत्र अधिकारी टीटू ने बताया कि आगजनी की घटना की सूचना मिल चुकी है। इसकी छानबीन कर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# बर्फ के दीदार को कोकसर पहुंचे पर्यटक, बर्फ न होने से हुए निराश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

▶ रोहतांग दर्रे सहित लाहौल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात

बर्फ के दीदार को कोकसर में पर्यटकों का मेला लग गया। सप्ताहांत के चलते पर्यटन स्थल में दो हजार से अधिक पर्यटक वाहन अटल टनल पार कर कोकसर व सिस्सू पहुंचे।

पर्यटन स्थलों में बर्फ न होने से पर्यटक निराश हुए। पर्यटकों ने नाले में जमे झरनों के पास जाकर फोटोग्राफी कर अपने लम्हों को यादगार बनाया। इस बार मौसम की बेरुखी सभी पर भारी पड़ रही है। हालांकि गत सप्ताह हल्का हिमपात हुआ था, लेकिन लाहौल घाटी सहित मनाली को बर्फ के फाहों का इंतजार है। कोकसर के पर्यटन कारोबारी रतन व सचिन ने बताया कि सप्ताहांत के चलते पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा। पर्यटकों ने खिली धूप के बीच चहलकदमी की। उन्होंने कहा कि सभी कारोबारियों को बर्फ के फाहों का इंतजार है। दूसरी ओर मनाली से अटल टनल होकर जिस्पा दारचा तक वाहनों की आवाजाही सुचारु रही। खिली धूप के बीच पर्यटकों ने लाहौल घाटी में चहलकदमी की। लाहौल-स्पीति प्रशासन ने खिली धूप में ही सफर करने की सलाह दी है। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि लाहौल घाटी के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी। उन्होंने पर्यटकों से आग्रह किया कि नदी किनारे न जाएं और खिली धूप के बीच ही सफर करें। रोहतांग दर्रे सहित लाहौल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात हुआ है। देर शाम रोहतांग सहित बारालाचा, शिंकुला व कुंजुम दर्रे में बर्फ के फाहे गिरने का दौरा शुरू हो गया।

> लाहौल-स्पीति पुलिस उत्कृष्ट तरीके से ट्रैफिक कंट्रोल कर रही है। सभी से अनुरोध है कि यातायात नियमों का पालन करें। ब्लैक आइस और अन्य जोखिमों को ध्यान में रखते हुए सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं। किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी थाना, चौकी या पुलिस कर्मी को सूचित करें।
> **मयंक चौधरी, एसपी लाहौल-स्पीति।**

# इस्कॉन ने श्रीमद् भगवत गीता के श्लोकों पर किया हवन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



इस्कॉन सेंटर कटराईं ने श्रीमद् भगवत गीता के श्लोकों पर हवन किया। हवन का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं में किया गया। भजन-कीर्तन से कार्यक्रम शुरू हुआ। नीरू चांदनी, अभिषेक और मनीष डढवाल ने अनेक कृष्ण भजन गाकर सारा पंडाल भक्तिमय कर दिया।

इसके उपरांत गीता के तीन अधयायों दो, नौ और अठारह पर श्लोकों के उच्चारण के साथ हवन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य जितेंद्र वर्मा थे। इस हवन में आहुति तीन सौ बच्चों और स्कूल के लगभग पचास शिक्षकगण द्वारा दी गई। गीता जयंती के महत्व और गीता के बारे में विस्तृत जानकारी कुलपति जनार्धन दास के द्वारा की गई। बच्चों को गीता के साप्ताहिक कक्षा में आने के लिए उमेश ठाकुर प्रभु ने 35 बच्चों की रेजिस्ट्रेशन की। इनको रविवार के दिन गीता पाठ करवाया जाएगा। सेंटर के इंचार्ज जीवाश्रय सुबल दास ने सेंटर में हो रहे प्रोग्राम के बारे में बताया। स्कूल प्रधानाचार्य जितेंद्र वर्मा ने इस्कॉन के स्कूल में हुए इस गीता जयंती कार्यक्रम की सहारना की।

# कुल्लू में पहली बार होगा कुल्लू महोत्सव का आयोजन

## 25 से 31 तक ढालपुर स्थित माल रोड में होगा आयोजन, सांस्कृतिक संध्या में कलाकार मचाएंगे धमाल

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

पर्यटन नगरी मनाली की तर्ज पर पहली बार कुल्लू में भी कुल्लू महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। 25 से 31 दिसंबर तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य जहां कुल्लू के पर्यटन को बढ़ावा देना है, साथ ही स्थानीय महिलाओं व लोगों द्वारा तैयार हस्तशिल्प सहित लोकल व्यंजनों को एक बाजार उपलब्ध करवाना है।

कुल्लू महोत्सव के आयोजन को लेकर अखाड़ा बाजार स्थित नगर परिषद कार्यालय में नप के कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार पहली बार 25 से 31 तक कुल्लू के माल रोड में कुल्लू महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। नप कुल्लू द्वारा कुल्लू महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर कमर कस ली है। सात दिवसीय इस महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जहां आयोजन होगा। वहीं, इसके अलावा अन्य विभिन्न गतिविधियां भी करवाई जाएंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए ढालपुर स्थित माल रोड में कलाकेंद्र के पास टी प्वाइंट जंक्शन के पास मंच सजाया जाएगा। इसके अलावा माल रोड में दोनों तरफ 70 कैनोपी लगाई जाएगी, जिसमें स्थानीय महिलाओं द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पादों के अलावा अन्य विभिन्न तरह की दुकानें भी लगेंगी। 70 में से 50 की खुली बोली होगी, जबकि 20 कैनोपी स्थानीय महिला मंडलों के लिए रिजर्व होंगी, जहां पर महिलाओं द्वारा तैयार हस्तशिल्प उत्पादों के अलावा लोकल व्यंजनों के स्टॉल लगेंगे। पहली बार आयोजित हो रहे इस महोत्सव में क्रिसमस व नए साल पर कुल्लू, मनाली आने वाले पर्यटकों को भी यहां पर बहुत कुछ नया मिलेगा। (अनंत ज्ञान)



नप कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा व उनके साथ अन्य पदाधिकारी।

### पहली बार होगा मैजिक शो

**इस** महोत्सव में कुल्लू की पायल ठाकुर और कुशल वर्मा, रमेश ठाकुर, गोपाल शर्मा, ठाकुर दास राठी व पंडित खुशबू शर्मा सहित अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देकर खूब धमाल मचाएंगे। साथ ही विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी भी विभिन्न प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा क्रिसमस और नए साल के मद्देनजर भी कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जो कि स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों को भी आकर्षित करेंगी। वहीं, इस दौरान आयोजित होने वाला मैजिक शो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

# गो सदन में अब बीमार खासकर प्रसूता पशुओं का होगा इलाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला मुख्यालय कुल्लू के लंका बेकर स्थित गो सदन में रखे गए पशुओं का अब बीमारी की स्थिति में यहीं पर उपचार होगा। खासकर प्रसूता गाय और बाद में उसके बच्चे को गो सदन के पास ही बनने जा रही मेडिकल यूनिट (अतिरिक्त शेड) में ही पशुपालन विभाग की ओर से हर तरह की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। इसके लिए गो सदन परिसर में महादेव भूमि गो सेवा सदन कुल्लू की ओर से नगर परिषद कुल्लू के साथ मिलकर एक मेडिकल यूनिट का निर्माण करवाया जा रहा है।

नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने इस मेडिकल यूनिट का शिलान्यास किया। इस अवसर पर नगर परिषद कुल्लू के अन्य पार्षद भी मौजूद रहे। गोपाल कृष्ण महंत ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि कुल्लू शहर में मुख्य रूप से दो बड़ी समस्याएं हैं, जिनमें एक आवारा कुत्ते व दूसरी बेसहारा पशुओं की। उन्होंने कहा कि बेसहारा पशुओं के लिए करीब सात साल पहले लंकाबेकर में गोसदन बनाया गया है और वर्तमान समय में यहां पर करीब 300 पशु हैं। उन्होंने महादेव भूमि गो सेवा सदन कुल्लू का इस गो सदन के लिए पूरा सहयोग करने के लिए आभार जताया। यहां पर ही एक अतिरिक्त शेड बनाया जा रहा है, ताकि प्रसूता और बीमार गाय को ठंड से बचाने और उस स्थिति में हर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से नगर परिषद कुल्लू और महादेव भूमि गो सेवा सदन कुल्लू की ओर से यह अतिरिक्त शेड (मेडिकल यूनिट) बनाया जा रहा है क्योंकि जिस समय गाय प्रसूता होती है या बच्चे को जन्म देती है तो ऐसे हालातों में उसे बाहर नहीं रखा जा सकता और बीमारी में पशुओं को यहां अलग से रखा जाएगा, ताकि इन पशुओं को किसी भी तरह की दिक्कतें पेश न आए इसके लिए इस अतिरिक्त शेड का निर्माण किया जा रहा है। गोपाल कृष्ण ने बताया कि कई बार गो सदन में पशु बीमार हो जाते हैं और उन्हें पशु चिकित्सालय तक ले जाना भी काफी मुश्किल भरा होता है या फिर प्रसूता गाय और बच्चा होने के बाद भी गाय और बच्चे को अन्य पशुओं से अधिक सेवा की जरूरत होती है, ऐसे में अब नगर परिषद के द्वारा यहां पर अतिरिक्त शेड का निर्माण किया जा रहा है, जहां पर पशु चिकित्सकों को बीमार पशुओं का ईलाज करने में आसानी होगी। इसमें 10 लाख के करीब खर्च होगा, जिसमें सभी मिलकर सहयोग करेंगे। हर माह इस गो सदन में एक लाख के करीब बेसहारा पशुओं की देखरेख के लिए खर्च किया जाता है। उन्होंने घाटी के लोगों से भी गौसदन के लिए अपना सहयोग करने की अपील की है। नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत व अन्य पार्षदों ने इसका निरीक्षण किया। वहीं, इस अवसर पर महादेव भूमि गो सेवा सदन कुल्लू के अध्यक्ष नवनीत सूद ने आम जन-मानस से इस नेक कार्य में बढ़चढ़कर सहयोग करने की अपील की।

# एनएचपीसी व लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज में हुआ एमओयू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



ऊर्जा सेक्टर की नवरत्न कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड के पार्बती पावर स्टेशन बिहाली द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत विकास सीएसआर और एसडी पहल के तहत एक समझौता ज्ञापन हुआ।

इस एमओयू में पार्वती पावर स्टेशन बिहाली के समूह महाप्रबंधक (प्रभारी) प्रकाश चंद की उपस्थिति में श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल नेरचौक मंडी के साथ कैंसर के उपचार की सामग्री के लिए एक एमओयू साइन किया गया, जिसमें 66 लाख 66 हजार रुपए का खर्च होगा। एनएचपीसी लिमिटेड पार्बती पावर स्टेशन की ओर से जीटीएस राजू समूह वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन तथा लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की ओर से डॉ. देवेंद्र कुमार वर्मा ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कविराज नायक महाप्रबंधक (विद्युत), रंजीत कुमार महाप्रबंधक (यांत्रिक), सुनील कुमार महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) आदि मौजूद रहे।



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



## महिलाओं की सुरक्षा के लिए कड़े कानून बनाने की जरूरत

कमलेश वर्मा, कुल्लू। जिस रफ्तार से अपराध के दर में वृद्धि हो रही है, उससे एक बात तो साफ है कि वर्तमान समय में सुरक्षित कोई नहीं है, लेकिन खास तौर पर जिस तरह से महिलाओं और युवतियों से बलात्कार और फिर हत्या जैसी दिल को दहला देनी वाली घटनाएं घट रही हैं, उससे अब समाज में हर शख्स को, हर महिला को सतर्क रहने की जरूरत है। बदलते वक्त के साथ अपराधियों की पहचान कर पाना भी बहुत मुश्किल हो चुका है क्योंकि किसी के चेहरे को देख कर हम पता नहीं लगा सकते कि किस के मन में क्या है और कौन किस मंशा को लिए अपराध को अंजाम देने की फिराक में है। आज-कल के युवाओं में अपराध को अंजाम देने का डर ही नहीं है वे बेखौफ होकर महिलाओं और युवतियों को अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी पर भी सवाल उठता है कि क्या जनता और अपराध का शिकार हो चुके पीड़ितों के परिजन सिर्फ मोमबत्ती जला कर और फेसबुक और व्हाट्सऐप पर स्टेट्स डालने तक ही सीमित रहेंगे या फिर सरकार इस पर ओर कड़े कदम उठाएगी। बहरहाल, देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानून को ओर भी सख्त बनाने की जरूरत है, ताकि ऐसे जघन्य अपराधों पर रोक लगे और सभी अभिभावक अपनी बेटियों की सुरक्षा के प्रति निश्चिंत हो सके। इसी विषय पर कुल्लू की कुछ महिलाओं व युवतियों से चर्चा के पेश हैं उसके कुछ अंश।

> गलत संगत और नशे जैसी बुराइयों से दूर रह कर खुद को सुरक्षित रखे युवतियां

### आज के समय में समाज में महिलाएं बिलकुल भी सुरक्षित नहीं



दिव्या, कुल्लू।

आज के समय में समाज में महिलाएं बिलकुल भी सुरक्षित नहीं हैं। मन में एक सवाल यह भी उठता है कि क्या ऐसे समाज में बेटियों को कभी सुरक्षित माहौल मिल पाएगा। ऐसी घटना घटने के बाद जब महिलाओं को न्याय नहीं मिलता है, तो कहीं न कहीं उस दुख और तकलीफ को झेल चुके परिवार को जरूर तकलीफ होगी और घोर निराशा भी होगी। वैसे तो किसी के मन में क्या है ये कहना मुश्किल है, मगर किसी भी कारण से किसी की मंशा का जरा सा भी संकेत मिलता है, तो आजकल युवतियों को चाहिए कि वो सतर्क रहें और खुद को सुरक्षित रखें। नशे और गलत संगत से दूरियां बनाकर रखें, ताकि किसी तरह की अनहोनी युवतियों या महिलाओं के साथ न घटे। इसके साथ ही सरकार को भी हत्या और ब्लात्कार के मामलों में कड़े से कड़े कानून बनाने की जरूरत है और ऐसे अपराधियों पर किसी भी तरह से नरमी न बरती जाए।

### सरकार को महिलाओं की सुरक्षा के बारे में सोचना होगा



आशा, बालीचौकी

आजकल के पढ़ेलिखे और सभ्य समाज में ही जब महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, तो ऐसे में भविष्य में न्याय व्यवस्था और अपराध किस तरह से सही से चल पाएगा। अपराधी अगर दोस्तों की सूरत में हमारे ही बीच बैठा हो, तो ऐसे में उसकी पहचान करना ही सबसे बड़ी चुनौती है। मैं मानती हूं कि अब वक्त आ गया है कि बेटों को भी संस्कार और महिलाओं के साथ कैसे पेश आना है, इस बारे में उन्हें शिक्षित किया जाए। बेटे अगर अपराधों की गंभीरता को समझ पाएं और महिलाओं के साथ किस तरह बर्ताव करना है, ये समझ जाएं, तो शायद काफी हद तक अपराध में कमी आ सकती है। सरकार को भी अब महिलाओं की सुरक्षा के बारे में गंभीरता से सोचना होगा और बलात्कार और हत्या के मामले में सख्त से सख्त सजा का प्रावधान कर दोषियों को सजा दें, ताकि अपराधियों में भी खौफ पनप सके।

### महिलाओं के साथ घटने वाली घटनाएं आज भी ज्यों की त्यों



तब्बू, कुल्लू।

महिलाओं, युवतियों और बेटियों के लिए अब ये समाज अब उतना सुरक्षित नहीं है। महिलाओं को इन मामलों में चुप्पी तोड़ते हुए सामने आना होगा। माना कि समाज बदल रहा है, मगर ये नहीं भूलना चाहिए कि महिलाओं के प्रति घटने वाली आपराधिक घटनाएं आज भी ज्यों की त्यों हैं और समाज में पुरुषों की मानसिकता आज भी महिलाओं के प्रति वैसी ही हैं। घरों में बेटों को महिलाओं के साथ किस तरह व्यवहार करना है और महिलाओं का सम्मान करने के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही बेटों की संगत पर भी नजर रखी जाए और बेटे कोई नशे का सेवन तो नहीं कर रहे हैं इस पर भी ध्यान देना जरूरी है। इसके साथ ही सरकार को अपनी जिम्मेदारी के प्रति अब गंभीर होना होगा। महिलाओं के साथ घटने वाले अपराधों में दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई हो इस पर भी ध्यान देना चाहिए।

### अनजान से दोस्ती करने से पहले अच्छे से जांच करें



अनिता क्रोफा, बदाह।

आजकल के युवा इतनी आसानी से हत्या कर रहे हैं जैसे कि कोई सब्जी काट रहा हो। अपराधियों में कोई खौफ ही नहीं है और न ही महिलाओं के प्रति कोई दया और सम्मान। इस तरह का माहौल किसी भी महिला की सुरक्षा के लिहाज से सुरक्षित नहीं है। बेटियों के माता-पिता डर के साये में रहने लगे हैं कि किस तरह से वो अपनी बेटियों को पढ़ने-लिखने के लिए अलग राज्यों या जिलों में भेजें। युवाओं को भी अब अपराधों की गंभीरता को समझते हुए अपनी तरफ से सतर्कता जरूर बरतनी चाहिए। किसी भी अनजान से दोस्ती करने से पहले अच्छे से जांच कर लें, ताकि पता चल सके कि कौन कैसा है। यहां पर सबसे अहम जिम्मेदारी सरकार और पुलिस प्रशासन की बनती है और दोनों को चाहिए कि महिलाओं के साथ होनी वाली हिंसक घटनाओं में अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले, ताकि कोई और महिलाओं के साथ किसी भी तरह का कोई अपराध न कर सके।

## न्यूज ब्रीफ

### रियल एंटरप्राइज का निरीक्षण कर पाई खामियां

**बीबीएन।** प्रदूषण नियंत्रण व पर्यावरण संरक्षण नियमों की अवहेलना करने पर बद्दी की रियल स्क्रैप एंटरप्राइसिस के खिलाफ आगामी कार्रवाई के लिए प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड बद्दी ने उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी है, अब रियल स्क्रैप फर्म पर गाज गिरना तय है। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड शिमला के द्वारा फर्म का बिजली कनेक्शन काटने के साथ-साथ एनवायरमेंट कंपनसेशन की कार्रवाई भी कर सकता है। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड बद्दी की टीम ने रियल स्क्रैप फर्म के परिसर एरिया से सैंपल भरे थे, जो कि फेल पाए गए थे, जिसमें पाया गया था कि उक्त फर्म खुले में कंपनियों से एकत्रित होने वाला कैमिकल खुले में फेंका जा रहा था, जिसके चलते प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड बद्दी ने फर्म को नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर जवाब मांगा था। वहीं, टीम ने बीते 17 दिसंबर को रियल स्क्रैप के प्लांट का निरीक्षण करते हुए कई गंभीर खामियां मौके पर पाई, जिसकी विस्तृत रिपोर्ट अब शिमला मुख्य कार्यालय को भेज दी गई है। 23 सितंबर को प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड बद्दी को शिकायत मिली थी कि रियल एंटरप्राइज स्क्रैप के अपने ईटीपी में कैमिकल ड्रम व धोने पर खुले में इसका निस्तारण कर रहा है। टीम ने शिकायत के आधार पर औचक निरीक्षण किया था, जिसमें मौके पर पर पाया गया था कि यूनिट में लाए कैमिकल ड्रम बाहर खुले में धोकर कैमिकल फेंक रहे हैं। इन ड्रमों को प्लांट के बाहर खुले स्थान पर धोया जा रहा था और इन गंदे व जहरीले कैमिकल युक्त पानी को नाले में फेंका जा रहा था। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड बद्दी के अधिशाषी अभियंता प्रवीण गुप्ता ने बताया कि रियल एंटरप्राइज का निरीक्षण करते हुए कई खामियां पाई गई हैं, जिसकी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई के लिए भेज दी गई है।

### आंगनबाड़ी के 4 पदों के लिए 30 तक आवेदन

**नाहन।** बाल विकास परियोजना अधिकारी शिलाई के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र धकोली, रोनहाट, नावना व पाव मिनी में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 4 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए पात्र महिला उम्मीदवार 30 तक अपना आवेदन बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय शिलाई में जमा करवा सकते हैं। इन पदों के लिए साक्षात्कार 7 जनवरी को एसडीएम शिलाई के कार्यालय में प्रातः 11 बजे से आयोजित किए जाएंगे। बाल विकास परियोजना अधिकारी शिलाई ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र धकोली, रोनहाट, नावना के लिए आवेदन करने वाली पंचायत क्षेत्र नाया, रास्त व नावना भटवाड़ की सामान्य निवासी होनी चाहिए, जबकि आंगनबाड़ी केंद्र पाव मिनी के लिए आवेदक केवल आंगनबाड़ी केंद्र के फीडर एरिया से ही संबंधित होनी चाहिए।

### लोगों को नशे से बचने के लिए किया प्रेरित

**दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट के रेड रिबन क्लब के विद्यार्थियों ने आईटीआई दाड़लाघाट में नशा जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने नशे के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाई और लोगों को नशे से बचने के लिए प्रेरित किया। रेड रिबन क्लब की प्रभारी सहायक आचार्य भूमि शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों ने इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे से बचाव के संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने एक रैली भी निकाली, जिसमें उन्होंने नशे के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाई और लोगों को नशे से बचने के लिए प्रेरित किया।

### सरस्वती विद्या मंदिर कशलोग में नवाजे मेधावी

**दाड़लाघाट।** हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर कशलोग ने अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया। इस समारोह के मुख्यातिथि सेवा समिति के संयोजक राजेंद्र ठाकुर रहे। मुख्यातिथि ने कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के चरणों में दीप प्रज्वलन से किया। इस आयोजन में विशेषातिथि तथा मुख्य वक्ता शिक्षा समिति जिला सोलन के अध्यक्ष थे। अभी हाल ही में क्रिकेट रणजी ट्रॉफी के लिए चयनित हुए विद्यालय के पूर्व छात्र दिवेश शर्मा भी मुख्य रूप से आमंत्रित मेहमान रहीं। प्रधानाचार्य अवनिका कपूर ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ते हुए वर्ष भर विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों को गिनाया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की अनेक खूबसूरत प्रस्तुतियां दीं और अभिभावकों द्वारा खूब तालियां बटोरी गई व मुख्यातिथि ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

### बिजली उपभोक्ता ई-केवाईसी करवाना करें सुनिश्चित

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजली उपमंडल सोलन-1 के अंतर्गत आने वाले सभी बिजली उपभोक्ता ई-केवाईसी 25 तक करवाना सुनिश्चित करें। यह जानकारी बिजली उपमंडल सोलन-1 के सहायक अभियंता ने दी। उन्होंने कहा कि सर्कुलर रोड, जवाहर पार्क, चौक बाजार, अप्पर बाजार, मोहन कॉलोनी, बाण महोल्ला, मधुबन कालोनी, राजगढ़ मार्ग तथा आसपास के क्षेत्र में बिजली उपभोक्ता सर्कुलर रोड स्थित बिजली उपमंडल सोलन-1 कार्यालय में ई-केवाईसी करवा सकते हैं। इसी प्रकार माल रोड, सुंदर सिनेमा, ओल्ड पावर हाउस रोड, अमित अपार्टमेंट, अमित एवेन्यू, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कथेड, गुरुकुल, धोबीघाट के बिजली उपभोक्ता पुराना उपायुक्त कार्यालय सोलन के समीप बिजली शिकायत कक्ष में ई-केवाईसी करवा सकते हैं। सन्नी साइड, सेर क्लीन के बिजली उपभोक्ता सनी साइड स्थित पार्क में तथा मोहन पार्क, चेस्टर हिल, शांडिल निवास, सेंट ल्यूक्स, शक्ति नगर, जोणाजी मार्ग, शिली मार्ग, लोअर बाजार, कसाई गली, शूलिनी नगर, सोलन गांव, नड़ोह, धाली, बजड़ोल, बचेड़ के बिजली उपभोक्ता जोणाजी मार्ग पर स्थित शर्मा बेनक्वेट हॉल में ई-केवाईसी करवा सकते हैं। सहायक अभियंता ने कहा कि बिजली उपभोक्ता ई-केवाईसी करवाने के लिए अपने साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड, बिजली का बिल तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाएं। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वह 25 दिसंबर तक ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें।

### श्री राम जगपालक व सृष्टि के नियामक तत्व

**सोलन।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने जोनाजी रोड सोलन में चल रही सात दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन लेखराम वर्मा और नीरूका सुखीजा ने विधिवत पूजन किया। कथा व्यास मानस मर्मज्ञा साध्वी सुश्री जयंती भारती ने श्रीराम जन्म प्रसंग सुनाते हुए समझाया कि प्रभु श्री राम जगपालक और सारी सृष्टि के नियामक तत्व हैं, जो साकार रूप धारण कर अयोध्या में अवतरित होते हैं। समय-समय पर निराकार परमात्मा धर्म की स्थापना के लिए साकार रूप धारण करते हैं। श्री राम चरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास ने प्रभु श्री राम जन्म समेत प्रभु की सभी लीलाओं का सुंदर वर्णन किया है। कथा में राम जन्म की मनमोहक झांकी को सजाया और संत समाज द्वारा बधाई गीत गाए गए। सभी प्रभु भक्तों ने नाचकर अपनी खुशी को व्यक्त किया। साध्वी ने अयोध्या हमारे मानव तन का प्रतीक, जिसमें राम रूपी ईश्वर का वास है।

### बच्चों के लिए कानूनी सेवा यूनिट गठित

**सोलन।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सोलन आकांक्षा डोगरा ने की। आकांक्षा डोगरा ने कहा कि यह पहल बच्चों के लिए बाल मैत्रीपूर्ण कानूनी सेवाओं के लिए नालसा योजना का हिस्सा है। फ्रैंडली सेवा योजना के तहत बच्चों के लिए कानूनी सेवा यूनिट का गठन किया गया है। यूनिट में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पैनल अधिवक्ता, पीएलवी शामिल हैं।

### अमरकोट स्कूल के वार्षिक उत्सव में नवाजे होनहार

**पांवटा साहिब।** राजकीय उच्च विद्यालय अमरकोट में वार्षिक पारितोषिक सम्मान समारोह मनाया गया, जिसमें मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था की अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की उनके साथ मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था के निदेशक डॉक्टर अनुराग गुप्ता संरक्षक धर्मेंद्र वर्मा ,विवेक गुप्ता और नीरज बंसल मौजूद रहे। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा रंग-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं, पहाड़ी नाटी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही व होनहार स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया।

# परवाणू-सोलन व चंबाघाट-कैथलीघाट में डायवर्जन से जोखिम भरा हुआ सफर

## कोर्ट के आदेश के बावजूद नहीं हटाया गया मलबा, रोज हो रही दुर्घटनाएं

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नेशनल हाईवे-5 के परवाणू-सोलन और चंबाघाट-कैथलीघाट फोरलेन स्ट्रेच में बरसात के दौरान हुए लैंडस्लाइड के मलबे को नहीं हटाए जाने से जगह-जगह सड़क को डायवर्जन किया गया है। इससे हाईवे पर वाहन दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। निर्माण कार्य में लगी कंपनी अपनी मर्जी से वाहन चालकों को जागरूक किए बगैर कभी डायवर्जन लगा देती है, तो कभी हटा देती है।

इससे एक ही लाइन में दोनों तरफ से आने वाले वाहन चालक गफलत में आ जाते हैं। यही कारण है कि परवाणू-सोलन और चंबाघाट-कैथलीघाट फोरलेन स्ट्रेच पर पिछले एक वर्ष से वाहनों की दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। शुक्रवार को परवाणू-सोलन फोरलेन के कोटी में डायवर्जन के चलते दो गाड़ियों की जोरदार टक्कर हो गई। गाड़ियों के एयर बैग खुलने से किसी को चोट नहीं आई पर दोनों वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा। इसी तरह पिछले कल चंबाघाट-कैथलीघाट फोरलेन के क्लब महेंद्रा के सामने रोड डायवर्जन के चलते बाइक और एक गाड़ी की आमने सामने टक्कर हो गई। इससे दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी तरफ सेब सीजन के दौरान भी बड़ी संख्या में फोरलेन में हादसे पेश आए। हादसों के बावजूद संबंधित विभाग ने सबक नहीं लिया। (अनंत ज्ञान)



परवाणू-सोलन फोरलेन के कोटी में डायवर्जन के चलते दो वाहनों में हुई भिड़ंत।

### प्रदेश हाई कोर्ट लगा चुका है फटकार

**प्रदेश** हाई कोर्ट फोरलेन पर पड़े मलबे को हटाने को लेकर एनएचएआई को फटकार लगा चुका है। कोर्ट की सख्ती के बाद जिला प्रशासन ने भी संबंधित विभाग को सड़क किनारे पड़े मलबे और अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए हैं पर फोरलेन निर्माण का कार्य कर रही कंपनियों ने गंभीरता नहीं दिखाई, जिससे वहां दुर्घटनाएं आम बात हो गई हैं।

### सिंगल लेन से वाहनों को आवाजाही से खतरा

**मानसून** विदा हुए लंबा वक्त गुजर जाने के बावजूद परवाणू-सोलन, चंबाघाट-कैथलीघाट फोरलेन में मलबा पड़ा होने के चलते अभी भी **सिंगल लेन** के सहारे ही वाहनों की आवाजाही हो रही है। इससे वाहन दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। फोरलेन पर अब भी कई जगह पर एनएचएआई डबल लेन सड़क को नहीं खोल पाया है, जबकि अब मानसून को विदा हुए कई महीने का समय बीत चुका है। परवाणू से सोलन तक भी कई जगह सिंगल लेन ही चल रही है। इन जगहों पर सड़क हादसों का खतरा तो बना ही है साथ ही चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुमारहट्टी के पट्टा मोड, धर्मपुर पुलिस स्टेशन के पास, सनवारा ट्रिपल ए होटल, दत्यार, कोटी मोड सहित चंबाघाट से कंडाघाट के बीच कई जगहों पर काफी समय से सिंगल लेन ही यातायात चलाया जा रहा है। यहां से मलबा नहीं हटाया गया है, इससे हादसों का खतरा बना हुआ है। इन दिनों बाहरी राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक हिमाचल पहुंच रहे हैं। सड़क में सही दिशा-निर्देश नहीं होने से वाहन चालक कई बार धोका खा जाते हैं।

## जिला परिषद किन्नौर की त्रैमासिक बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



जिला परिषद किन्नौर की त्रैमासिक बैठक जिला परिषद सभागार में की आयोजित।

**अनिल नेगी, किन्नौर**

जिला परिषद किन्नौर की त्रैमासिक बैठक जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष निहाल चारस ने की। बैठक में जहां गत मुद्दों पर व्यापक चर्चा कर उनके समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देष दिए। वहीं, नए मुद्दों पर भी संबंधित विभागों से उचित कदम उठाने को कहा। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष निहाल चारस ने सभी विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहने को कहा, ताकि जनहित से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा कर उचित निर्णय लिए जा सकें।

जिला परिषद पंचायतीराज संस्थाओं में एक मुख्य कड़ी है, जिसके माध्यम से संबंधित सदस्यगण जनहित से जुड़े मामलों को सदन में रखते हैं, ताकि उनका समयबद्ध हल निकाला जा सके। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों से सदन में रखे गए मुद्दों पर समयबद्ध उचित कदम उठाने को कहा, ताकि समस्याओं को जल्द हल किया जा सके।

बैठक में विभिन्न सदस्यों द्वारा रखे गए पुराने मुद्दों पर व्यापक चर्चा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को जल्द उचित कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए। इस दौरान जलशक्ति, बिजली बोर्ड, राष्ट्रीय उच्च मार्ग, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, उद्यान विभाग, पुलिस, एसजेवीएनएल सहित अन्य विभागों से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में सहायक उपायुक्त ओम प्रकाश यादव, पंचायत समिति कल्पा की अध्यक्ष ललिता पंचारस, विभिन्न जिला परिषद सदस्यों सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रदेश का युवा मुख्यमंत्री से मांग रहा 2 लाख सरकारी नौकरियों का हिसाब : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश का युवा मुख्यमंत्री से 2 लाख सरकारी नौकरियों का हिसाब मांग रहा हैं। रावत ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय नेता प्रियंका गांधी ने कहा था कि यदि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है, तो पहली ही कैबिनेट बैठक में प्रदेश सरकार बेरोजगार युवाओं को एक लाख सरकारी नौकरी देगी।



सरकार को बनते हुए दो साल से भी अधिक समय हो गया है, लेकिन अभी तक प्रदेश के किसी भी बेरोजगार युवा को सरकारी नौकरी नहीं मिली है, जिससे प्रदेश का युवा अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। रावत ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, लेकिन प्रदेश सरकार इस पर गंभीर नहीं है। रावत ने बताया कि प्रदेश में बहुत सारे बेरोजगार बच्चे ऐसे हैं, जिन्होंने सरकारी नौकरी पाने के लिए अपनी आयु सीमा भी पार कर ली है, लेकिन उनको दो साल बीत जाने के बाद भी आज तक सरकारी नौकरी नहीं मिली है। रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता हमेशा झूठ की राजनीति करते हैं, ऐसे नेताओं को प्रदेश के बेरोजगार युवा कभी भी माफ नहीं करेंगे और भविष्य में कभी भी उनके झांसे में नहीं आएंगे।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा का धरना आज

**सोलन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा सोलन 21 को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, ओल्ड बस स्टैंड सोलन में धरना-प्रदर्शन करेगा। जिला सोलन युवा मोर्चा अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर ने कहा कि यह प्रदर्शन भीमराव अंबेडकर के अपमान के खिलाफ है, जो कांग्रेस पार्टी ने बार-बार किया। बाबा साहेब, जिन्होंने सामाजिक समानता और न्याय के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया, उनके योगदान को अपमानित करना देश के संविधान और लोकतंत्र का भी अपमान है। भारतीय जनता युवा मोर्चा इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और बाबा साहेब अंबेडकर के आदर्शों के साथ खड़ा है। हमारा उ्ददेश्य उनके सम्मान और विचारों को बनाए रखना है, जो हर भारतीय के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

## अल्पसंख्यक समुदाय के मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी नाहन एलआर वर्मा ने अल्पसंख्यकों के लिए प्रधानमंत्री नया 15 सूत्री कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सिरमौर की कुल जनसंख्या 5 लाख 29 हजार 855 है, जिसमें अल्पसंख्यक वर्ग की कुल जनसंख्या 53 हजार 25 है, जो कि कुल जनसंख्या का लगभग 10.01 प्रतिशत है।

बैठक में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के प्रतिनिधि ने बताया कि गुज्जर समुदाय के बच्चों के लिए चल रहे कटापत्थर तथा छल्लूवाला विशेष विद्यालय के भवनों के लिए परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा अभियान द्वारा प्रस्तुत 9 लाख 70 हजार रुपए प्रति केंद्र के प्राकलनों को सहायक अभियंता विकास द्वारा पूर्ण सत्यापन कर दिया गया है तथा भूमि उपलब्ध होते ही कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। शिक्षा तथा कल्याण विभाग द्वारा प्राथमिक व उच्च स्कूलों में उर्दू भाषा के अध्यापकों की भर्ती और तैनाती के लिए जल्द ही कालाआंब, पांवटा, पुरूवाला तथा अन्य स्कूलों का दौरा करने का आश्वासन दिया। अल्पसंख्यक समुदाय के मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना के बारे में जानकारी देते हुए प्रारंभिक शिक्षा के प्रतिनिधि ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के 80 बच्चों में से केवल 8 बच्चों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत किए हैं। एडीएम ने शिक्षा विभाग को अधिक से अधिक अल्पसंख्यक समुदायों के पात्र मेधावी विद्यार्थियों को इस योजना के अंतर्गत चिन्हित करने को कहा। बैठक के दौरान गैर-सरकारी सदस्य संजय सिंह द्वारा क्रिश्चियन कब्रिस्तान की मरम्मत की मांग पर कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद द्वारा जानकारी दी गई कि उनके द्वारा मौके का मुआयना कर प्राक्कलन तैयार किया तथा जल्द ही इसे जिला स्तरीय बैठक में प्रस्तुत कर दिया जाएगा।



## हनुमान बड़ोग स्कूल में नवाजे मेधावी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता पीएनबी से सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक जय देवेंद्र शर्मा ने की। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष हेम चंद ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

विद्यालय के मुख्याध्यापक पीसी बट्टू ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आगामी योजना साझा की, जिसके लिए अभिभावकों से सहयोग मांगा। प्राथमिक विद्यालय की नर्सरी कक्षा के नन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। सातवीं तथा आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों नंद किशोर, दीक्षांत, लक्ष्य, कृतिका, तन्वी, वरुण आदि ने सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव एक नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया।



लोगों ने इसका भरपूर आनंद लेते हुए मनोरंजन किया और जागरूकता भी हासिल की। छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में आठवीं कक्षा की छात्रा कृतिका के द्वारा बनाई गई पेंटिंग की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसकी सभी दर्शकों ने प्रशंसा की। मुख्यातिथि हेम चंद ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि वे स्कूल विकास और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए हमेशा सहयोग करते रहेंगे व उन्होंने पूरे वर्ष में विभिन्न गतिविधियों में शामिल उत्कृष्ट विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## कलाकारों ने सौर ऊर्जा परियोजना व इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सौजन्य से विकास खंड नाहन की पंचायत बनेठी व बस स्टैंड नाहन तथा विकास खंड संगड़ाह की पंचायत चाड़ना व शिवपुर में कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें कलाकारों ने गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक से सौर ऊर्जा परियोजना, इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना, पुरानी पेंशन बहाली, मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना की जानकारी लोगों तक पहुंचाई।

कलाकारों ने लोगों को बताया कि हिमाचल सरकार इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत एक बेटी पर 2 लाख रुपए तथा दो बेटियों के बाद परिवार नियोजन अपनाने पर 1 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान कर रही है। इस दौरान पंचायत प्रधान धर्मपाल, वीना शर्मा, उपप्रधान राज कुमार, पूर्व बीडीसी अंजना कमल, अड्डा प्रभारी मोहम्मद नासिर, प्रमोद कुमार, पंचायत सदस्य मनीषा, कुबजा देवी, अनिता कुमारी, असीमा, जीत सिंह, महिला मंडल प्रधान पिंगला कुमारी सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



## 23 को नाहन में होगा कैंपस इंटरव्यू

**नाहन।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नाहन के प्रधानाचार्य अशरफ अली ने बताया कि 23 को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नाहन में देश की नामी कंपनियां क्रॉम्पटन ग्रीव्स बद्दी, ग्राइंडवेल नॉरटन बद्दी बरोटीवाला व एमटी ऑटो क्राफ्ट बरोटीवाला द्वारा कैंपस इंटरव्यू लिया जा रहा है। इन तीनों कंपनीयों में ट्रेनी आपरेटर तथा अपरेंटिस ट्रेनी के लगभग 100 पद भरे जाएंगे। इसमें सभी ट्रेड के आईटीआई पास प्रशिक्षु भाग ले सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को 13,500 से 17,000 तक वेतन, कैंटीन सुविधा, वर्दी तथा स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की जाएगी।

## अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**रिकांगपिओ।** किन्नौर के डीसी कार्यालय सभागार कक्ष में न्यायालयों में लंबित विभागीय मामलों के जल्द निपटान के लिए एकदिवसीय लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर की कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ई-डिस्ट्रीक प्रबंधक शिमला अखिल शर्मा ने बताया कि अदालतों में लंबित विभागीय मामलों के जल्द निष्पादन और उनकी ऑनलाइन निगरानी सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार के डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं शासन विभाग ने लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर तैयार किया है, ताकि न्यायालयों में विचाराधीन मामलों की जानकारी को केंद्रीकृत किया जा सके और उनका समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## काले बिल्ले लगाकर सेवा शर्तें बिल का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ (एचजीसीटीए) के आह्वान पर सोलन कॉलेज की लोकल यूनिट ने प्रदेश सरकार के द्वारा लाए गए सरकारी कर्मचारी की नियुक्ति व सेवा शर्तें बिल का विरोध किया।

प्रेस सचिव डॉ. घनश्याम सिंह सोनी ने कहा कि अनुबंध आधार पर नियुक्त कॉलेज प्रवक्ताओं ने 2009 से लंबी लड़ाई लड़कर उच्च न्यायालय शिमला से न्याय प्राप्त किया। न्यायालय ने अपने फैसले में कर्मचारियों को वरिष्ठता सहित सभी लाभ प्रथम नियुक्ति से देने के फैसले लिए। कुछ प्रवक्ताओं को यह लाभ मिल भी चुके हैं, लेकिन अधिकतर प्रवक्ताओं को अभी भी यह लाभ नहीं मिले हैं। प्रदेश सरकार इसी बीच एक कर्मचारी विरोधी बिल, जिसको 12 दिसंबर 2003 से लागू माना जाएगा उसको लेकर आ गई, ताकि कर्मचारियों के अनुबंध कॉल को मिलाकर यह लाभ नियुक्ति तिथि से न देने पड़े और न्यायालय के फैसले को दरकिनार किया जा सके, जब प्रदेश सरकार ने पुरानी पेंशन स्कीम लागू की थी, तो कॉलेज प्राध्यापक संघ ने इसका स्वागत किया था और लगा था कि यह सरकार कर्मचारियों के हितों को सुरक्षित रखेगी पर प्रदेश सरकार एक से एक बढ़कर कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है, जिसे कर्मचारी विरोधी बिल, स्टडी लीव पर जाने वाले प्रवक्ताओं को केवल 40 फीसदी वेतन और पीरियड आधार पर गेस्ट फैकल्टी रखना आदि फैसले हैं।



सेवा शर्त बिल के विरोध में गेट मीटिंग करते सोलन कॉलेज प्राध्यापक संघ।

## नायब तहसीलदार डीपी शर्मा ने घड़याच पाठशाला का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घड़याच में सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्कूल एडॉप्शन कार्यक्रम के अंतर्गत तहसील अर्की से नायब तहसीलदार डीपी शर्मा ने पाठशाला का दौरा किया, जिसमें पाठशाला में चल रहे विभिन्न शैक्षिक व गैर शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी ली।



पाठशाला की इंफ्रास्ट्रक्चर में क्या कुछ सुधार किया जा सकता है, इसके लिए पाठशाला स्टाफ के साथ बैठक कर चर्चा की तथा भविष्य में इस पाठशाला में शैक्षिक व गैर-शैक्षिक गतिविधियों को और अच्छे ढंग से संचालित करने के लिए पाठशाला विकास के लिए योजना तैयार करने के लिए स्टाफ के साथ चर्चा की। जल्द ही इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को देने की बात भी कही। उन्होंने भविष्य में इस पाठशाला की बेहतरी के लिए क्या कुछ किया जा सकता है, इसके सुझाव भी पाठशाला स्टाफ तथा स्कूल प्रबंधन समिति से जल्द देने की अपील की।

**आयोजन** लोगों के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की निगरानी एवं समीक्षा बैठक की

# 9642 व्यक्तियों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन को मिली स्वीकृति

**अनंत ज्ञान, नाहन**

प्रदेश सरकार द्वारा लोगों के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की निगरानी एवं समीक्षा बैठक उपमंडल अधिकारी नाहन के कार्यालय में आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने की।

बैठक में केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से डीआरडीए, जिला कल्याण विभाग, आईसीडीएस, स्वास्थ्य व आयुष आदि विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति को लेकर चर्चा की गई। जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोड़ा ने जानकारी दी कि जिला सिरमौर में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत 4128 महिलाओं को लाभान्वित किया गया तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 9642 व्यक्तियों के पेंशन के मामले स्वीकृत किए गए हैं। डीसी ने शिक्षा विभाग को शिलाई और संगड़ाह के दुर्गम इलाकों के स्कूल भवनों की जानकारी उपलब्ध करवाने तथा डॉ. यशवंत सिंह परमार स्कॉलरशिप के लिए कॉलेजों तथा स्कूलों में पात्र विद्यार्थियों की पहचान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में राजीव सांख्यान, कार्यकारी अधिकारी एमसी नाहन संजय कुमार, खंड विकास अधिकारी परमजीत सिंह ठाकुर, चेतन चैहान, जिला राजस्व अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील शर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



कल्याणकारी योजनाओं की निगरानी एवं समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सिरमौर।


## गीत-संगीत से ग्रामीणों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध कलाकारों ने सोलन के विभिन्न गांव में सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ कार्यान्वित की जा रही योजनाओं व नशे के दुष्प्रभावों के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया।

पूजा कला मंच बाड़ीधार के कलाकारों द्वारा सोलन विकास खंड की पंचायत पट्टा बरौरी तथा पंचायत हरिपुर के गांव प्राथा खुर्द में गीत-संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक किया। ग्रामीणों को प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाएं, जैसे मक्की और दूध की खरीद पर न्यूनतम समर्थन निर्धारित करना, व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर होता हिमाचल, मनरेगा दिहाड़ी में वृद्धि, विधवा पुनर्विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के बारे में जागरूक किया गया। हिम सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा कुनिहार विकास खंड की पंचायत चाखड़ तथा पारनु में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना के बारे में जागरूक किया। ग्रामीणों को अवगत करवाया कि विधवाओं और एकल नारियों को घर बनाने में सहायता प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना आरंभ की गई है। इस योजना के तहत निर्मित घरों में बिजली, पानी सहित समुचित सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। शिव शक्ति कला मंच के कलाकारों द्वारा विकास खंड कुनिहार की पंचायत जाड़ला तथा मंडेसर में ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया।






# ओलंपिक में योग को शामिल करने की मुहिम उत्तराखंड से चढ़ेगी परवान

## 38वें राष्ट्रीय खेल में योग को शामिल करने के बाद मुहिम तेज होना तय

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

ओलंपिक में योग को शामिल करने की मुहिम अब उत्तराखंड से परवान चढ़ेगी। 38वें राष्ट्रीय खेलों में योग को शामिल करने के दूरगामी परिणाम तय माने जा रहे हैं। उत्तराखंड के लिए यह दोहरी खुशी का मौका है।

पहली बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी की खुशी अपनी जगह है। इसके अलावा, एक खेल के रूप में योग का राष्ट्रीय खेलों में पदार्पण भी उत्तराखंड की ही धरती पर हो रहा है। योग को ओलंपिक खेलों में शामिल कराने के लिए केंद्र सरकार ने एक अभियान छेड़ा हुआ है। कई मंचों पर भारत अपनी इस मांग को प्रभावशाली ढंग से उठा चुका है। केंद्र सरकार प्रयासरत है कि अगले ओलंपिक खेलों में योग को प्रारंभिक तौर पर शामिल कर लिया जाए। इसके बाद, वर्ष-2036 के ओलंपिक खेलों में योग को एक मेडल गेम के रूप में मान्यता मिल जाए। राष्ट्रीय खेलों में योग को हिस्सा बनाने की बातें पहले से होती रही हैं, लेकिन उत्तराखंड में होने जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेल में इसे औपचारिक तौर पर शामिल कर लिया गया है। उत्तराखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. डीके सिंह इसका पूरा श्रेय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को दे रहे हैं। डॉ. सिंह मुख्यमंत्री ने भारतीय ओलंपिक संघ से इसके लिए ठोस पैरवी की। इसके नतीजतन ही योग अब राष्ट्रीय खेलों का हिस्सा है। (अनंत ज्ञान)


फाइल फोटो।

### अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ पर पड़ेगा दबाव

**भारत** की ओर से अभी तक ओलंपिक खेलों में योग को शामिल करने की मांग जरूर की जा रही थी, लेकिन उसके अपने राष्ट्रीय खेलों में ही यह शामिल नहीं था। अब 38वें राष्ट्रीय खेलों में योग के शामिल होने से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ के समक्ष प्रभावपूर्ण पैरवी संभव हो सकेगी।

### दुनिया में लगातार बढ़ रही योग की स्वीकार्यता

**केंद्र** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के काबिज होने के बाद से योग की स्वीकार्यता पूरी दुनिया में बढ़ी है। योग के ब्रांड अंबेसडर बनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग का व्यापक प्रचार-प्रसार किया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रभाव भी बढ़ा है। केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने योग को लेकर एक अलग फेडरेशन का निर्माण किया है। इस फेडरेशन के मार्फत ही योग को ओलंपिक में शामिल करवाने की पैरवी की जा रही है।

### दो व तीन दिन के भीतर डीओसी उत्तराखंड में

**योग** और मलखंब को राष्ट्रीय खेलों में शामिल करने का औपचारिक पत्र उत्तराखंड को प्राप्त हो गया है। शुभंकर समारोह में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने सार्वजनिक तौर पर इसकी जानकारी साझा की थी। उत्तराखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. डीके सिंह के अनुसार-दो-तीन दिन के भीतर इस संबंध में डायरेक्टर ऑफ कंपटीशन (डीओसी) की टीम उत्तराखंड पहुंच रही है। योग की प्रतिस्पर्धा अल्मोडा में करवाई जा रही है, जबकि मलखंब के लिए खटीमा चयनित किया गया है।

### पंजाब नगर निगम चुनाव

# नामांकन रोकने का आरोप, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग को जारी किया नोटिस

**एजेंसी, चंडीगढ़**



पंजाब में नगर निगम और नगर परिषद के होने वाले चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने भारतीय जनता पार्टी, शिरोमणि अकाली दल और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के संभावित उम्मीदवारों द्वारा दायर एक हस्तक्षेप आवेदन में पंजाब राज्य चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। हस्तक्षेप आवेदन में आरोप लगाया गया कि उन्हें नामांकन दाखिल करने से व्यवस्थित रूप से रोका गया था।

आम आदमी पार्टी ने पटियाला में नगर निगम चुनाव के लिए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के 13 दिसंबर के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक विशेष अनुमति याचिका दायर की है। याचिका में आरोप लगाया था कि नामांकन के दौरान पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में उत्पीड़न किया गया। लोगों को नामांकन दाखिल करने से रोक दिया गया। इस मामले से जुड़ी एक याचिका पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट में भी दायर की गई थी। इस याचिका में भी आशंका जाहिर की गई थी कि जिस तरह से पंचायत चुनाव के दौरान गड़बड़ी देखने को मिली थी, वैसे ही नगर निगम के चुनाव में भी गड़बड़ी हो सकती है। इसके बाद हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग को पूरी प्रक्रिया का वीडियोग्राफी करने का निर्देश दिया था।

### आज डाले जाएंगे वोट

**पंजाब** के 5 जिलों में आज नगर निगम चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। इसके लिए चुनाव आयोग की और तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव में सत्ताधारी दल आम आदमी पार्टी के 700 से अधिक उम्मीदवार मैदान में हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बिजली बोर्ड के निजीकरण का उठाया मामला


चंडीगढ़। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने शुक्रवार को चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विपक्ष के नेता एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का स्वागत किया। लक्की ने चंडीगढ़ बिजली विभाग के निजीकरण का मामला उठाया और उन्हें बताया कि चंडीगढ़ कांग्रेस पिछले कई दिनों से जन सरोकार के इस मुद्दे पर आंदोलन कर रही है। राहुल ने पूरे मामले को धैर्यपूर्वक सुना और लक्की से मामले का ब्यौरा उन्हें व्यक्तिगत रूप से भेजने को कहा। राहुल एक निजी समारोह में भाग लेने चंडीगढ़ आए थे।

### दिल्ली भाजपा कार्यालय में लावारिस थैला मिलने से हड़कंप

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के पंडित पंत मार्ग स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालय में शुक्रवार को पुलिस स्टिकर लगा एक लावारिस थैला मिलने से हड़कंप मच गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोपहर में कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार के पास थैला पड़ा हुआ था, जिसके बाद कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा सूचित किए जाने पर पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। अधिकारी ने बताया कि बाद में एक मीडियाकर्मी मौके पर पहुंचा और दावा किया कि पुलिस जांच के बाद पता चला कि थैले से कोई खतरा नहीं है।

### तबला वादक जाकिर हुसैन सुपुर्द-ए-खाक

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** विश्व प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन को वीरवार को सैन फ्रांसिस्को में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। प्रसिद्ध तालवादक ए शिवमणि और अन्य कलाकारों ने तबला वादक को श्रद्धांजलि देने के लिए अपने ड्रमों पर प्रदर्शन किया। दुनिया के सबसे बेहतरीन तबला वादकों में से एक हुसैन का फेफड़ों की बीमारी 'इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस' से उत्पन्न जटिलताओं के कारण सोमवार को सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में निधन हो गया था, वह 73 वर्ष के थे। हुसैन के अंतिम संस्कार में उनके सैकड़ों प्रशंसक उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुए। शिवमणि और कई अन्य संगीतकारों ने उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए थोड़ी दूरी पर ड्रम बजाया। शिवमणि ने कहा, ''ताल ही ईश्वर है, वह (ताल) आप हैं जाकिर भाई।''



### जेके लक्ष्मी सीमेंट बिहार में 500 करोड़ का लगाएगी संयंत्र

**पटना।** जेके समूह की कंपनी जेके लक्ष्मी सीमेंट बिहार के मधुबनी जिले में एक विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी के अध्यक्ष एवं निदेशक अरुण शुक्ला ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भरत हरि सिंघानिया परिवार द्वारा प्रवर्तित इस कंपनी ने अपनी प्रस्तावित विनिर्माण इकाई के लिए राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। शुक्ला ने यहां बिहार बिजनेस कनेक्ट-2024 शिखर सम्मेलन के मौके पर पीटीआई-भाषा से कहा कि हम मधुबनी जिले में 500 करोड़ रुपए के निवेश से एक सीमेंट संयंत्र स्थापित कर रहे हैं।

### कोलकाता में हथियार डीलर गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में दो कथित हथियार डीलर को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से नौ एमएम की दो स्वचालित पिस्तौल और गोला-बारूद जब्त किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बिहार के गया जिला निवासी रहीश कुमार और मीराज मलिक को कोलकाता पुलिस के विशेष कार्य बल ने शहर के दक्षिणी हिस्से में एजेसी बोस रोड स्थित एक गेस्ट हाउस से पकड़ा। उन्होंने बताया कि होटल के कमरे में उनके सामान से नौ एमएम की दो स्वचालित पिस्तौल और 18 गोलियां बरामद की गईं। अधिकारी ने बताया कि शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।



### मेरठ में शिव महापुराण कथा में मची भगदड़

**मेरठ।** शिव महापुराण की कथा के छठे दिन भक्तों की भारी भीड़ के चलते भारी अव्यवस्था उभरी। वीआईपी प्रवेश द्वार पर कमेटी द्वारा जारी किए गए पास लेकर खड़े लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, लेकिन बाउंसरों ने अंदर जगह न होने की बात कह कर जाने से रोका। बैरिकेटिंग पार करते समय कई महिलाएं एक-दूसरे पर गिर गईं, जिस पर हंगामा हो गया। तैनात बाउंसरों ने संभालने का प्रयास किया। इसी बीच महाराज प्रदीप मिश्रा का वाहन आ गया। व्यवस्था बनाने के प्रयास में पुलिस कर्मियों और बाउंसरों ने भीड़ को हटाया तो फिर धक्का-मुक्की हो गई, जिसमें कई महिलाएं गिर गईं और घायल हो गईं। पासधारियों को रोक कर परिचितों को अंदर प्रवेश को लेकर भी श्रद्धालुओं की व्यवस्थापकों से नोंक-झोंक हुई। उधर, इंटरनेट मीडिया पर भगदड़ की सूचना पर जिलाधिकारी दीपक मीणा भी पहुंचे और स्थित का निरीक्षण किया। कहा अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। एसपी सिटी आयुष विक्रम ने कहा कि कोई भगदड़ नहीं हुई है। कथा सामान्य रूप से चल रही है, उधर, मंच से कथा वाचक प्रदीप मिश्रा ने भी हंगामा या भगदड़ की सूचना को नकारा।

### ट्रंप का अंतरराष्ट्रीय छात्रों से अमेरिकी परिसर में लौटने का आग्रह

**कॉनकॉर्ड (अमेरिका)।** अमेरिका के कई कॉलेज और विश्वविद्यालयों को चिंता है कि ट्रंप अपने पहले प्रशासन की तरह यात्रा प्रतिबंध लगा सकते हैं, जिसके कारण वे भावी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने से पहले अंतरराष्ट्रीय छात्रों को अपने परिसर में लौटने की सलाह दे रहे हैं। भले ही ट्रंप की योजनाओं को लेकर अनिश्चितता है, लेकिन एक दर्जन से अधिक स्कूलों ने सलाह जारी की है। कुछ स्कूलों में स्प्रिंग सेमेस्टर ट्रंप के पदभार संभालने से पहले ही शुरू हो जाएगा, इसलिए छात्रों को वैसे भी कक्षा में वापस आना पड़ सकता है। लेकिन उनका कहना है कि जिन लोगों की अमेरिका में रहने की क्षमता शैक्षणिक वीजा पर निर्भर है, उनके लिए अपने जोखिम को कम करना और 20 जनवरी से पहले परिसर में वापस आ जाना सबसे अच्छा है।



# हरियाणा की राजनीति के दिग्गज रहे ओम प्रकाश चौटाला का विवादों से रहा लंबा नाता

**एजेंसी, चंडीगढ़**

ओम प्रकाश चौटाला भारतीय राजनीति में एक कद्दावर शख्सियत और जाट समुदाय के एक प्रमुख नेता थे, लेकिन उनका करियर विवादों से भरा रहा और उन्हें भ्रष्टाचार के मामले में जेल की सजा भी काटनी पड़ी। एक जनवरी, 1935 को जन्मे चौटाला, पांच बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे, शुक्रवार को 89 साल की उम्र में गुरुग्राम में निधन हो गया।



एक प्रभावशाली राजनीतिक परिवार में जन्मे चौटाला पूर्व उपप्रधानमंत्री देवी लाल के सबसे बड़े बेटे थे और अपने पिता द्वारा स्थापित पार्टी इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रमुख थे। चौटाला के पिता भारतीय राजनीति में एक कद्दावर हस्ती थे। देवीलाल उपप्रधानमंत्री रहने के अलावा हरियाणा के मुख्यमंत्री भी रहे थे और उन्हें किसानों का मसीहा कहा जाता था। हालांकि, चौटाला कभी भी अपने पिता की बराबरी नहीं कर सके, लेकिन वह कम शिक्षित होने के बावजूद अपनी जबरदस्त राजनीतिक सूझबूझ और हाजिरजवाबी के लिए जाने जाते थे। चौटाला पांच बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे, हालांकि 1999 से 2005 के बीच ही उन्होंने अपना पूरा कार्यकाल पूरा किया। इस बीच, 1989 से जुलाई 1999 तक, वह बीच-बीच में मुख्यमंत्री रहे। वर्ष 1989 में जब देवीलाल जनता दल सरकार में उपप्रधानमंत्री बने, तो चौटाला मुख्यमंत्री बने।

# यात्रा पंजीकरण की व्यवस्था की जाए मजबूत : धामी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में अब स्थापना सुविधाओं के विकास के दृष्टिगत इनकी धारण क्षमता बढ़ाने की दिशा में प्रयास किए जाएं।

उत्तराखंड की आगामी चारधाम यात्रा के सफल संचालन और सुगम बनाने के लिए अभी से पूरी तैयारियां की जाएं। चारधाम यात्रा की सभी व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए यात्रा प्राधिकरण बनाने के लिए सभी प्रक्रियाएं 30 जनवरी तक पूर्ण की जाएं। 15 जनवरी तक चारों धामों के तीर्थ पुरोहितों और हितधारकों के साथ बैठक कर उनके सुझाव लिए जाएं। तीर्थ पुरोहितों और स्टेक होल्डरों से सुझाव लेकर यात्रा प्रबंधन के लिए जो अच्छा हो सकता है, वह किया जाए। सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का बेहतर इस्तेमाल करते हुए यात्रा पंजीकरण की व्यवस्था मजबूत की जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। सीएम ने कहा कि उत्तराखंड के इन चारों धामों की यात्रा राज्य के मान और सम्मान से जुड़ी यात्रा है। आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत यात्रियों को हर प्रकार की सुविधा, यातायात प्रबंधन, अवस्थापना सुविधाओं के विकास के दृष्टिगत धामों की धारण क्षमता, यात्रा मार्गों पर विभिन्न व्यवस्थाओं और अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए अभी से पूरी तैयारियां की जाएं। गत वर्ष चारधाम यात्रा में अत्यधिक श्रद्धालुओं का आगमन हुआ था। इसके बेहतर के लिए भी अभी से पूरी योजना बनाकर कार्य किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि चारधाम यात्रा मार्गों पर जिन स्थानों पर वाहनों को रोकने की व्यवस्था हो, उन स्थानों पर पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही होटल, पेयजल, शौचालय, स्वच्छता और अन्य सभी मूलभूत आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखा जाए। चारों धामों के आसपास के पौराणिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

## देश-विदेश

# अंबेडकर का सम्मान न करने वाली भाजपा और अन्य पार्टियां एक ही थैले के चट्टे-बट्टे: मायावती

**एजेंसी, लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को भाजपा और विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये सभी 'बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर का निरादर करने के मामले में एक ही थैले के चट्टे-बट्टे हैं'।



मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, ''भाजपा के अमित शाह द्वारा संसद में दलित एवं अन्य उपेक्षित वर्गों के मसीहा परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में जिन शब्दों का इस्तेमाल किया गया है, उससे इन वर्गों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। ऐसे में उन शब्दों को वापस लेकर इनको पश्चाताप भी जरूर करना चाहिए।''

उनका यह बयान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा इस सप्ताह की शुरुआत में राज्यसभा में अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों के बीच चल रही खींचतान के बीच आया है।

उन्होंने कहा कि इस बात से इनकार करना असंभव है कि कांग्रेस, भाजपा एवं इनके सहयोगी दलों का चाल, चरित्र व चेहरा बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर व उनके करोड़ों दलित-पिछड़े, शोषित-पीड़ित अनुयायियों के हितों और कल्याण के प्रति हमेशा संकीर्ण एवं जातिवादी रहा है और यही वजह है कि इन समुदायों के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक हालात लगातार बदतर हुए हैं।

### मध्य प्रदेश : संसद में हंगामे के बाद विधानसभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को भाजपा और कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के बीच सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। संसद में डॉ. बीआर अंबेडकर के कथित अपमान को लेकर कांग्रेस और राजग के सांसदों के बीच टकराव को लेकर विधानसभा में सत्तारूढ़ और विपक्षी सदस्य हंगामा कर रहे थे। शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सूचीबद्ध कार्य पूरे करने के बाद सदन की कार्यवाही पारंपरिक राष्ट्रगान के बिना स्थगित कर दी गई। भाजपा के वरिष्ठ विधायक और पूर्व अध्यक्ष सीताशरण शर्मा ने संसद परिसर में हाथापाई के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'अनुचित व्यवहार' का मुद्दा उठाया, जिसके बाद कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों के सदस्यों ने हंगामा किया।

# भारत ने उठाया यूरोपीय संघ के समक्ष व्यापार बाधाओं का मुद्दा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने यूरोपीय संघ (ईयू) के बाजारों में घरेलू उद्योग के समक्ष पेश हो रही बाधाओं को रेखांकित कर इन्हें हल करने का आग्रह किया है। शुक्रवार को आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक ने वीरवार रात ऑनलाइन बातचीत की। इस दौरान दोनों देशों के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति के अलावा इस मुद्दे पर भी चर्चा हुई।



वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, ''मंत्री गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि गैर-शुल्क बाधाएं व्यापार में अवरोध हैं। साथ ही विश्वास बहाली के उपाय के रूप में लंबे समय से लंबित मुद्दों को सुलझाने की आवश्यकता पर जोर दिया।'' इसमें कहा गया, दोनों पक्ष संतुलित, न्यायसंगत, महत्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए की संभावना तलाशने पर सहमति हुए।

मंत्रालय ने कहा, नौ दौर की गहन वार्ता के बाद एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) चर्चाओं में वाणिज्यिक रूप से महत्वपूर्ण और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को संपन्न करने के लिए रणनीतिक राजनीतिक मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इसमें प्रत्येक पक्ष की संवेदनशीलताओं पर उचित विचार किया जाएगा।

# विश्व बैंक ने अमरावती में निर्माण कार्य के लिए 80 करोड़ डॉलर के ऋण को दी मंजूरी

**एजेंसी, अमरावती**




विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती के निर्माण के लिए 80 करोड़ डॉलर के अमरावती एकीकृत शहरी विकास कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। विश्व बैंक ने शुक्रवार को जारी बयान में यह जानकारी दी। ब्रेटन वुड्स संस्थान के कार्यकारी निदेशक मंडल की वीरवार को अमेरिका के वाशिंगटन में हुई बैठक में ऋण को मंजूरी दी गई।

बयान के अनुसार, 'विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने कल 80 करोड़ डॉलर के अमरावती एकीकृत शहरी विकास कार्यक्रम को मंजूरी दे दी। इसका उद्देश्य शहर को आंध्र प्रदेश में एक सुव्यवस्थित, जलवायु-अनुकूल विकास केंद्र के रूप में स्थापित करना है, जो रोजगार पैदा करेगा और इसके वर्तमान और भविष्य के निवासियों, विशेष रूप से सबसे कमजोर लोगों के जीवन में सुधार करेगा।'

विश्व बैंक के अनुसार, भारत सरकार ने अमरावती को एक आर्थिक केंद्र और आंध्र प्रदेश की राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए 80 करोड़ डॉलर के ऋण का अनुरोध किया था।

# पाकिस्तानी मिसाइल प्रोग्राम हमारे लिए खतरा : अमेरिका

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (डिप्टी एनएसए) जॉन फाइनर ने कहा है कि पाकिस्तान के एडवांस मिसाइल प्रोग्राम, यानी लंबी दूरी तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों के प्रोग्राम से अमेरिका को भी खतरा है। फाइनर ने बताया कि पाकिस्तान ने इससे जुड़ी तकनीक हासिल कर ली है। इस तकनीक से बनी मिसाइलें एशियाई देशों के अलावा अमेरिका तक हमला कर सकती हैं। फाइनर ने कहा कि इससे पाकिस्तान के इरादों पर सवाल खड़ा होता है। हालांकि, पाकिस्तान ने ऐसी मिसाइलें बना ली हैं या नहीं, अभी यह साफ नहीं है। जॉन फाइनर वाशिंगटन स्थित एक थिंक टैंक कार्नेजी एंडोवमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस में भाषण देने पहुंचे थे।



फाइनर ने कहा कि पाकिस्तान अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा बनता दिखाई दे रहा है। फाइनर के मुताबिक ऐसे सिर्फ तीन ही देश हैं जिनके पास परमाणु हथियार और अमेरिका तक मिसाइल हमला करने की क्षमता है। इनमें रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया शामिल हैं। ये तीनों ही देश अमेरिका के विरोधी हैं। ऐसे में पाकिस्तान के ये कदम अमेरिका के लिए एक नई चुनौती बनते जा रहे हैं।

# 'भारत जोड़ो यात्रा' के बारे में फडणवीस के आरोप केंद्र सरकार की विफलता को दर्शाते हैं : आदित्य

**एजेंसी, नागपुर**

शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' के बारे में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आरोपों से पता चलता है कि केंद्र सरकार को देश में सक्रिय आतंकवादियों के बारे में जानकारी नहीं है। फडणवीस ने वीरवार को आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र की कांग्रेस-राकांपा सरकार और केंद्र की मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 'अर्बन नक्सलियों' के मुखौटा संगठन घोषित किए गए कुछ संगठनों ने भारत जोड़ो यात्रा में भाग लिया था।



ठाकरे ने विधान भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के बारे में फडणवीस का यह दावा दर्शाता है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय को देश में आतंकवादियों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि वह (फडणवीस) कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) या किसी अन्य संगठन या फिर भारत जोड़ो यात्रा के खिलाफ आरोप नहीं लगा रहे थे। वह केवल यह कहना चाहते थे कि केंद्रीय गृह मंत्रालय पिछले 10 साल (केंद्र में) या फिर अढ़ाई साल (महाराष्ट्र में) में विफल रहा है।

## मार्केट

### सेंसेक्स 1,176 अंक टूटा, निफ्टी 23,587.50 पर हुआ बंद

# बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार पांचवें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा और भारी बिकवाली के असर में दोनों मानक सूचकांक करीब 1.5 प्रतिशत तक टूट गए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख के बाद वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की चाह के चलते कारोबारी धारणा कमजोर बनी हुई है।



बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,176.46 अंक यानी 1.49 प्रतिशत गिरकर 78,041.59 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,343.46 अंक फिसलकर 77,874.59 पर आ गया था। इसी तरह एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 364.20 अंक यानी 1.52 प्रतिशत गिरकर 23,587.50 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की प्रमुख कंपनियों में से टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई।

दूसरी तरफ, जेएसडब्ल्यू स्टील, नेस्ले और टाइटन के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हेंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए।

# निशानेबाजी : मनु भाकर की ओलंपिक सफलता 2024 में निर्णायक लम्हा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अगर कभी इस बात के सबूत की जरूरत थी कि मनु भाकर में विलक्षण प्रतिभा है तो उन्होंने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर इसे साबित कर दिया। उन्होंने 2024 में इतिहास रचा जब निशानेबाजी में सफलता के साथ-साथ मामूली अंतर से पदक चूकना भी शामिल रहा।

मनु ने पेरिस ओलंपिक में पहले 10 मीटर एयर पिस्टल में पोडियम पर जगह बनाई और फिर सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर मिश्रित टीम में दूसरा कांस्य पदक जीता। इस तरह वह खेलों के इस महाकुंभ के एक ही सत्र में दो पदक जीतने वाली भारत की पहली खिलाड़ी बन गईं।

पेरिस में भारत रिकॉर्ड 21 निशानेबाजों के साथ उतरा और इस खेल में ओलंपिक पदक के लगभग एक दशक से चले आ रहे सूखे को आखिरकार समाप्त कर दिया। भारत ने पेरिस खेलों में तीन कांस्य पदक जीते जिसमें मध्य रेलवे के टीटीई स्वप्निल कुसाले का 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन का पदक भी शामिल है। मनु ने तीन साल पहले तोक्यो खेलों की निराशा को दूर किया जहां पिस्टल में आई खराबी ने उनकी उम्मीदों को खत्म कर दिया था।

मनु ने पेरिस के बाहरी इलाके में स्थित शेटराउ रेंज में पूरे आत्मविश्वास के साथ कदम रखा और एक चैंपियन की तरह प्रदर्शन करते हुए देश के पदक के सूखे को समाप्त किया। इस सफलता से चैंपियन और उनके कोच जसपाल राणा की भावनाओं का उफान देखने को मिला, जिन्हें यह गौरव हासिल करने के लिए लगभग दो साल तक संघर्ष और कठिनाइयों से गुजरना पड़ा।


मनु भाकर

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) के कारण निशानेबाजी रेंज छोड़ने के लिए कहे जाने से लेकर दर्शक दीर्घा से अपनी शिष्या को कोचिंग देने के लिए मजबूर होने तक जसपाल को तीखे कटाक्ष और अपमान सहना पड़ा जिसने एक तरह से दोनों को पेरिस में चुनौती का सामना करने के लिए प्रेरित किया। चैंपियन मनु ने अपनी पेरिस सफलता का सारांश यह कहकर दिया कि जसपाल उनके लिए पिता समान हैं, जिन्होंने उन्हें उस समय बहुत हिम्मत दी जब भी वह खुद के बारे में अनिश्चित महसूस करती थीं। टोक्यो ओलंपिक से पहले गलतफहमी के कारण दोनों के बीच अलगाव हो गया था, जिसके बाद से यह रिश्ता काफी आगे बढ़ चुका है और अब जबकि 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक आने वाले हैं तो इसका मतलब मनु के लिए और अधिक सफलता ही हो सकता है।

सरबजोत ने भी चोटों के कारण पिछले साल छह महीने से अधिक समय तक खेल से दूर रहने के बाद शानदार सफलता हासिल की। अंबाला के इस युवा निशानेबाज के करियर में एक ऐसा दौर भी आया जब वे अपनी पिस्टल भी नहीं उठा पाते थे, प्रतियोगिता में 60 बार इसे दोहराना तो दूर की बात है, लेकिन सावधानीपूर्वक योजना और रिहैबिलिटेशन ने उन्हें पिछले साल मार्च में करियर के लिए खतरा बनी चोट से उबरने में मदद की और मनु के साथ मिलकर वह कांस्य पदक विजेता बने।

स्वप्निल के लिए यह अपनी कोच दीपाली देशपांडे के सपने को साकार करना था। यह पूर्व निशानेबाज उस समय भावुक हो गईं जब उनके शिष्य ने ओलंपिक में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में पहला पदक जीता।

एक समय राष्ट्रीय टीम का हिस्सा रहीं दीपाली टोक्यो ओलंपिक में भारतीय निशानेबाजों के खराब प्रदर्शन के लिए बलि का बकरा बनीं थीं, लेकिन स्वप्निल ने उन पर भरोसा बनाए रखा और एक बार फिर सफलता हासिल करने में व्यक्तिगत कोचों के महत्व को देखते हुए इस अनुभवी खिलाड़ी को नियुक्त किया।

### कुछ निशानेबाजों ने किया निराश

मनु, सरबजोत और स्वप्निल ने जहां ओलंपिक पदक जीतकर सुर्खियां बटोरीं तो वहीं राइफल निशानेबाज अर्जुन बाबूता और शॉटगन विशेषज्ञ माहेश्वरी चौहान और अनंत जीत सिंह नरुका जैसे निशानेबाजों को निराशा हाथ लगी क्योंकि वे पेरिस में चौथे स्थान पर रहे। इन्होंने हालांकि शानदार भविष्य की उम्मीद जगाई। बबूता पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीतने से चूक गए जबकि माहेश्वरी और नरुका की मिश्रित स्कीट टीम ने कड़े मुकाबले में चीन को पदक गंवा दिया। मनु भी ऐतिहासिक हैट्रिक बनाने से चूक गईं। उन्होंने शानदार प्रदर्शन के बाद महिलाओं की 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल स्पर्धा में चौथा स्थान प्राप्त किया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में चयन संबंधी मुद्दों पर विवाद रहा क्योंकि राष्ट्रीय महासंघ के ओलंपिक चयन ट्रायल मुकदमेबाजी और शीर्ष निशानेबाजों के बीच असंतोष के केंद्र में थे। अदालत में याचिका में ओलंपिक चयन ट्रायल के मानदंडों पर सवाल उठाया गया जिसमें प्रत्येक श्रेणी में केवल पांच निशानेबाजों को अनुमति दी गई थी। देश के लिए कोटा स्थान हासिल करने वाले कई निशानेबाज ओलंपिक चयन ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्होंने महासंघ से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा।

## स्पोर्ट्स विंडो

### युवा सैम कोंस्टास बॉक्सिंग-डे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में

**मेलबोर्न।** युवा सैम कोंस्टास को भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी दो मैचों के लिए शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया जबकि सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी को जगह नहीं मिल सकी है। 19 वर्ष के कोंस्टास पिछले 70 साल में आस्ट्रेलिया के सबसे युवा टेस्ट बल्लेबाज होंगे। पहले तीन टेस्ट में आस्ट्रेलिया के शीर्षक्रम खासकर मैकस्वीनी के खराब प्रदर्शन के बाद कोंस्टास को टीम में जगह मिली। पर्थ में पहले टेस्ट में पदार्पण करने वाले 25 वर्ष के मैकस्वीनी एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके और छह पारियों में 10, 0, 39, नाबाद 10, नौ और चार स्कोर किया। वहीं कोंस्टास ने न्यू साउथवेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड के दो मैचों में शतक जमाया। भारत-ए के खिलाफ एमसीजी पर मैच में उन्होंने नाबाद 73 रन बनाए जबकि कैनबरा में भारत के खिलाफ प्रधानमंत्री एकादश के लिए गुलाबी गेंद के मैच में 107 रन की पारी खेली।



**चौथे-पांचवें टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम**

पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबोट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, झाय रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

### फर्लिंग ने 17 साल में डेब्यू किया था

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की होली फर्लिंग सबसे खूबसूरत महिला क्रिकेटरों में से एक हैं, जिन्होंने 2013 में मात्र 17 साल की उम्र में अपना डेब्यू किया था। वर्तमान में, वह ऑस्ट्रेलियाई घरेलू क्रिकेट में क्वींसलैंड क्रिकेट और ब्रिसबेन हीट के लिए खेलती हैं।



### शाह-शेलार के विकल्प का चुनाव 12 को बीसीसीआई एसजीएम में

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई की आमसभा की विशेष बैठक 12 जनवरी को मुंबई में होगी, जिसमें जय शाह और आशीष शेलार की जगह नए सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव होगा। बीसीसीआई का संविधान कहता है कि किसी भी रिक्त पद पर एसजीएम बुलाकर 45 दिन के भीतर नियुक्ति होनी चाहिए। बीसीसीआई की आगामी एसजीएम समय सीमा के 43 दिन के भीतर होगी। शाह एक दिसंबर को आईसीसी के सबसे युवा चेयरमैन बने जबकि भाजपा के नेता शेलार को महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया है।

### चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर गतिरोध खत्म होने से पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर खुश

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों ने राहत जताई है कि आखिरकार चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर भारत के साथ गतिरोध खत्म करने में आईसीसी कामयाब रहा है, जिसके तहत भारतीय टीम अपने सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी। बदले में पाकिस्तानी टीम भी 2027 के मौजूदा चक्र में भारत में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंटों के अपने सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी। महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने कहा, ''मुझे लगता है कि पीसीबी ने समझदारी दिखाई है और अलग-थलग पड़ने की बजाय समाधान को चुना। इसमें पीसीबी को बीसीसीआई से ज्यादा फायदा हुआ है।'' उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान लंबे समय बाद बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। हमने साफ संदेश दे दिया है कि अगर आप हमारे देश में खेलने नहीं आते तो हम भी भारत में खेलने नहीं जाएंगे।' यह व्यवस्था चैंपियंस ट्रॉफी 2025 (पाकिस्तान), अगले साल भारत में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप और भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी-20 विश्व कप में लागू रहेगी। भारत ने सुरक्षा कारणों से फरवरी मार्च में पाकिस्तान में होने वाले टूर्नामेंट के लिए जाने से इनकार कर दिया था। भारत ने 2008 में मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान में नहीं खेला है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम बारी ने कहा, ''मैं तो इतना ही कह सकता हूं कि उनके खिलाड़ियों और प्रशंसकों का यहां आने पर जबर्दस्त इस्तकबाल होता।''



# आयुषी के चार विकेट से भारत अंडर-19 महिला टी-20 एशिया कप के फाइनल में

## श्रीलंका को सेमीफाइनल में चार विकेट से दी पटकनी

**एजेंसी, सिंगापुर**

भारत ने अंडर-19 महिला टी-20 एशिया कप में अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए श्रीलंका को चार विकेट से हराकर शुक्रवार को फाइनल में प्रवेश कर लिया।

आयुषी शुक्ला ने भारत के लिए चार ओवर में दस रन देकर चार विकेट लिए। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम को नौ विकेट पर 98 रन पर रोक दिया। पारूणिका सिसोदिया ने दो विकेट लिए। श्रीलंका के लिए सिर्फ सुमुदु निसांसाला (21) और कप्तान मानुदी एन (33) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकी। भारत की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज ईश्वरी असवारे तीसरी ही गेंद पर आउट हो गई, लेकिन जी कमलिनी (28) और जी त्रिशा (32) ने टीम को जीत तक पहुंचाया।

भारत ने पहले मैच में पाकिस्तान को नौ विकेट से हराया था। इसके बाद बांग्लादेश और श्रीलंका को मात दी जबकि नेपाल के खिलाफ मैच बेनतीजा रहा।


श्रीलंका के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में विकेट लेने के बाद खुशी मनाती भारत ने महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम।

# ज्योशना ने एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता



**एजेंसी, दोहा**

भारत की ज्योशना सबर ने शुक्रवार को यहां एशियाई युवा भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 40 किग्रा भार वर्ग में कुल वजन वर्ग में नए युवा एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

**ज्योशना ने 40 किग्रा वर्ग में 135 किग्रा (60 किग्रा स्नैच + 75 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया**

ज्योशना ने लड़कियों के 40 किग्रा वर्ग में 135 किग्रा (60 किग्रा स्नैच + 75 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया। पायल ने लड़कियों के 45 किग्रा वर्ग में कुल 155 किग्रा (70 स्नैच + 85 क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता।

पायल नाम की एक भारतीय खिलाड़ी ने लड़कियों के 45 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने कुल 155 (70 स्नैच + 85 क्लीन एवं जर्क) वजन उठाया।

लड़कों के 49 किग्रा वजन वर्ग में बाबूलाल हेम्ब्रोम ने कुल 197 (88 स्नैच + 109 क्लीन एवं जक) वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। शुक्रवार को चैंपियनशिप का पहला दिन था।

# भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे में आक्रामक रवैया अपनाना होगा : रिचा घोष

**एजेंसी, नवी मुंबई**

विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ने टी-20 सीरीज में जीत के बाद भारतीय महिला टीम से आत्ममुग्धता से बचने का आग्रह करते हुए तीन मैचों की आगामी वनडे सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाने का आग्रह किया।

घोष ने विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए सिर्फ 18 गेंदों में अर्धशतक जमाया, जिसकी मदद से भारत ने गुरुवार को तीसरे टी-20 मैच में 217 रन बनाए। उन्होंने सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड में न्यूजीलैंड की सोफी डेवाइन और आस्ट्रेलिया की फीबी लिचफील्ड की बराबरी कर ली।


रिचा घोष

सीरीज 2-1 से जीतने के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा,'' हम इस लय को वनडे में बरकरार रखना चाहेंगे। हमें आक्रामक रवैया अपनाना होगा। यह नया मैदान है और हम पहले हालात का आकलन करके रणनीति बनाएंगे।'' उन्होंने कहा कि वह हमेशा से आक्रामक बल्लेबाज रही हैं। उन्होंने कहा,'' मैं हर मैच में आक्रामक बल्लेबाजी ही करना चाहती हूं। यह अभ्यास सत्र से आता है क्योंकि अभ्यास सत्र में अच्छा करने पर मैच में उसे दोहराना आसान हो जाता है। मैंने ऐसे ही तैयारी की है और इससे मुझे मदद मिलती है।'

उन्होंने कहा,''मैं हमेशा से पावर हिटर रही हूं। मैने अपने पिता को भी ऐसे खेलते देखा है। मैने अपनी फिटनेस पर काफी मेहनत की है। इसके अलावा महिला प्रीमियर लीग और महिला बिग बैश लीग में खेलने का काफी फायदा मिला। मैने सोफी डेवाइन, डिएंड्रा डोटिन और हैरी दी (हरमनप्रीत कौर) से इस पर काफी बात की है।''

### फारूकी पर अंपायर के फैसले का विरोध करने के लिए लगा जुर्माना

**दुबई।** अफगानिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी पर हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के दूसरे वनडे के दौरान अंपायर के फैसले का विरोध करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।



फारूकी पर आईसीसी की आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया।

यह उल्लंघन खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के अंतर्गत आता है जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से संबंधित है।

यह घटना गुरुवार को जिम्बाब्वे की पारी के पांचवें ओवर में हुई जब फारूकी की क्रेग इरविन के खिलाफ पगबाधा की अपील को ठुकरा दिया गया और उन्होंने इसका विरोध किया।

# विजय हजारे ट्रॉफी में रहेगी भारतीय सितारों पर निगाहें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत को आठ हफ्ते से भी कम समय में चैंपियंस ट्रॉफी खेलनी है और शनिवार से देशभर में शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी के लिए आगामी राष्ट्रीय एक दिवसीय चैंपियनशिप के दौरान एक बेहतरीन कलाई के स्पिनर, ऋषभ पंत का साथ देने के लिए दूसरे विकेटकीपर और मुख्य तेज गेंदबाजों की फॉर्म पर सबकी नजरें लगी होंगी।



हालांकि 50 ओवर की टीम के मुख्य खिलाड़ी अभी ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेल रहे हैं, लेकिन राष्ट्रीय प्रतियोगिता का अपना महत्व है क्योंकि बड़ौदा के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या जैसे कुछ सितारों को इसमें खेल का महत्वपूर्ण समय मिलेगा। पंजाब के अर्शदीप सिंह, मध्य प्रदेश के आवेश खान, राजस्थान के खलील अहमद, बंगाल के मुकेश कुमार, उत्तर प्रदेश के यश दयाल भी गेंदबाजी समूह में शामिल होना चाहेंगे, जिसकी कमान अगर सब कुछ ठीक रहा तो उम्मीद है कि जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। कुलदीप यादव का 'ग्रोइन' चोट के कारण एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में लंबे समय तक 'रिहैबिलिटेशन' में रहना चयन समिति को अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर के साथ एक अच्छे विकल्प की तलाश करने के लिए मजबूर कर सकता है।

चक्रवर्ती और गुजरात के रवि बिश्नोई दो कलाई के स्पिनर हैं, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। बिश्नोई ने 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना एकमात्र वनडे खेला था और कुलदीप की अनुपस्थिति ने उन्हें 50 ओवर की टीम में दावा पेश करने का मौका दिया है।

चक्रवर्ती ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरी वापसी में अपने पिछले सात टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 17 विकेट लिए हैं जिनमें से 12 विकेट दक्षिण अफ्रीका में बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों में चटकाए हैं। वरुण चक्रवर्ती के शनिवार को विशाखापत्तनम में चंडीगढ़ के खिलाफ मुकाबले में शुरूआत करने की उम्मीद है। हालांकि उन्होंने केवल 17 लिस्ट-ए मैच खेले हैं लेकिन 4.25 के इकॉनमी रेट से 41 विकेट लेना सराहनीय हैं।

## क्रिकेट

## सेमीफाइनल मुकाबले 22 दिसंबर को ऊना में खेले जाएंगे, फाइनल 25 को

# इनकम टैक्स इलेवन को हराकर किंग्स सीए इलेवन सेमीफाइनल में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आईसीएआई हिमाचल प्रदेश ब्रांच के तत्वावधान में आयोजित टैक्सेशन एंड फाइनेंस प्रीमियर क्रिकेट लीग 2024 में सीए 11, एसबीआई 11, जीएसटी सेंट्रल जोन मंडी और जीएसटी नॉर्थ जोन कांगड़ा की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं।

सुंदरनगर में खेले गए लीग मैचों में एसबीआई इलेवन ने सीए लायन इलेवन और किंग्स सीए इलेवन ने इनकम टैक्स इलेवन को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। सेमीफाइनल मुकाबले 22 दिसंबर को ऊना में खेले जाएंगे।

हिमाचल प्रदेश ब्रांच के अध्यक्ष नरेश वशिष्ठ ने बताया कि यह टूर्नामेंट 14 दिसंबर से शुरू हुआ है और इसका समापन 25 दिसंबर को ऊना में फाइनल मैच के साथ होगा।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पेशेवरों और अधिकारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, जीएसटी डिपार्टमेंट, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, और बैंकिंग सेक्टर के बीच ऑनलाइन और फेसलेस कार्य प्रणाली के कारण उत्पन्न दूरी को कम करना है।



हिमाचल प्रदेश में पहली बार आयोजित इस लीग में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, जीएसटी डिपार्टमेंट के अधिकारी और पूरे प्रदेश के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया। लीग मैच सुंदरनगर में आयोजित हुए, जबकि सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले ऊना में खेले जायेंगे। वशिष्ठ ने यह भी बताया कि यह आयोजन, हिमाचल प्रदेश सीए ब्रांच द्वारा सदस्यों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और व्यक्तिगत जुड़ाव बढ़ाने के लिए आयोजित विभिन्न खेल गतिविधियों की कड़ी का हिस्सा है।

क्रिकेट जैसे आयोजन न केवल पेशेवर और व्यक्तिगत संबंधों को मजबूत करते हैं, बल्कि टीम वर्क और खेल भावना को भी बढ़ावा देते हैं। आईसीएआई हिमाचल प्रदेश ब्रांच इस आयोजन में भाग लेने वाली सभी टीमों, खिलाड़ियों और समर्थकों का आभार व्यक्त करती है।

### श्रीलंका क्रिकेट ने संविधान में किया संशोधन

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने आम सभा की बैठक में अपने संविधान में संशोधन करते हुए वोटिंग क्लबों की संख्या 147 से घटाकर 60 कर दी है।

एसएलसी ने यह कदम देश की सबसे बड़ी धनवान खेल संस्था पर नियंत्रण करने के लिए बड़े व्यवसायियों द्वारा वोट खरीदने और हेरफ़ेर के आरोपों से निपटने के लिए उठाया।

अतीत में वोट खरीदने और हेरफेर के मामले सामने आते रहे हैं। इसमें 1998 की आम सभा की बैठक में दो गुटों के बीच हाथापाई का मामला भी शामिल है।

एसएलसी ने कहा, ''नई वोटिंग संरचना यह सुनिश्चित करती है कि वोटिंग का अधिकार पूरी तरह से प्रत्येक सदस्य क्लब द्वारा खेले गए ि, केट के स्तर के आधार पर निर्धारित किया जाता है, जिसमें सभी योग्य क्लब और एसोसिएशन केवल एक वोट के हकदार हैं।''